महानगर नई दिल्ली बुधवार 14 अगस्त, 2019, रु. 5.00 (24 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

जम्मू-कश्मीर के परिसीमन की कवायद शुरू

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर के परिसीमन की कवायद शुरू कर दी है। मंगलवार को चुनाव आयोग ने इस मामले पर पहली बैठक बुलाई। आयोग ने राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी से नए परिसीमन को लेकर जानकारी मांगी है। गृह मंत्रालय के औपचारिक अनुरोध के बाद चुनाव आयोग परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करेगा।

चुनाव आयोग की मंगलवार की बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य आयुक्तों को प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया की जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश होने के साथ विधानसभा भी बनेगा। चुनाव आयोग की इस बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा, दोनों चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। परिसीमन के लिए चुनाव आयोग केंद्र सरकार के साथ मिलकर परिसीमन आयोग का गठन करेगा। इसके अलावा चुनाव आयोग राजनीतिक पार्टियों, स्थानीय लोगों से राय लेकर रिपोर्ट तैयार करेगा, जो बाद बाकी पेज 8 पर

चुनाव आयोग में उच्च स्तरीय बैठक, राज्य चुनाव अधिकारी से रिपोर्ट मांगी

107 से बढ़ाकर 114 की जाएगी जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन कानून की धारा-60 के तहत जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा सीटों की संख्या।

नए परिसीमन से लद्दाख की चार सीटें हट जाएंगी क्योंकि वहां पर विधानसभा नही रहेगी। जम्मू में अभी 37 और कश्मीर में 46 विधानसभा सीटें हैं।

111 सीटें हैं अभी जम्मू-कश्मीर में, जिनमें से 87 जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की हैं। बाकी 24 पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सरकार को पूरा समय मिलना चाहिए

जम्मू-कश्मीर में पाबंदी पर दखल से इनकार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली 13 अगस्त।

जम्मू-कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को रद्द करने के बाद राज्य में लगाए गए सभी प्रतिबंधों को तत्काल हटाने का केंद्र और राज्य सरकार को निर्देश देने से मंगलवार को इनकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वहां की स्थिति बहुत ही संवेदनशील है। अदालत ने कहा कि हालात सामान्य करने के लिए सरकार को समुचित समय दिया जाना चाहिए और उसे भी यह सुनिश्चित करना होगा कि राज्य में किसी की जान नहीं जाए। इसके साथ ही अदालत ने इस मामले में दायर याचिका दो हफ्ते बाद सूचीबद्ध करने का आदेश दे दिया।

न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा, न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी के खंडपीठ कांग्रेस कार्यकर्ता तहसीन पूनावाला की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इस याचिका में अनुच्छेद 370 के प्रावधान रद्द करने के बाद जम्मू कश्मीर में पाबंदियां लगाने और कठोर उपाय करने के केंद्र के निर्णय को चुनौती दी गई है। केंद्र की ओर से अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने पीठ से कहा कि इस क्षेत्र की स्थिति की रोजाना समीक्षा की जा रही है और अलग-अलग जिलाधिकारियों से रिपोर्ट प्राप्त की जा रही है और इसी के अनुसार ढील दी जा रही है। अटार्नी जनरल ने कहा - हमें यह सुनिश्चित बाकी पेज 8 पर

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हालात सामान्य करने के लिए सरकार को समुचित समय दिया जाना चाहिए और उसे भी यह सुनिश्चित करना होगा कि राज्य में किसी की जान नहीं जाए। *केंद्र* की ओर से अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने पीठ से कहा कि इस क्षेत्र की स्थिति की रोजाना समीक्षा की जा रही है और अलग-अलग जिलाधिकारियों से रिपोर्ट प्राप्त की जा रही है और इसी के अनुसार ढील दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में पिछले सोमवार से प्रतिबंध लगाए जाने के बाद से एक भी मौत नहीं हुई है।

पाबंदियों में और ढील की उम्मीद : कंसल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोहों के लिए विभिन्न जिलों में चल रहे पूर्वाभ्यास के पूरा होने के बाद पाबंदियों में आगे और ढील दिए जाने की उम्मीद है। हालांकि, कश्मीर के कई हिस्सों में पाबंदियां जारी हैं। राज्य के प्रधान सचिव रोहित कंसल के मुताबिक, कश्मीर के कई हिस्सों में निषेधाज्ञा में ढील दी गई है। -विस्तृत खबर पेज 8 पर

12-14 अक्तूबर को पहला निवेशक सम्मेलन

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

जम्मू-कश्मीर में अब वहां निवेश को बढ़ावा देने की योजनाओं पर सरकार काम कर रही है। इस राज्य में पहले निवेशक सम्मेलन के आयोजन की योजना बनाई गई है। जम्मू-कश्मीर के प्रधान सचिव (वाणिज्य एवं उद्योग) एनके चौधरी के मुताबिक, निवेशक सम्मेलन का अयोजन 12 से 14 अक्तूबर के बीच होगा। -विस्तृत खबर पेज 8 पर

वीडियो में मलीहा से कहा 'आप चोर हैं'

न्यूयार्क, 13 अगस्त (भाषा)।

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की स्थायी प्रतिनिधि मलीहा लोदी को कथित वीडियो में पाकिस्तानी होने का दावा करने वाले व्यक्ति काफी खरी-खोटी सुनाते हुए दिखाई दे रहा है।

ऑनलाइन वायरल हुए वीडियो में मलीहा मीडिया के साथ एक संवाद के दौरान इस व्यक्ति के सवालों से बचती नजर आ रही हैं। जब मलीहा कार्यक्रम से जाने लगीं तब यह व्यक्ति उन्हें रोकते हुए चिल्लाया 'पिछले 15-20 वर्षों से आप क्या कर रही हैं?' इसके बाद वह और जोर से चीखा 'मेरे पास आपके लिए एक सवाल है।' जब उसे वहां मौजूद लोगों बाकी पेज 8 पर

ट्रंप और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी पल्ला झाड़ा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

कश्मीर पर मध्यस्थता का बयान देकर विवाद खड़ा करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि अब वे मध्यस्थता नहीं करेंगे। अमेरिका में भारत के राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि अमेरिका ने स्पष्ट कर दिया है कि वह कश्मीर मसले के समाधान के लिए द्विपक्षीय प्रयासों को प्रोत्साहन देगा। दूसरी ओर, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी इस मुद्दे से पल्ला झाड़ लिया है। संरा सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष देश पोलैंड ने कश्मीर मुद्दे को भारत और पाकिस्तान का द्विपक्षीय मुद्दा करार दिया है।

श्रृंगला के मुताबिक, ट्रंप स्पष्ट कर चुके हैं कि कश्मीर पर मध्यस्थता का प्रस्ताव अब विचाराधीन नहीं है। अमेरिका की कश्मीर पर दशकों पुरानी बाकी पेज 8 पर

कश्मीर मुद्दा

डोनाल्ड ट्रंप

श्रृंगला

भारतीय राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा, ट्रंप ने मध्यस्थता से इनकार किया

'संपत्ति बांटना ईश्वर को नष्ट करने और भंजन के समान'

जनसत्ता ब्यूरो/भाषा
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

अयोध्या सुनवाई

राम लला विराजमान ने सुप्रीम कोर्ट से मंगलवार को कहा कि राम की जन्मस्थली अपने आप में देवता है और मुसलिम 2.77 एकड़ विवादित जमीन पर अधिकार होने का दावा नहीं कर सकते क्योंकि संपत्ति को बांटना ईश्वर को 'नष्ट करने' और उसका 'भंजन' करने के समान होगा।

'राम लला विराजमान' के वकील प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाले पांच सदस्यीय संविधान पीठ के उस सवाल का जवाब दे रहे थे जिसमें पूछा गया था कि अगर हिंदुओं और मुसलमानों का विवादित राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवादित स्थल पर संयुक्त कब्जा था, तो मुसलिमों को कैसे बेदखल किया जा सकता है।

'राम लला विराजमान' के वकील ने पीठ से कहा, 'जब संपत्ति (जन्मस्थान) खुद ही देवता है तो अवधारणा यह है कि आप उसे नष्ट नहीं कर सकते, उसे बांट नहीं सकते या उसका भंजन नहीं कर सकते। अगर संपत्ति देवता है तो वह देवता ही बनी रहेगी और सिर्फ यह तथ्य कि बाकी पेज 8 पर

15,000 लोगों ने गंवाई नौकरी, 10 लाख से अधिक नौकरियों पर मंडरा रहा खतरा

वाहनों की बिक्री में 19 साल की सबसे बड़ी गिरावट

नई दिल्ली, 13 अगस्त (भाषा)।

देश में जुलाई की वाहन बिक्री में 19 साल की 18.71 फीसद की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वाहन उद्योग पिछले दो-तीन महीने से भारी दबाव झेल रहा है। इसके कारण क्षेत्र के 15,000 लोग अपनी नौकरी गंवा चुके हैं और 10 लाख से अधिक की नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है।

भारतीय वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम की मंगलवार को जारी रपट के मुताबिक देश में कुल वाहन बिक्री जुलाई में 18.71 फीसद गिरकर 18,25,148 वाहन रही जो जुलाई 2018 में 22,45,223 वाहन थी। यह दिसंबर 2000 के बाद वाहन बिक्री में आई सबसे बड़ी गिरावट है। उस दौरान वाहन बाजार में 21.81 फीसद की गिरावट दर्ज की गई थी। यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री में भी जुलाई में करीब 19 साल की सबसे बड़ी गिरावट देखी गई है। इस दौरान यात्री वाहनों की बिक्री 30.98 फीसद घटकर 2,00,790 वाहन रही है जो जुलाई 2018 में 2,90,931 वाहन थी। इससे पहले दिसंबर 2000 में यात्री वाहनों की बिक्री में 35.22 फीसद की गिरावट आई थी।

सियाम के महानिदेशक विष्णु माथुर ने कहा कि वाहन उद्योग को वापस वृद्धि पर लाने और बिक्री में गिरावट को रोकने के लिए सरकार से राहत पैकेज की बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा कि वाहन विनिर्माण कंपनियों में पिछले दो-तीन महीनों में 15,000 नौकरियां जा चुकी हैं। इनमें अधिकतर नौकरियां अस्थायी या संविदा कर्मचारियों की थीं। इसके अलावा वाहन कलपुर्जा विनिर्माण क्षेत्र में 10 लाख से अधिक नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है। गिरती बिक्री के कारण करीब 300 डीलर अपने स्टोर बंद करने को मजबूर हैं जिससे करीब दो लाख नौकरियां जा सकती हैं।

वाहन उद्योग ने सरकार से वाहनों पर जीएसटी दरों में कटौती और पुराने वाहनों को कबाड़ में भेजने की नीति लाने के लिए कहा है। साथ ही गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी क्षेत्र का पुनरोद्धार किया बाकी पेज 8 पर

35.95 फीसद टूटकर 1,22,956 वाहन रही घरेलू बाजार में कारों की बिक्री। जुलाई 2018 में यह 1,91,979 वाहन थी।

9 ,33,996 इकाई रही मोटरसाइकिल की घरेलू बिक्री पिछले महीने जो जुलाई 2018 की 11,51,324 इकाई बिक्री के मुकाबले 18.88 फीसद कम है। जुलाई में दोपहिया वाहनों की बिक्री 15,11,692 वाहन रही जो जुलाई 2018 में 18,17,406 वाहन थी।

सिक्किम के 10 विधायक भाजपा में

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

मंगलवार को सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के 10 विधायक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। इन विधायकों ने दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पर भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा व पार्टी राष्ट्रीय महासचिव राम माधव की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा में शामिल हुए विधायकों में पांच बार के विधायक दोरजी शेरिंग लेप्चा के अतिरिक्त डीआर थापा, कर्मा सोनेम लेप्चा, केबी राय, टीटी भूटिया, फरमंती तमांग, पिंटो नामग्याल लेप्चा, रामकुमारी थापा आदि शामिल हैं।

ये विधायक पूर्व मुख्यमंत्री पवन चामलिंग की पार्टी से हैं। अब एसडीएफ में चामलिंग समेत केवल पांच विधायक बचे हैं। इसलिए इन विधायकों के भाजपा में शामिल होने की घोषणा को सिक्किम की राजनीति की एक बड़ी उठापठक माना जा रहा है।

सिक्किम के इन विधायकों का पार्टी में स्वागत पार्टी राष्ट्रीय महासचिव राम माधव ने किया। माधव ने बताया कि सिक्किम में पिछले 25 वर्षों से सत्ता में रहे एसडीएफ को इस बार के विधानसभा चुनाव में 15 सीटों पर विजय मिली थी। इनमें से दो विधायक दो-दो सीटों पर विजयी हुए थे। इस प्रकार से सीटों की प्रभावी संख्या 13 थी। इनमें से 10 विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ली है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह व कार्यकारी अध्यक्ष के दिशा निर्देशन में इन विधायकों को भाजपा में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि अब सिक्किम में भाजपा सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी।

भाजपा में शामिल हुए वरिष्ठ विधायक दोरजी शेरिंग लेप्चा ने बताया कि एसडीएफ से 10 विधायक बाकी पेज 8 पर

विधायकों के दलबदल के साथ ही सिक्किम में भाजपा मुख्य विपक्षी दल। *भाजपा* के दामन थामने वाले विधायक पूर्व मुख्यमंत्री पवन चामलिंग की पार्टी से हैं।

'हिंदू पाकिस्तान' वाले बयान पर शशि थरूर के खिलाफ वारंट

जनसत्ता संवाददाता
कोलकाता, 13 अगस्त।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर के खिलाफ महानगर की एक अदालत ने मंगलवार को गिरफ्तारी का वारंट जारी कर दिया है।

कोलकाता के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने यह वारंट थरूर के हिंदू पाकिस्तान के गठन वाले विवादास्पद बयान के खिलाफ दायर मामले में जारी किया है। यह मामला एडवोकेट सुमित चौधरी ने बीते साल जुलाई में दायर किया था। इससे पहले अदालत ने उनके खिलाफ समन भी जारी किया था।

थरूर ने बीते साल 11 जुलाई को चुनाव क्षेत्र तिरुवनंतपुरम में कार्यक्रम में कहा था कि भाजपा अगर वर्ष 2019 में होने वाला लोकसभा चुनाव जीतती है तो वह भारत को हिंदू पाकिस्तान बनाने जैसे हालात पैदा कर देगी। उन्होंने कहा था कि भाजपा एक नया संविधान बाकी पेज 8 पर

डॉक्टरों से मारपीट पर 10 साल तक कैद का प्रावधान

नई दिल्ली, 13 अगस्त (भाषा)।

ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों से मारपीट करने वाले लोगों को दंडित करने के लिए 10 साल तक की जेल की सजा के प्रावधान वाले मसविदा विधेयक को अंतिम रूप दे दिया गया है। आम लोगों की राय लेने के लिए इसे जल्द ही सार्वजनिक कर दिया बाकी पेज 8 पर

मसविदा विधेयक तैयार

चितरंजन लोकोमोटिव फैक्टरी में बना इंजन | तकनीक का कमाल | ट्रेनों की गति 20 किलोमीटर प्रतिघंटा बढ़ जाएगी

नए इंजन से ट्रेनों की रफ्तार हो जाएगी 160 किलोमीटर प्रतिघंटा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

देश में दौड़ रही रेल गाड़ियों की रफ्तार और तेज होगी। यात्रियों को कम से कम समय में गंतव्य तक पहुंचाने लिए भारत ने एक नया अत्याधुनिक इंजन तैयार किया है। नए इंजन की मदद से यात्रियों की ट्रेन अधिकतम 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की तरफ्तार से दौड़ाई जा सकती है। अब तक रेलवे के पास 140 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलने वाला इंजन उपलब्ध था। रेल मंत्री पीयूष गोयल के मुताबिक यह इंजन पश्चिम बंगाल के चितरंजन लोकोमोटिव फैक्टरी में तैयार किया गया है।

रेल मंत्रालय के मुताबिक इस इंजन से 24 कोच की ट्रेन को 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार पर ट्रेन चलाई जा सकती है। इस इंजन से ट्रेन की रफ्तार 20 किलोमीटर प्रतिघंटा तक बढ़ जाएगी और यात्री कम समय में अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। सोमवार देर रात इंजन का ट्रायल कोटा डिवीजन में किया गया।

रेल मंत्रालय के मुताबिक इंजन की क्षमता बढ़ाने के लिए ट्रेन के वजन में करीब 14 टन की कमी की गई है और गियर सिस्टम में बदलाव किए गए हैं। रेल मंत्री ने यह प्रोजेक्ट कोच फैक्टरी को सितंबर 2018 में सौंपा गया था और छह माह के अंदर में यह इंजन सफलतापूर्वक तैयार किया गया है।

इंजन के बेहतर संचालन के लिए ट्रेन के सॉफ्टवेयर में भी बदलाव किया गया है ताकि इसके नियंत्रण किसी भी प्रकार की कोई तकनीकी बाधा सामने नहीं आए। मंत्रालय से मिली जानकारी मुताबिक इंजन का प्रयोग शताब्दी व दुरंतों जैसी ट्रेनों में किया जा सकता है। इस ट्रेन को दिल्ली-कोलकाता के बीच चलाने की तैयारी है। इसके लिए ट्रेक को भी विकसित किया जा रहा है। योजना को लागू करने के लिए केंद्र सरकार ने करीब 13000 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इस पॉयलट प्रोजेक्ट से भविष्य में देश में निर्मित नई तेज रफ्तार ट्रेन के लिए रास्ता खुलेगा।

140 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलने वाला इंजन उपलब्ध था अब तक

इंजन का प्रयोग शताब्दी व दुरंतों जैसी ट्रेनों में किया जा सकता है। *सोमवार* देर रात इंजन का ट्रायल कोटा डिवीजन में किया गया। *इंजन* की क्षमता बढ़ाने के लिए ट्रेन के वजन में करीब 14 टन की कमी की गई है और गियर सिस्टम में बदलाव किए गए हैं। *यह* प्रोजेक्ट कोच फैक्टरी को सितंबर 2018 में सौंपा गया था

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

I,**Suresh** Kumar R/o-H.No.C269,Madipur j.j.Colony, Delhi- 63,my son's sc-certificate his name wrongly-written yash instead of yash taak both are the same person 0040507775-6

I,**Kamlesh** Kumari,W/O-Harish Kumar,R/O-H/No-2316,Peeli Building,Arya Samaj Road,Karol Bagh,New.Delhi-110005,have changed my name from Kamlesh Kumari to Kamlesh for all purposes in future. 0040507666-3

I, Vikash S/O, Shiv Murti R/o B 282, Vikas Vihar, Vikas Nagar, Uttam Nagar, Delhi-59, have changed my name to Vikas Verma for all purposes. 0040507650-1

I, Uma Shankar Yadav Sh. Late Shri Ram Akbal Yadav R/o H. No. 42, Krishna Kunj-II, Nand Gram, Ghaziabad 201003 has changed my name from Uma Shanker Yadav to Uma Shankar Yadav, for all purposes in future. 0040507610-1

I, Udai Vir Singh Tyagi @ Udaiveer Singh Tyagi,S/o Sh.Bishambar Sahai Tyagi, R/o-H.No.-KA-131, Galaxy-Ganga, Ganga-Nagar, Mawana-Road, Meerut-250001.,have changed my name to Udaiveer Singh Tyagi.,for all future purposes. 0040507707-4

I, Syed Mohammad Akhalaq, S/o Kamil, R/o-181, Bas Deoria, Ward No .19, Deoria, Uttar Pradesh 274001. have changed my name to Ekhalaq Ahmad. 0070669872-1

I, Swatti Chowdhary D/o-Shyam Babu R/o-H No-XV-4662, 3rd Floor,Shora Kothi, Paharganj New Delhi-110055,Have Changed My Name Swatti Chaudhary,For All Purposes. 0040507666-4

I, Sunita, H.No-60, Block-A-Extn, Mohan-Garden, Uttam-Nagar, Delhi-110059,have changed my name from Sunita to AVIKA GOGNA after-marrying with ANKIT GOGNA on-17th-April-2019 vide-Affidavit dated-13/08/2019 sworn before Notary Mitlesh Agarwala, Delhi. 0040507669-6

I, Sumit S/O Ramkishore R/O-Rz-b59 nandram park binda-pur matiyala road uttam nagar new delhi-110059. changed my name to Sumit Gupta. 0040507676-5

I, Sumiit Grovarr S/o-Gauri Shankar Grover R/o-C-571, First-Floor, Street No.7, Majlis-Park, Delhi-110033. Have changed my name from Sumit Grover to Sumiit Grovarr, for all purposes. 0040507669-8

I, Sharda W/o Sanjay Kumar R/o H.No.167, PTS Police Colony, Malviya Nagar, New Delhi-110017 have changed my minor daughter's name from Mansi Pawariya to Mansi for all purposes. 0040507676-4

I, Shaleen Verma S/o-Ishwar Singh Verma R/o-C-92, Bathla apartments I.P.extension-43, Patparganj, New Delhi-110092.inform that name of my minor daughter has been mentioned as Riya Verma in her passport document.The correct-name is Reya Verma.,for all the future purposes. 0040507722-3

I, Sarita Devi W/o Harminder Singh R/o-71, Pitampura-Village, Delhi-110034, have changed my name to Sarita for all purposes. 0040507676-10

I, Sarika Gill D/o T.R.Gill R/o-Flat.No.52, Vidyasagar Apartment, Plot.No.34, Sector-6, Dwarka, New Delhi-110075., have changed my name to Sarika Gill Vashishtha. 0040507707-7

I, Sanjeev Marwah S/O Balraj Marwah R/O-H-254, Karampura, Ramesh Nagar, Delhi- 110015. Have Changed My Name To Sanjeev Kumar Marwah. 0040507707-10

I, Sandeep Kumar Sikaria S/O Shri.Ram Swaroop Sikaria R/O-85, Sant-Nagar, 2Nd-Floor, (East-Of-Kailash), New Delhi-110065,Have Changed My Name To Sandip Sikaria.,For All Purposes. 0040507568-1

I, Sanchit Singal S/O Anil Kumar Singal R/O-B-5/126, Near Gurudwara, Sec-7, Rohini, Delhi-85, Have Changed My Name To Sanchit Singhal. 0040507722-1

I, SUPRAJA, D/o M Ramasubramanian R/o-246, Akshardham-Apartment, Sector-19, Pocket-3, Dwarka,New Delhi-110075, have changed my name to Supraja Ramasubramanian, for all purpose. 0040507669-5

I Mamta Rani alias Mamta Sehrawat D/o Prem Singh and W/o Hemant Kumar R/o AM-51, Shalimar Bagh, Delhi-110088, have finally changed my name to Mamta Sehrawat. 0070669865-1

I Himanshi Kashyap alias Veenita Dhiman D/o Manmohan Lal and W/o Manish Kumar R/o Primerose Avenue, Ground Floor, Plot No-17, Street No-E-5-1, Sector-82, Gurgaon-122001, have finally changed my name to Himanshi Kashyap. 0070669858-1

व्यक्तिगत

I, Reta D/o Amarnath W/o Faiz Ullahkhan R/o-783/9 Jheel-Khurenja, Scooter Market Delhi-51, have changed my name to Rita Francis for all purposes. 0040507669-2

I, Rajni Devi w/o Anil Kumar Mittal r/o H.No. 256/32 Ward no 12, Navvihar Colony Canal Road, near Paradise Resort, Paonta Sahib Dist Sirmaur (HP), have changed my name to Rajni Mittal for all purposes. 0040507763-1

I, Rahul Verma and Mrs. Mohita Prasad, R/o K1/28, C.R. Park, New Delhi-110019, have changed our minor son's name, from Riaan Verma to Reeyan Verma as per the affidavit dated 10.08.2019. 0040507609-1

I, Puneet Kaur Sood, alias Puneet Kaur, D/o Ajit Singh Sood and W/o Ranjit Singh, R/o AM-51, Shalimar Bagh, Delhi-110088, have finally changed my name to Puneet Kaur. 0070669860-1

I, Priya Kapur W/o Sandeep Kapur R/o 86, Poorvi Marg, Vasant Vihar, New Delhi-110057, state that my husband's name mentioned in my passport no. H8736282, SANDEEP KAUR is wrong, whereas I wish to correct it to SANDEEP KAPUR. 0040507655-1

I, Poonam Yadav W/o Manoj Yadav, Residence WZ-918, Palam Village, New Delhi-45, have changed my name to Anita Yadav for all purposes. 0040507613-1

I, Pooja Rani Khanna W/O Raj Kumar R/O Ag-260, Shalimar Bagh, Delhi-88, Have Changed My Name To Pooja Sapra. 0040507722-2

I, Parvesh Kumar S/o Mangal Singh R/o WZ-31 Front Portion 4th Floor, Nangli Zalib, Janakpuri, Delhi-110058, have changed my name to Pravesh Kumar. 0040507669-1

I, Parveen kumar s/o shri Sukhbir singh R/o.h.no-23 Narayana-village N.D-28 infrom that name of my wife has been wrongly-mentioned as Sheetal in my minor her school-record.the correct name is Gayatri Devi.for all future purposes 0040507722-9

I, Parminder Singh,S/o Late Sh.Chattar Singh Bir R/o-BD-90 (First-Floor), JanakPuri, New Delhi-110058.have changed the name of my minor daughter, Jasnoor Kaur, aged-14 years and she shall hereafter be known as Jasnoor Luthra,for all purposes. 0040507722-4

I, Nimain Charan Pattanaik/Nimain Charan Pattanayak, S/O Gatikrushna Pattanaik, R/O-Flat No H-3/1604, Ganga-Yamuna & Hindon, Apartment, Siddharth-Vihar, Ghaziabad, U.P-201009,Changed My Name To Nimai Charan Pattanaik. 0040507775-3

I, Nagen Pattanayak S/O Nimai Charan Pattanaik, Flat.No.H-3/1604,Ganga Yamuna & Hindon, Apartment, Siddharth-Vihar, Ghaziabad, U.P-201009, Changed My Name To Nagen Kumar Pattanaik. 0040507775-2

I, Muskan D/o Balram Sharma R/o-WP-215, Wazirpur-Village, Ashok-Vihar, Delhi-110052. have changed my name from Muskan Sharma to Muskan for all purposes. 0040507707-5

I, Sarvajit Singh Kittoo S/o Har Raj Singh R/o EA 1/7 Inder Puri N.Delhi-110012 changed my name to Sarvjeet Singh. 0040507676-2

I, Mishri Lal Yadav S/o Ram Kumar,R/o B-5,Chuna Bhatti, Kirti Nagar,New Delhi-110015, have changed my name from Mishri Lal to Mishri Lal Yadav for all future purposes. 0040507652-1

I, Mausmi Mondal W/o Amit Kushwah R/o K-28, Street No.2, West Ghonda, Delhi-110053, have changed my name to Anamika Mondal kushwah vide affidavit IN-KA62637727443667R, dt 29/07/2019 for all purposes. 0050153283-1

I, Manisha W/o Jitendra Kumar Ojha (Earlier Jitendra Kumar) R/o D-II, Shahjahan Road, New Delhi- 110011, have changed my name from Manisha to Manisha Ojha for all future purposes. 0040507643-1

I, Mahima D/O-Rajesh Kumar R/o-RZ-4X Block New RoshanPura Najafgarh New Delhi-110043, Have Changed my Name Mahima Shokhanda, for all purposes. 0040507722-5

I, Mahesh Kumari W/o Late Sh.Sunil Kumar R/o H.No. 5082/95, Arya-Pura, Near-Ram Mandir, Roshanara-Road Delhi-110007, have changed my name to Kamlesh. 0040507669-7

I, Mahesh Kumar S/O Om Prakash, H.No. 1199/13, Govindpuri, Kalkaji, Delhi-110019. Changed My Name To Mahesh Kumar Thakur. 0040507669-9

I Jatin Goel S/o Tek chand Goyal R/o G-1/46, Budh Vihar Phase-1, Delhi-110086, have changed my name to Jatin Goyal 0040507707-3

I Jaideep Singh Arora S/O.Pervinder Singh R/O.DB-44C, near HariNagar clock-Tower, LIG-Flats, Hari Nagar, New Delhi-110064 have changed my name to Jaideep Singh for all purposes. 0040507676-8

I, Km. Priyanka Yadav D/o Kirpal Singh R/o Bijnaura Darauna Kannauj UP-209747 changed my name to Priyanka Yadav. 0040507676-3

I, Km Afreen W/O Rais Mirza H.No-288, Lane No-12, Zakir-Nagar, New Delhi-110025. Changed My Name To Afreen Khan. 0040507775-1

I, Jyotsana D/o Rajkumar Singh R/o A-31, Shivpuri, Ph-2, Najafgarh, ND-43 have changed my name to Jyotsana Singh for all purposes. 0040507735-2

I, Hiteshi Kain D/O, Sushil Kumar R/o C 75, UGF, C Block, Vivek Vihar Phase 1, Delhi 110095, have changed my name to Hiteshi Chaudhary for all purposes. 0040507607-1

I, Hitesh Kumar S/O Shankar Lal R/O-2376/T-23/A,Mandi-Extn. Narela,Delhi-110040. Have Changed My Name To Hitesh Goyal. 0040507669-10

I, Hirday Narain S/o Babu Lal R/o 34, Chota Bazar, Kanker Khera, Meerut-250001, have changed my name to Hirdai Narain. 0040507669-3

I, Hemant Kumar S/o Late Sh. Tek Chand, R/o-RZ-A1/121, A-Block, Vijay-Enclave, Palam-Dabri Road, Delhi-110045.have changed my Minor son's name from Praneel to Praneel Kumar. 0040507707-8

I, Gurmeet Singh Arora S/o Jaswant Singh Arora R/o-SH-8/117, New Moti-Nagar Delhi-15 have changed my name to Gurmeet Singh. 0040507669-4

I, Gulshan Kumar Kathuria R/O 38, Tarun Enclave, Pitampura, Delhi-110034. Have Changed My Child Name Rimjhim Kathuria To Rimzim Kathuria. 0040507707-9

I, Guddu Kumar Pasvan S/O-Sharda Nand Pasvan R/O-H-23, Sharma-Colony, Budh-Vihar Phase-2, Delhi-86, Have Changed My Name To Guddu Kumar Paswan. 0040507775-4

I, Chirag S/o Vijendera Singh, R/o-H.No. 427, V.P.O. Guhna, District Sonipat, Haryana, 131408, India, have changed my name to Chirag Singh for all future purposes. 0040507779-1

I, Poonam W/o Bhawani R/o-D-218/18 Gas, Madanpur khadar, J.J. colony, New Delhi-110076, have changed my Daughter's Tanya father's name From Late Gopal to Bhawani permanently. 0040507722-7

I, Chanda Tomar w/o Deo Pal Singh Tomar R/O-Flat-204 Tower-C4 Olive-County Sector-5 Vasundhara Ghaziabad UP-201012, have changed my name from Chanda Devi to Chanda Tomar for all purposes. 0040507735-4

I, Binu L W/o Sh. Benny Jacob R/o A-1/90, Sector-17, Rohini, Delhi-110089, have changed my name to Binu Benny for all purposes. 0040507608-1

I, Bhupinder Singh Oberoi S/o,Late S.Surinder Singh Oberoi R/o-34/14,Old-Rajindernagar, N.Delhi-110041,have changed my minor daughter's name Sukhaali Kaur to Sukhali Kaur Oberoi. 0040507676-7

I, Bhawana W/o Shiv Kumar Batra R/o AC-49-C, Shalimar Bagh, Delhi-110088, have changed my name to Karuna Batra. 0040507676-9

I, Baljit Singh Bansal s/o Gurbax Singh r/o WZ-119, Plot-148, Vishnu Garden, Delhi-110018, have changed my name to BALJEET SINGH. 0040507604-1

I, Anil Kumar S/o Ompal Singh R/o H.No-24, 3rd Floor, Sector-10, Block-D Vasundhara, Ghaziabad, U.P-201012, have changed my name to Anil Choudhary. 0040507605-1

I, Amrit Kaur D/o Bupinder Singh, R/o B-141, Pandav Nagar, Opposite Mother Dairy, Delhi-110092, have changed my name to Amrit Kaur Bhullar for all purposes. 0040507611-1

I, Amandeep Singh Rattan S/o-Balvinder Singh, R/o-370, GF,Chand Nagar,Vishnu Garden,New Delhi-110018, have changed my name to AMANDEEP SINGH' for all purposes 0040507656-1

I, Alka Sharma W/o-Virender Kumar R/o-H.No.42, Second Floor, Block-I, Pocket-9, Sector-16, Rohini, Delhi-110085,have changed my name to Indu Bala for all purposes. 0040507637-1

I Yash Sinha S/o Shirish Kumar Sinha R/o Rail Vihar Colony, Near DRM, Office Ambala, Haryana-133001, have finally changed my name to Yash Shirish Sinha for all purpose 0070669863-1

I, Poonam W/o Bhawani R/o-D-218/18 Gas, Madanpur-khadar, J.J.colony, New Delhi-110076,have changed my Daughter's Vaishnavi father's name From Late Gopal to Bhawani permanently. 0040507722-6

I Jeet Kaur Khera Swarn W/o Inderjeet Singh Khera R/o C-54 Second Floor, Fateh Nagar, New Delhi-110018, have changed my name to Swaranjeet Kaur Khera 0040507658-1

I Jatinder Kumar Goyal S/o Ramesh Kumar Goyal R/o B-357, Old Grain Market, Ward Number-5, Sunam, Sangrur, Punjab-148028, have changed my name to Jatinder Goyal for all purpose. 0070669871-1

व्यक्तिगत

I Vipin S/o Suresh Kumar Dalal R/o-H.No.1639, Sector-6, Bahadurgarh,Jhajjar, Haryana-124507 have changed my name to Vipin Dalal. I,have complied with all the legal requirements. 0040507676-6

I Usha Rani alias Usha Manchanda D/o Baldev Raj and W/o Anil Kumar Manchanda R/o House No.-691/19, Rulia Ram Colony, Jail Road, Gurdaspur, Punjab-143521, have finally changed my name to Usha Manchanda for all purpose 0070669856-1

I Trivender Kaur W/o Kuldeep Singh R/o 19/58-B (T.F.) Tilak-Nagar Delhi have changed my name to Tarvinder Kaur. 0040507676-1

I Tek chand Goel S/o Shaanti Prasad Goyal R/o-G-1/46, Budh-Vihar Phase-1, Delhi-110086, have changed my name to Tekchand Goyal 0040507707-1

I Sunil S/o Sh. Dharam Pal R/o H No.48 Ward No 28, Bharat-Colony, Nehar Par, Old Faridabad-Haryana have change my Name Sunil to Sunil Khanna.,For all purpose. 0040507735-3

I Sonu Gulfam S/O Kashim R/O 60/175 Ghaffar Manzil Jamia Nagar Delhi, states that my Given Nameis Sonu and Surname is Gulfam for all future purposes vide affidavit number IN-DL22724766029789Rdated 17/07/2019. 0070669859-1

I Saroj Goel W/O Anand Kumar Goel R/O-WZ-14, Vashist Park, Pankha Road, New-Delhi-110046 Have Changed my Name to Saroj Kumari. 0040507707-6

I Sangita Sharma/Sangeeta Sharma W/O Mukesh Kumar R/O-F-111, Dlf-Regal Garden, Dlf-Garden City, Sector-90, Gurgaon-122505. Changed My Name To Sangita Devi. 0040507775-5

I Rocky Kumar Choudhary S/o Sant Kumar Choudhary R/o 11/6, Basantra Line, Sadar Bazar,Moradabad Pahari, Delhi-110010, have changed my name to Aryan Choudhary for all purpose 0070669867-1

I Rakesh Kumar Malwa R/o 350 Near Bharat Gas Agency, Badli, Delhi-42.have changed my minor son's name from Teevanshu Malwa to Advik Malwa. 0040507735-5

I Rajni Goel W/o Tekchand Goyal R/o G-1/46, Budh Vihar Phase-1, Delhi-110086, have changed my name to Rajni Goyal 0040507707-2

I Rahul alias Rahul Chaudhary S/o Mehtab Singh R/o 24, Munirpur, Sonipat, Haryana-131103, have finally changed my name to Rahul Chaudhary for all purpose. 0070669874-1

I Pushpa Kumari D/o Nandlal Mishra R/o Flat No-166, Second Floor, Type-C, Pocket-7, Sector-2, Rohini, Delhi-110085, have finally changed my name to Prachi Mishra for all purpose. 0070669852-1

I Pawni Amul Bhai D/o Amul Patel R/o 348/286, Bhadewan, Sadik, Old Tikait Ganj,Rajendranagar, Lucknow have changed my name Pawni Amul Bhai (as mentioned in my some documents) to Pawni Patel for all future purposes. 0060068713-2

I Paridhi Amul Bhai D/o Amul Patel R/o 348/286, Bhadewan, Sadik, Old Tikait Ganj, Rajendranagar, Lucknow have changed my name Paridhi Amul Bhai (as mentioned in my some documents) to Paridhi Patel for all future purposes. 0060068712-2

PUBLIC NOTICE

Be it known to all concern that my client Rajiv Kumar Bhardwaj and others R/o Nil 20 A-B, Malviya Nagar ND-17, have lost original Lease deed Regd. No. 6373 Vol No. 860, Page no. 127-130, dated 31/08/1962. If found Please inform 9810033530

SHIELA ASBANI **ADVOCATE**
Delhi High Court
B-62 FF Near NHPC
Faridabad

PUBLIC NOTICE

Be it known that my client SMT. BIMLA DEVI W/o SH. VEER SINGH R/o H.No. 49 Dhaka Village Kingsway Camp G.T.B. Nagar Delhi-110009, have disowned and severed all her relation with her son PANKAJ PAL and his wife RACHNA PAL and debarred them from her moveable and immovable properties/assets and their personal life Anybody dealing with them in any manner shall be doing at his/her/their own risk, cost and responsibility.

Sd/-
KAMAL SINGH (Advocate)
Enrl. No. D-748/14

PUBLIC NOTICE

My client SWAMI MANOJANAND S/O LATE INDRA SHARMA R/O B-50, FIRST FLOOR, SURAJMAL VIHAR, DELHI have debarred his son namely shreyansh sharma and his wife Tanya Sharma @ Tanya Rai and their son & daughter from all their movable-immovable properties and have severed relationship with him. Anyone dealing with him shall be doing so at one's own risk and consequences.

Sd/-
Sandeep Kumar
Advocate
CH.NO. E-203, 2nd Floor, E-Block
Karkardooma Courts Delhi-110032
M.No. 9555458477

PUBLIC NOTICE

My client Mr. Dheeraj Kumar S/o Sh. Chander Prakash Taneja R/o A-168, Ganesh Nagar, New Delhi-110018 have lost his original documents i.e. General Power of Attorney, Agreement to Sell, Affidavit, Receipt, Will etc. dated 28/10/1996 in respect of Shop No. 3, on Ground Floor, Size measuring 7 ft.x11 ft. of property No. A-153, Plot No. 34, situated at Ganesh Nagar, New Delhi-110018 at Tilak Nagar Market, Tilak Nagar, New Delhi on dt. 15/07/2019 at 11.00 hrs. & if anyone found then inform on Mobile No. 9990245108, (Also lodged NCR vide L.R. No. 1270059/2019 dated 15/07/2019).

Adv. B. B. N. Deo
Authority Building, Janakpuri

लखनऊ के छावनी इलाके में मंगलवार को सेना की एक प्रदर्शनी में हथियार के बारे में स्कूली छात्रा को बताता सैनिक

खोया–पाया

मैं, **ललित कुमार सुपुत्र सुमन/पवन कुमार** निवासी 131 बी, कुम्हारों वाला मोहल्ला, बरवाला दिल्ली–110039 एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे मूल **शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं अंक तालिका** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली 2014–16 रोल नं. 2201500 तथा सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2018 रोल नं. 2693729 जो सी.बी.एस.ई, दिल्ली से संबंधित है, कहीं गुम हो गये हैं।

I Have lost my DDA File in Janakpuri My DDA File No is 16(410)70-HB. Allotment letter Bank Challan, Demand Letter, Possion Slip & NOC. If found please contact: 9971720032 0040507658-3

I, MEENAKSHI D/o Nirmal Dass R/o-A-6 kaushal puri chauhan Patti karawal-nagar Delhi-94 have lost my original-certificate class-10th year-2009 Rollno-6384257 CBSE-Delhi. 0040507775-7

I, POOJA D/o Vijay Kumar R/o-B-2/569 Ragubir-nagar N.D-27, have lost my original certificate class-10th year-2014 Rollno-8715067 cbse-Delhi. 0040507775-8

It is notified for the information that my ORIGINAL Xth CBSE Marksheet Roll No-8183550 Year 2018, has been actually lost. Please contact Arjun Kaul S/o Opinder Kaul R/o 1846-A Jain Nagar Gali-5 Delhi. 0040507614-1

Notice: Possession letter issued by Delhi Development Authority of Plot No 1039, C1, Sector 37, Rohini, New Delhi has been lost. If found kindly return to Gaurav Dhingra (9810850424), E2001, Ireo Uptown, Sector 66, Gurgaon. 0050153245-1

It is notified for the information that my Original-Qualifying Examination-Certificate & Marksheet of-Secondary/Senior Secondary-Examination of Year-1995/1997 and Roll No.6124139/6231264 respectively issued by CBSE has been actually lost.Jaspinder Kaur Sehmi, D/o Surinder Singh Sehmi R/o-H.No.344 U.G.F.Chand-Nagar Tilak-Nagar New Delhi-110018 M:9870305082. 0040507722-10

I, AYUSHI karna D/o Ajay Kumar Karna R/o-261 packet-c group-2 hastsal-uttamnagar Delhi-59.have lost my original certificate class-10th year-2017 Rollno-8712982 cbse-Delhi 0040507775-9

PUBLIC NOTICE

"It is to the public at large that my clients Smt. Krishna Rawal W/O Shri Subhash Rawal And Subhash Rawal S/O Uttam Chand R/O H. No. 4/23 Jaidev Park East Punjabi Bagh, New Delhi- 110026 have debared and disowned her / His Sons namely Rishi Rawal (15/12/1974), R/O 4/23, Ground Floor, 200 Sq. yds. & Manish Rawal (01/12/1970) R/o First floor 100 Sq. yds. & Second Floor 100 sq. yds. Jaidev Park, East Punjabi Bagh, New Delhi.- 110026. from her/his movable and immovable properties and other assets, with immediate effect due to His/Her/Their disrespectful behavior And Out of Control and have severed all her relations with them And If anybody deals in any manner with the above named persons, he/she shall do at his/her own risks and consequences. My clients and their family members shall not be held liable or responsible for the same in any manner. My clients have no concern/relations with the above named persons in their life time in future.

Sd/-
GOPAL KUMAR GUPTA (ADVOCATE)
NETA JI APARTMENTS, SECTOR-23, DWARKA NEW DELHI-110075

PUBLIC NOTICE

My client Shri Ravinder Basra S/o Late Shri Harbans Lal, resident of G-14/3, First Floor, Malviya Nagar, New Delhi - 110017 his previous notice which has been published in the newspaper The Indian Express and Jansatta (Hindi) in which my client has disowned his son Rajat Basra and his wife Shikha Basra. Now my client is revoke/withdraw his previous notice with immediate effect due to cordial relationship with his son and his daughter-in-law.

For **Evision Legal Solution LLP**
Lalit Valecha (Advocate)
S-364, First Floor, Panchsheel Park, New Delhi-110017

PUBLIC NOTICE

I Heena Sharma Advocate on behalf of my clients Mr. Santokh Singh and Sita Rani R/o House No.52/19, Old Mahavir Nagar, New Delhi-18, Near Tilak Nagar, cause this notice to the general public that my above mentioned clients have barred and disowned all relationships with his son and daughter-in-law Mr. Gurdeep Singh and Mrs. Amritpal Kaur and their any off springs. My clients are senior citizens have threat to their life by them. They have no relationship whatsoever with either Mr. Gurdeep Sing or Mrs. Amritpal Kaur hence both of them have no right whatsoever on my clients or their movable or immovable property. If anybody deals with them in any manner, he/she shall do so at his/her own risks, costs and consequences. My clients have no concern with them in any manner.

Heena Sharma (Advocate)
2/75, West Punjabi Bagh,
New Delhi-110026

झारखंड : दो आदिवासी महिला हॉकी खिलाड़ियों के शव पेड़ से लटके मिले

- दोनों महिला खिलाड़ी– सुनंदिनी बागे (23) और श्रद्धा सोरेंग (18) शनिवार से लापता थीं।
- पुलिस ने मौत के पीछे के रहस्य को जल्द सुलझा लेने की बात कही है।

रांची, 13 अगस्त (भाषा)।

झारखंड के सिमडेगा जिले में दो आदिवासी महिला हॉकी खिलाड़ियों के शव एक पेड़ से लटके मिले हैं। उनके परिवार के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि दोनों महिला हॉकी खिलाड़ी– सुनंदिनी बागे (23) और श्रद्धा सोरेंग (18) शनिवार से लापता थीं। सिमडेगा जिले के बीरू गांव में रविवार को उनके शव पेड़ से लटके मिले। सुनंदिनी और श्रद्धा के परिजनों ने आरोप लगाया कि उनकी हत्या की गई है। अधिकारी ने कहा कि परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सोमवार को सिमडेगा सदर अस्पताल में शवों का पोस्टमार्टम किया गया और उनके पैतृक निवास स्थान पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

सिमडेगा के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने कहा कि दो खिलाड़ियों की मौत के पीछे के रहस्य को बहुत जल्द सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने झारखंड और ओड़ीशा के कई लोगों से पूछताछ की है और कुछ महत्त्वपूर्ण सुराग जुटाए हैं। हमारी एक टीम अभी भी राउरकेला में डेरा डाले हुए है। कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही हम कुछ कह पाने की स्थिति में होंगे।

श्रद्धा सिमडेगा जिले के पत्रटोली गांव की रहने वाली थी और सुंदरगढ़ जिले के बीरमित्रपुर में एक स्कूल की छात्रा थी, जबकि सुनंदिनी ओड़ीशा के सुंदरगढ़ जिले के गिपिटोला लचरा गांव की रहने वाली थी। दोनों राउरकेला में एक हॉकी प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण लिया करती थीं और दोस्त बन गई थीं। एसपी ने कहा कि वे नियमित रूप से एक साथ नहीं रहती थीं, लेकिन दोनों सिमडेगा और सुंदरगढ़ में एक–दूसरे के घर पर अक्सर आती-जाती रहती थीं।

उपभोक्ता संरक्षण कानून लागू करने के लिए तीन महीने में बन जाएंगे नियम

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री रामविलास पासवान ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार नवनिर्मित उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को लागू करने के लिए तीन महीने में नियम तैयार कर देगी और कानून के अनुसार एक प्राधिकारण का गठन भी कर दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि प्राधिकरण में सदस्य रखते समय सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियम का निर्धारण राज्यों, सांसदों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श कर के तैयार किया जाएगा।

संसद ने इस महीने की शुरुआत में उपभोक्ता संरक्षण कानून, 1986 को प्रतिस्थापित करने के लिए उपभोक्ता संरक्षण विधेयक 2019 को मंजूरी दी थी। इस कानून को लागू करने व उपभोक्ता विवादों के निपटारे की नई प्रक्रिया का प्रावधान है। इसमें मिलावट और भ्रामक विज्ञापनों के लिए जेल भेजने सहित कठोर दंडों के प्रावधान भी किए गए हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा– नियमों को तैयार करते समय, हम इस महीने के अंत में सांसदों के साथ परामर्श करेंगे। हम पूर्व उपभोक्ता मामलों के सचिवों को भी बुलाएंगे। हम नियमों को बेहद सतर्कता के साथ तैयार करेंगे ताकि उपभोक्ताओं की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।

संसद ने इस महीने की शुरुआत में उपभोक्ता संरक्षण कानून, 1986 को प्रतिस्थापित करने के लिए उपभोक्ता संरक्षण विधेयक 2019 को मंजूरी दी थी।

पासवान ने इस कानून के तहत केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की स्थापना के प्रावधान को क्रांतिकारी कदम करार दिया। जिससे इस कानून को जरूरी ताकत दी गई है। उन्होंने कहा कि यह प्राधिकरण किसी भी किसी भी उपभोक्ता मामलों का अपनी ओर से संज्ञान ले सकता है, जांच शुरू कर सकता है और उपयुक्त कार्रवाई कर सकेगा। मंत्री ने कहा कि उपभोक्ता कहीं से भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं और उन्हें अपने मामलों का प्रतिनिधित्व करने के लिए वकील नियुक्त करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता के लिए, नियमों में निश्चित समयावधि तय की जाएगी।

जिला, राज्य और केंद्रीय उपभोक्ता मंचों, जिसे अब आयोग कहा जाएगा, में लंबित मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वे सभी राज्यों को इन मंचों में रिक्तियों को भरने के साथ–साथ अच्छा बुनियादी ढांचा और अच्छी तनख्वाह भी प्रदान करने के बारे में पत्र लिखेंगे। भ्रामक विज्ञापनों के बारे में पासवान ने कहा कि निर्माताओं के लिए जेल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। मशहूर हस्तियों के लिए जेल का कोई प्रावधान नहीं है, लेकिन अगर वे भ्रामक विज्ञापन करते पाए जाते हैं तो उन्हें उन उत्पादों का समर्थन करने पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

नई खूबसूरत रोशनी से जगमगाई संसद

नई दिल्ली, 13 अगस्त (भाषा)।

आजादी की वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर 90 वर्ष पुराने आलीशान संसद भवन पर विशेष रंगबिरंगी रोशनी की गई है। नई व्यवस्था के तहत 875 एलईडी लाइट लगाई गई हैं। इनकी खूबी है कि कुछ पलों में ही रोशनी का रंग बदल जाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला की मौजूदगी में संसद भवन की नई रोशनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर कई केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राजनीजिक दलों के सांसद भी मौजूद थे। संसद के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद रहे।

देशभर में रेल की पार्किंग में मिले 3943 वाहन, 59 हजार जुर्माना

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

देश भर में रेलवे स्टेशन की पार्किंग हुई विशेष जांच में 3943 वाहन अवैध तरीके से खड़े पाए गए हैं। इन वाहनों के मालिकों पर रेल सुरक्षा बल ने 59 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जांच 4 ऐसे वाहन भी पकड़े गए हैं, जो कि चोरी के थे। डीजी आरपीएफ अरुण कुमार के आदेशों के बाद यह जांच की गई थी।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के मुताबिक सभी स्टेशनों में ऐसे वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया था। इस अभियान में यह पाया गया कि बड़ी संख्या में वाहन पार्किंग क्षेत्र व नो–पार्किंग क्षेत्र में खड़े पाए गए है। यह जांच 9 अगस्त से शुरू की गई थी और देश के सभी 466 स्टेशनों पर की गई थी।

आरपीएफ ने जांच 4 ऐसे वाहन भी पकड़े गए हैं जो चोरी के वाहन थे। इन वाहनों के लिए विभिन्न पुलिस थानों में मामला भी दर्ज कराया गया था। इसके अतिरिक्त 3943 वाहन ऐसे पाए गए हैं, जिन्हें कोई वाहन मालिक लेने नहीं आया था और इन्हें रेलवे पार्किंग में खड़ा किया गया था। रेलवे पुलिस फोर्स ने अब तक 894 वाहनों की पहचान की है और इन वाहनों के मालिकों पर आगे की कार्यवाही शुरू की गई है।

epaper.jansatta.com

मौसम

तापमान	नई दिल्ली	
अधिकतम–36.4 डि.से.		सूर्योदय– 5:50
न्यूनतम– 27.1 डि.से.		सूर्यास्त– 19:03

ऑटो चालकों को दिल्ली सरकार की सौगात

फिटनेस, जीपीएस शुल्क माफ और जुर्माना राशि कम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में दिल्ली कैबिनेट ने लिया फैसला
- लंबे समय से चल रही थी दिल्ली के ऑटो चालकों की मांग

हजारों ऑटो चालकों को दिल्ली की आम आदमी सरकार ने मंगलवार को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने ऑटो चालकों से वसूले जा रहे फिटनेस, जीपीएस और डिम्ट्स शुल्क को माफ करने का फैसला लिया है। इसके अतिरिक्त देरी करने वाले चालकों पर लगने वाले भारी जुर्माने में भी भारी कमी की है। दिल्ली सरकार के इस फैसले को आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बड़ा कदम माना जा रहा है क्योंकि लंबे समय से ऑटो चालक इस जुर्मानों को कम करने की मांग कर रहे थे।

अभी तक ऑटो चालकों का फिटनेस फीस के तौर पर 600 रुपए, जीपीएस शुल्क 100 रुपए प्रतिमाह व 495 रुपए डिम्ट्स शुल्क देना होता था। अब इनके लिए चालकों को कोई शुल्क नहीं देना होगा। ये शुल्क 2016 में दिल्ली के ऑटो चालकों के लिए लागू किए गए थे। इसके अतिरिक्त देरी करने वालों से वसूले जाने वाले 50 रुपए के शुल्क भी घटाकर 20 रुपए किया गया है। चालक इस शुल्क में कमी किए जाने की मांग कर रहे थे। कैबिनेट के फैसले का सीधा असर दिल्ली के करीब 3 लाख मतदाताओं पर होगा क्योंकि दिल्ली में करीब 90 हजार ऑटो है।

कैबिनेट के फैसले के मुताबिक पंजीकरण व पुनः पंजीकरण के शुल्क को 1000 रुपए से घटाकर 300 रुपए किया गया है। इसके अतिरिक्त डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाणपत्र व ट्रांसफर प्रमाणपत्र के लिए 500 रुपए की जगह 150 –150 रुपए देने होंगे। इन मामलों में चालकों पर लगने वाले जुर्माने को 500 रुपए से घटाकर 100 रुपए किया गया है। वहीं खरीद बिक्री के लिए 1500 रुपए के शुल्क की जगह 500 रुपए का शुल्क देना होगा।

बदलाव एक नजर

शुल्क	पहले	अब
फिटनेस	600	शून्य
जीपीएस	100	शून्य
डिम्ट्स	495	शून्य
पंजीकरण	1000	300
पुन: पंजीकरण	1000	300
पंजीकरण प्रमाण	500	150
ट्रांसफर प्रमाण	500	150
खरीद–बिक्री	1500	500

(नोट : सभी शुल्क राशि रुपए में है।)

पानी संकट वाले 21 शहरों में दिल्ली भी : केजरीवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

देश के पानी संकट वाले शहरों की सूची में दिल्ली भी शामिल है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह रिपोर्ट नीति आयोग ने तैयार की है और इस रिपोर्ट के मुताबिक आने वाले समय में दिल्ली में पानी संकट खड़ा हो सकता है। मालवीय नगर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी संकट से बचाने के लिए दिल्ली सरकार जिन नई योजनाओं पर काम कर रही है, उससे दिल्ली को इस संकट से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि आने वाले 4–5 साल में दिल्ली में हम 24 घंटे पीने के पानी का इंतजाम करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी का रिसाव रोकने के लिए जल्द ही दिल्ली सरकार मालवीय नगर में पॉयलट प्रोजेक्ट शुरू करेगी। यह प्रोजेक्ट जाने माने कार्टूनिस्ट, लेखक और जल संरक्षक आबिद सुरती के मॉडल पर आधारित होगा, इसकी मदद से जगह–जगह होने वाले पानी के रिसाव को रोका जाएगा। मालवीय नगर में यह प्रोजेक्ट सफल होता है तो इसे दिल्ली भर में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2015 में जिस समय 'आप' सरकार बनी थी उस समय 58 फीसद घरों में नल से पानी आता था। अब 2019 में 93 फीसद पानी नल के माध्यम से लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। 7 फीसद कॉलोनियां बची हैं जहां पर पानी की लाइनों का नेटवर्क नहीं है। ये कॉलोनियां एएसआइ व वन विभाग की जमीन पर है और इन कॉलोनियों में भी डेढ़ साल के अंदर पानी लाइन बिछाई जाएंगी।

उन्होंने बताया कि दिल्ली पानी के लिए हरियाणा व उत्तर प्रदेश पर निर्भर है। यहां पर अपना पानी उपलब्ध नहीं है। 150 क्यूसेक पानी और दिल्ली को मिल सकता है। लेकिन इस पानी को लेकर हरियाणा व दिल्ली के बीच अदालत में विवाद चल रहा है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है और हम 110 क्यूसेक पानी के लिए लड़ रहे हैं। यमुना खादर इलाके में पानी को बचाने के लिए दिल्ली सरकार ने एक प्रोजेक्ट की शुरुआत की है। इसकी मदद से दिल्ली का भूजल स्तर उठाया जाएगा। यह प्रोजेक्ट अगले वर्ष 1500 एकड़ जमीन पर खुदाई करके किया जाएगा। उन्होंने दावा किया आगामी 3–4 साल में दिल्ली सरकार 50 फीसद तक पानी की उपलब्धता में इजाफा करेगी। इसकी मदद से भविष्य में दिल्ली को 24 घंटे पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा।

मुफ्त चीजों से नहीं होगा शहरी विकास : पुरी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

आम आदमी पार्टी की मुफ्त योजनाओं को लेकर केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दिल्ली सरकार पर हमला बोला। हरदीप पुरी ने कहा कि शहरी विकास, मुफ्त चीजें देने से नहीं होगा। उनका इशारा हाल ही में आम आदमी पार्टी की मुफ्त की विभिन्न योजनाओं बिजली, महिलाओं का मुफ्त सफर आदि की तरफ था। जिनका दिल्ली सरकार ने ऐलान किया था।

ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछले सप्ताह पुरी को आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के साथ सह–प्रभारी नियुक्त किया था। वे 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2020' की शुरुआत के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार सब कुछ मुफ्त में देना चाहती है, लेकिन जहां तक शहरी विकास की बात है तो यह तरीका नहीं है। हरदीप पुरी ने मंगलवार को एक मोबाइल ऐप्लिकेशन की शुरुआत की जिसके माध्यम से लोग शहरी नगर निकायों से अपने घरा का कचरा उठवा सकेंगे। स्वच्छ नगर ऐप के माध्यम से सेवा हासिल करने के लिए लोगों को नगर निकायों को भुगतान करना होगा। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के मुताबिक, वे ऐप पर कचरा उठाने वाले वाहन को भी ट्रैक कर पाएंगे जिससे नगर निगमों की जवाबदेही तय होगी। सर्वेक्षण का विषय 'स्वच्छता हमारा अधिकार' है।

जलभराव पर आपस में भिड़े 'आप' विधायक

मंगलवार को पानी के मसले को जल बोर्ड उपाध्यक्ष दिनेश मोहनिया व 'आप' विधायक प्रकाश जारवाल आपस में भिड़ गए। यह हंगामा ट्वीटर पर हुआ। दिनेश मोहनिया ने ट्वीट कर–के बताया कि 'हमारी विधानसभा के मंगल बाजार रोड पर जलभराव की समस्या का समाधान कब होगा। यह सवाल फेसबुक लाइव के माध्यम से जनता से पूछा गया था'। इसे टैग करते विधायक प्रकाश जारवाल ने कहा कि 'अब कम से कम जल बोर्ड को आदेश देकर जल्दी खत्म करवा दो, सिर्फ फेसबुक पर लाइव रहने वाले विधायक जी'। एक अन्य ट्वीट में विधायक प्रकाश जारवाल ने कहा कि सीवर के उद्घाटन के 2.5 साल बाद काम को रोकने का श्रेय भी जल बोर्ड उपाध्यक्ष को जाता है। ये फेसबुक लाइव 5 साल पहले चला लिया होता तो मंगल बाजार का काम नहीं रोका होता, तो जनता को ये तकलीफ नहीं होती।

आज के कार्यक्रम

सभा/संगोष्ठी

इंडिया हैबिटाट सेंटर : दिल्ली के वास्तुकला पर चर्चा, गुलमोहर सभागार, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम सात बजे।

विविध

इंडिया हैबिटाट सेंटर : संगीत, अमलतास सभागार, इंडिया हैबिटाट सेंटर, लोधी रोड, शाम सात बजे।

गांधीनगर में कपड़ों की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर मार्केट में मंगलवार सुबह भीषण आग लग गई। एक दुकान से होते हुए आग ने छह दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। दिल्ली अग्निशमन विभाग के मुताबिक आग सुबह करीब 7 बजकर 45 मिनट पर लगी। कपड़े की दुकानें होने के कारण आग तेजी से फैलती गई। लेकिन बचाव दल ने लोगों को वहां से हटाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद 12 से ज्यादा दमकलों की मदद से दो घंटे में आग पर काबू पा लिया। इसमें कोई जान का नुकसान नहीं हुआ लेकिन लाखों रुपए के कपड़े जल गए हैं।

मंगलवार सुबह जैसे ही कपड़े मार्केट में आग की सूचना मिली लोगों ने पहले खुद से आग को बुझाने की कोशिश की। आग बेकाबू होने पर दमकल विभाग को जानकारी दी गई। व्यापारियों का कहना है कि कपड़े की दुकान के नीचे एक इन्वर्टर रखा हुआ था जिसमें शार्ट सर्किट के चलते धमाका हुआ और वहां लगे बिजली के खंभों में आग लग गई। आग की चपेट मे आई दुकानों का सामान जलकर खाक हो गया। दमकल की गाड़ियां नीचे की तरफ आग बुझा रही थीं जब उन्हें ऊपर आग बुझाने के लिए कहा गया तो इसमें तकरीबन डेढ़ घंटा लग गया जिसकी वजह से आग और ज्यादा फैल गई।

पंजाबी अकादमी संचालक समिति की बैठक

गुरु नानक का डिजिटल पुस्तकालय और संग्रहालय बनाने पर सहमति

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

दिल्ली सरकार ने गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व को धूमधाम से मनाने का फैसला किया है। इस संबंध में कार्यक्रमों के लिए सरकार अलग से 10 करोड़ रुपए का प्रावधान भी करेगी। साथ ही जवाहर लाल विश्वविद्यालय में पंजाबी पीठ स्थापित करने के लिए जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव पारित किया जाएगा। यह फैसले मंगलवार को उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता में हुई पंजाबी अकादमी की गवर्निंग बॉडी में लिए गए।

उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली में गुरु नानक देव के जीवन पर आधारित डिजिटल पुस्तकालय–संग्रहालय बनाने पर भी सहमति प्रकट की और संबंधित अधिकारियों को जगह देखने के निर्देश दिए हैं। पूर्व विधायक एवं पंजाबी अकादमी के उपाध्यक्ष जरनैल सिंह सहित तमाम अकादमी सदस्यों के साथ हुई बैठक में पंजाबी शिक्षकों का मुद्दा भी उठाया गया। गुरुनानक देव के 550वें प्रकाश उत्सव के लिए डॉक्यूमेंट्री फिल्म, नाटक, गुरुवाणी संगीत कार्यक्रम, सेमिनार, लाइट एंड साउंड शो, काफी टेबल बुक, प्रदर्शनी समेत कई कार्यक्रम दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किए जाएंगे।

महात्मा गांधी की 150वीं वर्षगांठ भी मनाएगी सरकार : दिल्ली सरकार ने सभी भाषायी अकादमियों को महात्मा गांधी की 150वीं वर्षगांठ पर पूरी दिल्ली में कार्यक्रम आयोजित करने का भी फैसला किया है। इस संबंध में उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सभी अकादमियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री इन सभी अकादमियों के अध्यक्ष भी हैं।

'चीन पर निर्भरता दुखद'

मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को डेल्ही फार्मास्युटिकल साइंड एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (डीपीएसआरयू) में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में कहा कि फर्मास्युटिकल अनुसंधान के आधार पर हम दुनिया में नीचे की ओर से पांचवें स्थान पर आते हैं। कहा कि यह दुख की बात है कि प्राकृतिक संसाधन होने के बावजूद भी हम फार्मास्युटिकल अनुसंधान के लिए कच्चे उत्पादों को लेकर भी चीन पर निर्भर रहता है।

एनएमसी पर चर्चा

निर्माण भवन में मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन ने आइएमए और डीएमए के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) कानून पर चर्चा की। इस दौरान डॉक्टर रवि मलिक ने इस कानून को बनाने के लिए मंत्री को धन्यवाद दिया।

गुरुद्वारा कमेटी के स्कूल में चल रहे क्लब पर उठे सवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा पर निजी कंपनी के साथ मिलीभगत का आरोप लगाते हुए वसंत विहार के गुरु हरि किशन पब्लिक स्कूल में लाइफ स्टाइल स्विम एंड जिम के नाम से चल रहे क्लब के साथ कमेटी के करार को सार्वजनिक करने की मांग की है। जीके ने मंगलवार को इस बाबत बुलाई बुलाई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा–कमेटी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने अपने कथित निजी फायदे के लिए गुरु हरि किशन पब्लिक स्कूल वसंत विहार में कमेटी को अंधेरे में रखकर 22000 वर्गफुट में क्लब खुलवा दिया है। जिसका अब तक का बाजार रेट का किराया ही 20 करोड़ रुपए बनता है। लेकिन कमेटी के खाते में एक पाई भी अभी तक जमा नहीं हुई है। इसके दस्तावेज सार्वजनिक किए जाने चाहिए। जीके ने कहा वसंत विहार स्कूल में पिछले 4 साल से एक निजी कंपनी स्विमिंग पूल के नाम पर क्लब चला रहीं है। जिसमें जिम, जुम्बा डांस, योगा सहित कई खेल मोटी फीस लेकर सिखाए जा रहें है। साथ ही विटामिन सप्लीमेंट, स्पोर्ट्स शूज सहित कई सामानों की बिक्री आदि भी क्लब सदस्यों को परोसा जा रहा है।

जामिया में आइएनएस कोलकाता के मॉडल का उद्घाटन कल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

भारतीय नौसेना के जहाज आइएनएस कोलकाता के मॉडल का स्वाधीनता दिवस के अवसर पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया में उद्घाटन किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने मंगलवार को बताया कि पोत के मॉडल को सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र के बाहर लगाया जा रहा है और विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर नजमा अख्तर भारतीय नौसेना के अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में 15 अगस्त को इसका उद्घाटन करेंगी।

रविदास मंदिर का दोबारा निर्माण कराए केंद्र : कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

कांग्रेस ने दिल्ली के तुगलकाबाद में रविदास मंदिर को केंद्रीय एजंसियों द्वारा गिराए जाने की कड़ी आलोचना की है। पार्टी ने कहा है कि इससे संत रविदास के करोड़ों शिष्यों और श्रद्धालुओं की भावनाओं का अपमान हुआ है और मांग की है कि केंद्र सरकार दिल्ली के प्राचीन रविदास मंदिर का दोबारा निर्माण करवाए।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि संत रविदास की याद में बना यह मंदिर जिस रोड पर स्थित है उसका नामकरण भी संत रविदास के नाम पर किया गया था। किवदंती के अनुसार जब संत रविदास बनारस से पंजाब की ओर जा रहे थे, तब उन्होंने 1509 में इस स्थान पर आराम किया था। यहां पर एक बावड़ी भी बनवाई गई थी जो आज भी मौजूद है। आजाद भारत में 1954 में इस जगह पर एक मंदिर का निर्माण हुआ था।

चौकसी



फोटो : अरुष चोपड़ा

दो दिन बंद रहेगी मेट्रो स्टेशनों की पार्किंग

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

मेट्रो ट्रेन सेवा 15 अगस्त को आम दिनों की तरह ही चलती रहेगी। हालांकि वॉयलेट लाइन के कुछ स्टेशनों पर निर्धारित गेट से प्रवेश और निकास हो सकेंगे। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन सारे मेट्रो स्टेशन खुले रहेंगे, लेकिन स्टेशनों पर पार्किंग 14 अगस्त को सुबह छह बजे से 15 अगस्त को दोपहर दो बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि वॉयलेट लाइन के चार स्टेशनों–लाल किला, जामा मस्जिद, दिल्ली गेट और आइटीओ पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान चुनिंदा द्वार से प्रवेश और निकास की अनुमति होगी।

स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली में 40 हजार जवान तैनात

मेट्रो स्टेशनों पर लगाए गए संदिग्ध आतंकियों के पोस्टर

अमलेश राजू
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

स्वतंत्रता दिवस पर चाक–चौबंद सुरक्षा के बीच दिल्ली हाई अलर्ट पर है। खुफिया सूचना पर पुलिस ने संदिग्ध आतंकियों के जगह–जगह पोस्टर चिपका कर आम लोगों को सावधान रहने और नजर पड़ने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने कहा है। इस बीच दिल्ली मेट्रो और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा बलों ने विशेष निगरानी शुरू कर दी है। दिल्ली की सुरक्षा में वीवीआइपी सुरक्षा को छोड़कर करीब 40 हजार जवानों की निगरानी है। इनमें अर्द्धसैनिक बलों, दिल्ली पुलिस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बलों के जवानों को तैनात किया गया है। एनएसजी, एसपीजी और आइटीबीपी के साथ मिलकर स्वात टीम और पराक्रम वाहनों को रणनीति के तहत तैनात किया गया है। अकेले हवाईअड्डे पर करीब पांच हजार और मेट्रो की सुरक्षा में 12 हजार से ज्यादा जवान दिन रात सुरक्षा में मुस्तैद हैं। दिल्ली पुलिस आयुक्त ने भी आला अधिकारियों की बैठक में जमीन से आसमान तक सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त करने के निर्देश दिए हैं।

स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद हालात को देखते हुए दिल्ली में लाल किले पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा बहुत अहम हो गई है। खुफिया एजंसियों से मिली आतंकवादी हमले की धमकियों के बाद राजधानी दिल्ली हाई अलर्ट पर है। इस बीच दिल्ली पुलिस ने संदिग्ध आतंकवादियों के पोस्टर कनॉट प्लेस के राजीव चौक मेट्रो स्टेशन समेत विभिन्न स्थानों पर चिपकाए गए हैं। इन पोस्टरों में एक में खालिस्तान फोर्स, इंडियन मुजाहिद्दीन और अलकायदा के संदिग्ध आतंकवादियों की तस्वीर छपी है। इन्हें कहीं भी देखे जाने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई है। जानकारी देने वालों के नाम गुप्त रखने की बात कही गई है और पोस्टर के नीचे नंबर भी दिए गए हैं। दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त प्रवक्ता एके मित्तल ने बताया कि पुलिस ने कई स्तरों पर सुरक्षा व्यवस्था की है। संदिग्धों की चेहरे की पहचान के लिए मशीनें लगाई गई हैं। रेलवे पुलिस के उपायुक्त दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी रेलवे स्टेशनों पर सादे वर्दी में पुलिस तैनात हैं। दिल्ली पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक ने बीट वालों से लेकर डिविजन अधिकारी, इंस्पेक्टर, सहायक पुलिस आयुक्त, उपायुक्त और उनसे ऊपर के सभी आला अधिकारियों को विशेष निगरानी के निर्देश दिए हैं। दिल्ली पुलिस के करीब 20 हजार जवान लाल किला सहित अन्य स्थलों पर तैनात हैं। हवाई अड्डे पर पांच हजार और मेट्रो स्टेशनों पर 12 हजार से ज्यादा सुरक्षा बल के जवान यात्रियों की जांच कर रहे हैं।

अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षा

दिल्ली पुलिस वीवीआइपी जगहों, वीआइपी इमारतों, ऐतिहासित स्थलों, बाजारों और व्यावसायिक शापिंग सेंटरों के आसपास अवरोधक लगाकर जांच के बाद ही अंदर जाने की इजाजत दे रही है। बाजारों में पांच सौ से एक हजार तक सीसीटीवी लगाए गए हैं संवेदनशील और असंवेदनशील सभी जगहों पर आम लोगों की नजरों से बजाकर भी सीसीटीवी कैमरे लगे हुए

मौसम

तापमान	नोएडा	गाजियाबाद	गुरुग्राम	फरीदाबाद
अधिकतम	35.5 डि.से.	35.5 डि.से.	34.4 डि.से.	35.1 डि.से.
न्यूनतम	27.4 डि.से.	27.4 डि.से.	27.4 डि.से.	27.4 डि.से.

स्कूल में छात्रा से बलात्कार, सफाईकर्मी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

● पुलिस ने पॉक्सो समेत कई धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को घर से पकड़ा

ग्रेटर कैलाश इलाके के एक निजी स्कूल में प्री नर्सरी की छात्रा से स्कूल के शौचालय में बलात्कार का मामला सामने आया है। वारदात के बाद घर पहुंची बच्ची की तबीयत खराब होने के बाद परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने बलात्कार और उसके साथ हुई दरिंदगी के बारे में बताया। परिजनों ने तुरंत सीआर पार्क पुलिस को जानकारी दी।

पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आइपीसी की धारा 376ए और पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बच्ची ने काउंसिलिंग के दौरान स्कूल के सफाईकर्मी के बारे में बताया जो उसके साथ गलत काम कर रहा था। पुलिस ने बच्ची के बयान के बाद स्कूल के सफाई कर्मचारी 45 साल के पिचूमुतु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पीड़ित बच्ची के परिजन निजी कंपनी में काम करते हैं। बीते साल परिजनों ने बच्ची का दाखिला ग्रेटर कैलाश में एक बड़े निजी स्कूल में नामांकन कराया था। इसी स्कूल में पिचुमुतू नाम का सफाई कर्मचारी है। पिचुमुतू की ड्यूटी बच्चों की कक्षा वाले भवन में लगाई गई हैं। बीते बुधवार को स्कूल के बाद जब बच्ची अपने घर पहुंची तो परिजनों से पेट दर्द की शिकायत की। बच्ची की मां ने घर में मौजूद दवा और खाना खिलाने के बाद बच्ची को सोने के लिए भेज दिया। लेकिन कुछ ही देर बाद बच्ची रोने लगी। मां ने बच्ची से रोने का कारण पूछा तो उसने पेट दर्द बताया। इसके बाद महिला ने अपने पति को बच्ची की तबीयत के बारे में बताया और घर आने के लिए कहा। बच्ची का पिता घर आया और उसे लेकर अस्पताल पहुंचा। जहां बच्ची का उपचार शुरू किया गया। बच्ची की जांच के बाद डॉक्टर ने परिजनों को बताया कि उसके साथ बलात्कार किया गया है। स्कूल में बच्ची के साथ बलात्कार की सूचना के बाद पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची।

जहां बच्ची का काउंसिलिंग शुरू की गई। काउंसिलिंग के दौरान बच्ची ने बताया कि उनके स्कूल के 'स्वीपर अंकल' उसके साथ गंदा काम करते हैं। पुलिस ने स्कूल प्रशासन की मदद से कर्मचारी की जानकारी जुटाई और उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

आदर्श नगर और अशोक विहार इलाके में करंट से दो की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के आदर्श नगर और अशोक विहार में मंगलवार को करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि आदर्शनगर में घर में कपड़े धोते हुए एक नाबालिग किशोरी की करंट लगने से मौत हो गई। जबकि अशोक विहार इलाके में मकान बना रहे ठेकेदार की करंट लगने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार की बारिश के साथ वायर में करंट लगने से मौत हुई।

भारत सरकार
लोकबोर्ड चयन उद्यम
डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड
में
प्रबंध-निदेशक
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
लोक उद्यम चयन बोर्ड में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि
17 अक्टूबर, 2019 (15.00 बजे तक)
है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
https://www.pesb.gov.in
में लॉगइन करें।

NEW LIGHT APPARELS LIMITED

Registered Office: GC-24, IST FLOOR, SHIVAJI ENCLAVE,RAJA GARDEN,,DELHI-110027
Landline: (91)-11-45613885 CIN:L74899DL1995PLC064005
Web: http://www.newlightapp.com E-Mail: newlight.apparels@gmail.com

Extract of unaudited Standalone Financial Results for the first Quarter Ended June 30, 2019
(Rs. In Thousands Except per share data)

Particulars	Quarter ended			Year Ended
	30.06.2019 (Unaudited)	31.03.2019 (Audited)	30.06.2018 (Uaudited)	31.03.2019 (Audited)
Total Income from Operations	36,270.52	47,084.18	43,486.64	2,25,503.87
Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	429.37	751.75	847.89	3,831.61
Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	429.37	751.75	847.89	3,906.57
Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	318.81	574.43	629.56	2,907.85
Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	318.81	574.43	629.56	2,907.85
Equity Share Capital (In Qty)	21,962.30	21,962.30	21,962.30	21,962.30
Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)-				
1. Basic :	0.01	0.26	0.03	1.32
2. Diluted:	0.01	0.26	0.03	1.32

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of the unaudited standalone financial Results for the first quarter ended June 30, 2019 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results for the quarter ended June 30, 2019 is available on the Stock Exchanges' website (www.bseindia.com) and Company's website (www.newlightapparels.com).
2. The above unaudited standalone financial results for the first quarter ended on June, 2019 have been reviewed by the Audit Committee and have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 13th August 2019.
3. The Company has adopted Indian Accounting Standards (IND AS) prescribed under the Companies Act, 2013 read with relevant rules there under, with effect from April 1, 2017 and accordingly these financial results have been prepared in accordance with Ind-AS notified under the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended by the Companies (Indian Accounting Standards) (Amendments) Rules, 2016.

FOR AND ON BEHALF OF BOARD OF
NEW LIGHT APPARELS LIMITED
SD/-
SANDEEP MAKKAD
MANAGING DIRECTOR
DIN: 01112423

PLACE: NEW DELHI
DATE: 13TH AUGUST, 2019

मान एल्युमिनियम लिमिटेड
पंजीकृत. कार्यालयः 4/5, फर्स्ट फ्लोर, असफ अली रोड़, नई दिल्ली–110002
CIN: L30007DL2003PLC214485, फोनः 011-40081800,
वेबसाइटः www.maanaluminium.in, ईमेलः info@maanaluminium.in
MAAN

30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए
अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का उद्धरण
(रु. लाखों में ईपीएस को छोड़कर)

क्र. स.	विवरण	समाप्त तिमाही 30 जून 2019 (अनंकेक्षित)	समाप्त तिमाही 30 जून, 2018 (अनंकेक्षित)	समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2019 (अंकेक्षित)
1	प्रचालन सकल से कुल आय	13,591	10,530	65,199
2	अपवादात्मक मदों और कर से पहले शुद्ध लाभ	348	348	1,445
3	कर से पहले अवधि के लिए शुद्ध लाभ	348	348	1,445
4	कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ	228	226	922
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय	227	227	917
6	इक्विटी शेयर पूंजी	676	676	676
7	प्रत्येक रू. 10/–से प्रति शेयर आय			
	बेसिक ईपीएस	3.37	3.34	13.64
	डायल्यूटिड ईपीएस	3.37	3.34	13.64

नोट्सः
1. 13 अगस्त, 2019 को आयोजित बैठक में 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति ने की है और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
2. सेबी (सुचियन दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकतायें) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के अनुसार, स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दर्ज की गई उपरोक्त वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। सम्पूर्ण वित्तीय परिणाम www.bseindia.com और www.maanaluminium.in पर उपलब्ध है।

कृते और बोर्ड की ओर से
हस्ता/–
(रविन्द्र नाथ जैन)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN : 00801000

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 13 अगस्त, 2019

चौपाल के मोहनकृष्ण बोहरा पर केंद्रित विशेषांक का लोकार्पण

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

'पढ़ो तो पूरा पढ़ो, तल तक जाओ। आगे बढ़ो तो उत्स तक जाओ।' हिंदी के वयोवृद्ध आलोचक प्रोफेसर मोहनकृष्ण बोहरा ने उक्त विचार अपने 80वें जन्मदिन पर चौपाल द्वारा आयोजित समारोह में व्यक्त किए। जोधपुर के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स के सभागार में आत्मीय जन को संबोधित करते हुए प्रोफेसर बोहरा ने अपने वक्तव्य की शुरुआत एक पंजाबी कथन से की 'तुस्सी साड्डा जुलूस करना चांदे हो'। यह इस आयोजन पर उनकी हास्यपूर्ण प्रतिक्रिया थी, जिसमें करुणा और किंचित नापसंदगी का स्वर भी साफ सुना जा सकता था। इसके बाद वे अपनी रौ में आए और फिर अपनी जीवन यात्रा, लेखन यात्रा का बहुत निर्मम और तटस्थ चित्रण किया।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
कनाट प्लेस शाखा
14/15–एफ, कनाट प्लेस, नई दिल्ली–110001
ई–मेल : dgmconnaughtplace@unionbankofindia.com
फोन : 23312899 (डायरेक्ट), 23354684, 23310119, 23314777

(नियम 8(6) का प्रावधान देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा जनसाधारण तथा विशेष रूप से कर्जदारों और गारंटरों को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत ऋणदाता के पास बन्धक/प्रभारित निम्न विवरणित अचल सम्पत्ति, जिसका वास्तविक कब्जा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी, प्रतिभूत ऋणदाता द्वारा ले लिया गया है, की बिक्री दिनांक 17–09–2019 को ''जैसी है जहां है'', जैसी है जो है'' तथा ''वहां जो कुछ भी है'' आधार पर किया जाएगा ताकि एसआरएस मॉडर्न सेल्स लिमिटेड और गारंटरों एसआरएस रिट्रीट सर्विसेज लि. द्वारा विजया बैंक (अब बैंक ऑफ बड़ौदा) प्रतिभूत ऋणदाता को भुग्तेय 31–12–16 के अनुसार रु 13,83,60,456/– का 01–01–2017 से आज दिनांक तक भावी ब्याज एवं लागत के साथ और पंजाब नैशनल बैंक को भुग्तेय 31–10–16 के अनुसार रु. 26,89,14,258.85 का 01–11–2016 से आज दिनांक तक भावी ब्याज एवं लागत के साथ और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को भुग्तेय 31–08–2016 के अनुसार रु. 40,41,83,754.19 का 01–09–2016 से आज दिनांक तक भावी ब्याज एवं लागत के साथ बकाया धनराशियों की वसूली संभव हो सके।

(सम्पत्ति का संक्षिप्त विवरण)

लॉट सं. 1 : एसआरएस रिट्रीट सर्विसेज लि. के स्वामित्वधारण में सीएलयू, तहसील जिला पलवल, फरीदाबाद के पास भूमि मापन 22 कनाल 5 मारला मस्ट (आयताकार सं.) 34 किला सं. 9/3 (2–10) 8(8–0) 10/1(6–5) 9/2(2–10) 9/1 (3–0) किला 4 ग्राम पृथला।
सुरक्षित मूल्य रु. 14.80 करोड़ है तथा धरोहर राशि जमा केवल रु. 1.48 करोड़ है।
लॉट सं. 2 : एसआरएस रिट्रीट सर्विसेज लि. के स्वामित्वधारण में ग्राम बसेलवा, फरीदाबाद में स्थित भूमि मापन 11 कनाल 10 मारला, रेक्ट. नं. 57, किला नं. 3/2(4–7)।
सुरक्षित मूल्य रु. 9.04 करोड़ है तथा धरोहर राशि जमा केवल रु. 90.40 लाख है।
लॉट सं. 3 : एसआरएस रिट्रीट सर्विसेज लि. के स्वामित्वधारण में ग्राम बसेलवा, फरीदाबाद में स्थित खेवट सं. 35/40, रेक्ट. नं. 46 और खेवट सं. 543/651, रेक्ट नं. 46 तथा जिसका कुल भूमि क्षेत्र 25 कनाल एवं 8 मारला है।
सुरक्षित मूल्य रु. 22.34 करोड़ है तथा धरोहर राशि जमा केवल रु. 2.23 करोड़ होगी।
प्रतिभूत ऋणदाता को ज्ञात भारग्रस्तताएं, यदि कोई हों : अज्ञात
ई–नीलामी एजेन्सी विवरण : मैसर्स 4क्लोजर, वेबसाइट : www.bankauctions.in, हेल्पलाइन नं. 08142000062/66 (मोबाइल), दूरभाष : 040–23836405, जिनसे सम्पर्क किया जाना है वे व्यक्ति – विकास : 8142000809, ई–मेल : vikas@bankauctions.in तथा
बोली जमा करने की तिथि 16–09–2019 को सायं 5.00 बजे तक
बिक्री के विस्तृत नियमों तथा शर्तों के लिए कृपया प्रतिभूत ऋणदाता की वेबसाइट नामतः www.unionbankofindia.co.in में उपलब्ध लिंक देखें।
इस सूचना को ऊपर वर्णित तिथि पर उपरोक्त सम्पत्तियों की ई–नीलामी बिक्री आयोजित करने के बारे में उक्त ऋण के कर्जदारों तथा गारंटरों हेतु प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान तथा नियम 8(6) के अन्तर्गत नोटिस भी समझा जाए।

स्थान : नई दिल्ली (मुकेश कुमार बब्बर) प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 13–08–2019 यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कनाट प्लेस शाखा मोबाइल : 7533904845

VIKALP SECURITIES LIMITED
Regd. Office: 25/38, KARACHI KHANA, KANPUR,
UTTAR PRADESH - 208001
CIN - L65993UP1986PLC007727, Contact No: 0512-2372665
Email id : vikalpsecuritieslimited@gmail.com
Website : www.vikalpsecurities.com
EXTRACT OF STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED ON 30th JUNE, 2019
(Rs. in Lacs)

S. No.	Particulars	Quarter ending/ Current year ending 30.06.2019	Year to date figures ending 30.06.2018	Corresponding 3 months ended in the previous year 31.03.2019
1	Total Income from Operations	0.00	0.00	0.00
2	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items)	1.57	2.51	-5.17
3	Net Profit/(Loss) for the period before Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	1.57	-20.15	-5.17
4	Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	1.16	-20.80	-5.17
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after Tax)]	4.04	-20.69	-5.23
6	Equity share capital (Face Value of Rs.10/- each)	305.19	305.19	305.19
7	Reserves (Excluding Revaluation Reserves) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	Nil	Nil	109.19
8	**Basic and diluted EPS (Not Annulized) (Rs.)**			
	Basic	0.04	-0.68	-0.17
	Diluted	0.04	-0.68	-0.17

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly ended unaudited Financial Results of 30th June, 2019 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly ended Financial Results of 30th June, 2019 are available on the website of Bombay Stock Exchange Limited **www.bseindia.com** and on the website of the Company **www.vikalpsecurities.com**.

For **Vikalp Securities Limited**
Sd/-
Arun Kejriwal
Managing Director
DIN : 00687890

Date : 12th August, 2019
Place : Kanpur

हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड
(CIN : U74899DL1991PLC046774)
पंजी. कार्यालयः 34, कम्यूनिटी सेंटर, वसंत लोक, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057
ईमेल : investors@herofincorp.com फोन नं. 011–46044100, 011–49487150
वेबसाइटः www.herofincorp.com
HeroFinCorp.

वार्षिक आम बैठक की सूचना,
ई–वोटिंग और बुक क्लोजर सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड** के सदस्यों की **28 वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 06 सितंबर, 2019 को दोपहर 3:00 बजे जकरंदा, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोदी रोड, नई दिल्ली –110003** में आयोजित की जाएगी जिसमें, एजीएम की सूचना वर्णित साधारण और विशेष व्यवसायों को निष्पादित किया जाएगा।

एजीएम की सूचना तथा वित्त वर्ष 2018–19 का वार्षिक रिपोर्ट स्वीकृत पद्धति में उनके पंजीकृत पते पर सभी सदस्यों को भेज दिया गया है। कट–ऑफ तिथि अर्थात **शुक्रवार, 30 अगस्त, 2019** को भौतिक पद्धति अथवा डीमेट पद्धति में शेयर धारित करने वाले कम्पनी के सदस्य एजीएम स्थल के किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रणाली (रिमोट ई–वोटिंग) का उपयोग कर सूचना में वर्णित सभी व्यावसायिक मदों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना मतदान कर सकते है।

कम्पनी (प्रबंध तथा प्रशासन) नियमावली, 2014, जैसा कि समय–समय पर संशोधित किया जाता है, के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुपालन में रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग (रिमोट ई–वोटिंग) का विवरण इस प्रकार है:

1) एजीएम में निपादित होने वाले व्यवसायों को रिमोट ई–वोटिंग द्वारा निष्पादित किया जा सकता है। ई–वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिये कम्पनी ने मैसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. (एलआईआईपीएल) की सेवाएं प्राप्त की है। सदस्यगण https://instavote.linkintime.co.in पर एलआईआईपीएल की इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रणाली के माध्यम से अपना मतदान कर सकते है।
2) रिमोट ई–वोटिंग मंगलवार, 3 सितम्बर, 2019 को 10.00 बजे पूर्वा. में शुरू होगी तथा बीरवार, 05 सितम्बर, 2019 को 5.00 बजे अप. में बंद होगी। उसके बाद रिमोट ई–वोटिंग पद्धति निष्क्रिय कर दी जायेगी।
3) इलेक्ट्रॉनिकी माध्यमों से अथवा एजीएम स्थल पर मतदान की पात्रता सुनिश्चित करने के लिये कट–ऑफ तिथि शुक्रवार 30 अगस्त, 2019 है, जिस व्यक्ति का नाम कट–ऑफ तिथि को कम्पनी के सदस्यों के रजिस्ट्रार अथवा डिपॉजिटरीज द्वारा प्रबंधित स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज होगा, वे ही रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम में मत–पत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्राप्त करने के लिये अधिकृत होंगे।
4) यदि कोई व्यक्ति सूचना के प्रेषण के बाद कम्पनी का शेयर अर्जित करते हैं तथा कम्पनी का सदस्य बनते है तथ कट–ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 30 अगस्त, 2019 को शेयर धारित करते हैं, को insta.vote@linkintime.co.in पर अनुरोध भेज कर लॉगिन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकते है।
5) एजीएम में मत–पत्र द्वारा मतदान की सुविधा उलब्ध कराई जायेगी।
6) जिन सदस्यों ने एजीएम से पूर्व रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना मतदान किये हों वे एजीएम में शामिल हो सकते हैं, लेकिन फिर से अपना मतदान करने के लिये अधिकृत नहीं होंगे।
7) ई–वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया 28वीं एजीएम के आमंत्रण की सूचना की टिप्पणी के क्लॉज 8 में दी गई है।
8) रिमोट ई–वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की पूछताछ अथवा समस्याओं के लिये सदस्यगण हेल्प लाइन के अंतर्गत https://instavote.linkintime.co.in पर उपलब्ध frequently asked questions ("FAQs") तथा ई–वोटिंग मैन्यूअल देखें अथवा enotices@linkintime.co.in पर ईमेल करें अथवा 022–4918600 पर एलआईआईपीएल से सम्पर्क करें।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के अनुपालन में सदस्यों के रजिस्टर तथा कम्पनी की शेयर अंतरण पुस्तकें शनिवार, 31 अगस्त, 2019 से शुक्रवार, 06 सितम्बर, 2019 (दोनों दिवस सहित) तक एजीएम के उद्देश्य से तथा वित्त वर्ष 2018–19 के लिये अंतिम लाभांश (यदि घोषित होता है) के लिये सदस्यों की अधिकारिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बंद रहेंगे। अंतिम लाभांश का भुगतान ऐसे सदस्यों / लाभार्थी स्वामियों को किया जायेगा जिनके नाम शुक्रवार, 30 अगस्त, 2019 को व्यावसायिक अवधि की समाप्ति पर सदस्यों के रजिस्टर/डिपॉजिटरी के अभिलेखों में शामिल होंगे। 28वें एजीएम के आमंत्रण की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.herofincorp.com तथा लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. (एलआईआईपीएल) की वेबसाईट https://instavote.linkintime.co.in पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड की आज्ञानुसार
कृते हीरो फिनकॉर्प लि.
हस्ता/–
शिवेंद्र सुमन
(प्रधान – अनुपालन एवं कंपनी सचिव)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : अगस्त 12, 2019

indianexpress.com

I arrive at a conclusion not an assumption.

Inform your opinion with trusted reportage and detailed analysis.

The Indian Express.
For the Indian Intelligent.

The Indian EXPRESS
JOURNALISM OF COURAGE

जनसत्ता

14 अगस्त, 2019

रणनीतिक कदम

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद दुनिया के ज्यादातर देशों ने भारत के इस फैसले को उसका अंदरूनी मामला बताते हुए इस मुद्दे से उचित दूरी बना ली है। पाकिस्तान के दो सबसे प्रमुख सहयोगी और हमदर्द चीन और अमेरिका ने हाल में जिस तरह का रुख दिखाया है, उससे साफ है कि कश्मीर मुद्दे पर अब पाकिस्तान को कोई अहमियत नहीं मिल रही। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों चीन की सरकारी यात्रा पर हैं और उन्होंने चीनी विदेश मंत्री के साथ बातचीत में यह साफ कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटा कर उसे संशोधित रूप में लागू करना और राज्य को विभाजित कर दो केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला पूरी तरह से भारत का अंदरूनी मसला है। अनुच्छेद 370 को हटाने के तुरंत बाद चीन ने लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने को लेकर अपनी असहमति जताई थी। लद्दाख का हिस्सा अक्साईचिन तक है और यह इलाका भारत और चीन दोनों के लिए ही सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। इसलिए चीन ने अपनी तात्कालिक प्रतिक्रिया में कहा था कि जम्मू-कश्मीर के मामले में भारत एकतरफा कार्रवाई से बचे। लेकिन उसने अपनी प्रतिक्रिया में ऐसा कुछ नहीं कहा था जो पाकिस्तान के प्रति उसके समर्थन को जाहिर करता हो।

दरअसल, चीन नहीं चाहता कि भारत लद्दाख के क्षेत्र में विकास गतिविधियों को शुरू करे। इसलिए भारत ने अपनी स्थिति और रुख को स्पष्ट करते हुए बता दिया है कि अनुच्छेद 370 को हटाने से पाकिस्तान और चीन दोनों के साथ सीमाओं में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं हुआ है और भारत ने यह कदम जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बेहतर विकास के लिए उठाया है। विदेश मंत्री बनने के बाद एस जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा है। हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर उनकी इस यात्रा का महत्त्व इसलिए भी बढ़ गया है कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने चीन यात्रा की थी और भारत के इस कदम के खिलाफ बयान जारी करने को कहा था। लेकिन चीन ने संयम बरतते हुए बयान दिया, जिसमें बुनियादी चिंता लद्दाख को लेकर ही थी। दरअसल, चीन भी हकीकत को समझता है। उसने पिछले एक साल में देखा है कि जैश सरगना मौलाना मसूद अजहर पर संयुक्त राष्ट्र की पाबंदी के मुद्दे पर उसे मुंह की खानी पड़ी है। इसलिए चीन अब पाकिस्तान को लेकर ऐसी कोई हमदर्दी दिखाने से बचना चाहेगा जिसमें भारत के खिलाफ कोई संदेश जाता हो। चीन इस बात को भी अच्छी तरह समझ रहा है कि सीमा विवाद के बावजूद भारत उसके लिए बड़ा बाजार है। ऐसे में चीन कश्मीर मुद्दे पर खुल कर पाकिस्तान के साथ नहीं आने वाला।

इसके अलावा, अब अमेरिका ने भी अनुच्छेद 370 हटाने के बाद इस मुद्दे पर अपना रुख साफ करते हुए कहा है कि वह कश्मीर पर पुरानी नीति पर कायम है। अमेरिका ने अब तक कोई ऐसा बयान नहीं दिया जो मौजूदा हालात के मद्देनजर भारत के खिलाफ जाता हो। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद पाकिस्तान को लगा था कि दुनिया के ज्यादातर देश उसके साथ आ जाएंगे, लेकिन उसे निराशा ही हाथ लगी है। इस हकीकत की पुष्टि पाकिस्तान के विदेश मंत्री के उस बयान से होती है जिसमें उन्होंने अपने देश के नागरिकों से यहां तक कह डाला कि वे मुगालते में न रहें, क्योंकि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा वापस लिए जाने के भारत के फैसले के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) और मुसलिम जगत का समर्थन हासिल करना पाकिस्तान के लिए आसान नहीं है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री का यह बयान उनकी हताशा बताने के लिए काफी है।

स्वायत्तता की खातिर

पिछले करीब दो महीने से हांगकांग में विरोध प्रदर्शनों की जो लहर चल रही है, अब उसे थामना वहां के प्रशासन और चीन के लिए मुश्किल होता जा रहा है। सोमवार को हांगकांग हवाई अड्डे पर जिस तरह लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों की भारी तादाद उमड़ आई और इस वजह से विमानों का परिचालन रद्द करना पड़ा, उससे यही लगता है कि ताजा विवाद का कोई हल निकलने के बजाय यह मसला और ज्यादा उलझता जा रहा है। हालत यह है कि प्रदर्शनकारियों ने हांगकांग के हवाई अड्डे पर उतरने वाले यात्रियों का स्वागत किया और इस बीच 'आजादी के लिए- लड़ाई' के नारे लगाए। जाहिर है, हाल में प्रत्यर्पण संधि के सवाल पर उठे विवाद की आंच अब इस रूप में सामने आ रही है कि हजारों लोग आजादी के नारे के साथ सड़क पर हैं। खबरों के मुताबिक, ताजा प्रदर्शन के दौरान लोगों के हाथों में मौजूद तख्तियों पर लिखा था- 'हांगकांग हमारी हत्या कर रहा है, हांगकांग अब सुरक्षित नहीं रह गया है।' लेकिन इसके बरक्स चीन ने इस प्रदर्शन के दौरान वहां के पुलिस अधिकारियों पर पेट्रोल बम फेंकने जैसी हिंसा को आतंकवाद से जोड़ा है तो हालात की जटिलता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

गौरतलब है कि हांगकांग अभी चीन का हिस्सा है, मगर वहां 'एक देश, दो व्यवस्था' के तहत शासन का संचालन होता है। इसका मतलब यह है कि हांगकांग के पास स्वायत्तता है और चीन के बाकी नागरिकों के मुकाबले इसके नागरिकों के पास कुछ विशेष अधिकार हैं। लेकिन वहां के प्रत्यर्पण बिल में किए गए नए बदलावों की घोषणा के बाद चीन को हांगकांग में किसी भी व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ करने और उसे वापस भेजने को लेकर कई अधिकार प्राप्त हो जाएंगे। बाकी मामलों पर चीन का जो रुख रहा है, उसे देखते हुए ताजा कवायद ने स्वाभाविक ही वहां के लोगों की चिंता को बढ़ा दिया है। उनका मानना है कि इसके लागू होने के बाद न सिर्फ यहां के लोगों पर चीन का कानून लागू हो जाएगा, बल्कि यह सीधे तौर पर हांगकांग की स्वायत्तता को भी प्रभावित करेगा। हालांकि चीन का ऐसे मामलों में जो रिकार्ड रहा है, उसे देखते हुए इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है कि इस कानून के अस्तित्व में आने के बाद शक के घेरे में आए लोगों को मनमाने आरोपों के तहत गिरफ्तार और प्रताड़ित किया जाए।

यों वहां सरकार ने यह आश्वासन देने की कोशिश की है कि प्रत्यर्पण से संबंधित इस कानून के तहत सिर्फ गंभीर और आपराधिक मामलों के अभियुक्तों को चीन भेजा जाएगा और इसके लिए भी हांगकांग के एक जज की मंजूरी अनिवार्य होगी, लेकिन स्थानीय लोग इसे राजनीतिक विरोधियों को ठिकाने लगाने के औजार के तौर पर देख रहे हैं। इसी क्रम में बारह जून को हुए विशाल प्रदर्शन के बाद एक जुलाई को आंदोलनकारियों ने कई घंटों तक संसद की इमारत को अपने कब्जे में रखा था। जाहिर है, खासतौर पर संसद भवन को नुकसान पहुंचाने को चीन ने अपने लिए एक बड़ी चुनौती के रूप में देखा और इसे 'एक देश, दो व्यवस्था' के सिद्धांत का उल्लंघन करार दिया। हांगकांग में लोकतंत्र के पक्ष में 2014 में उनयासी दिनों तक 'अंब्रेला मूवमेंट' चला था और उसके बाद चीन की सरकार ने उसमें भाग लेने वाले कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई की थी। उसके बाद लोकतंत्र के हक में उठी ताजा आवाज पर भी चीन का जो रुख है, उससे साफ है कि प्रत्यर्पण बिल के सवाल से शुरू हुए इस आंदोलन को भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

कल्पमेधा

अधिकतर लोग अपनी दुर्बलताओं को नहीं जानते यह सच है, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि ज्यादातर लोग अपनी शक्ति को भी नहीं जानते।

-जोनाथन स्विफ्ट

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और प्रयोग

राज कुमार

वित्तीय आत्मनिर्भरता के लिए संस्थानों की बौद्धिक क्षमता को आधार बनाना होगा, तभी शोध परिणाम, उत्पाद, संरचना, संकल्पनाओं के पेटेंट अच्छी आय का स्रोत बन सकते हैं। विशेषज्ञता हासिल कर उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप परामर्श के माध्यम से भी अनेक संस्थानों ने अच्छी कमाई की है। इसलिए संस्थानों की प्रवृत्ति और प्रकृति के अनुसार उनकी क्षमताओं के सही आकलन और दोहन के लिए उचित रणनीति बनाने की बनाने की जरूरत है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने पिछले साल नवंबर में 'लीडरशिप फॉर एकेडेमिशियंस' (लीप) नामक एक अभिनव योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य देश के उच्च शिक्षण संस्थानों को विश्व रैंकिंग में अव्वल बनने के लिए तैयार करना था। इस योजना के तहत विभिन्न विश्वविद्यालयों के उन शिक्षाविदों को नेतृत्व का प्रशिक्षण दिया गया जो योग्यता और योगदान की दृष्टि से उच्च श्रेणी के और वरिष्ठता क्रम में द्वितीय स्तर पर थे और जो भविष्य के नेतृत्व के लिए तत्पर थे। केंद्रीय भूमिका में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) रैंकिंग में शीर्षस्थ संस्थाओं को दायित्व दिया गया। इनमें मुंबई, कानपुर, खड़गपुर और रुड़की के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइटी)- त्रिची, आइआइएसआर- कोलकाता, जेएनयू (दिल्ली), दिल्ली विश्वविद्यालय, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस-मुंबई, हैदराबाद विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय- वाराणसी और अलीगढ़ मुसलिम विश्वविद्यालय जैसे प्रमुख संस्थान शामिल थे।

चयनित शिक्षाविदों को पहले दो सप्ताह इन संस्थानों में एक गहन प्रशिक्षण में सहभागिता करनी थी और फिर विश्व के एक शीर्षस्थ विश्वविद्यालय में एक सप्ताह के अध्ययन के लिए जाना था। इस प्रशिक्षण के लिए मिशिगन विश्वविद्यालय (अमेरिका), एनटीयू (सिंगापुर), हॉर्वर्ड विश्वविद्यालय, परडु विश्वविद्यालय, शिकागो विश्वविद्यालय, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय (अमेरिका), मोनास विश्वविद्यालय (मेलबर्न) और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय (इंग्लैंड) का चयन हुआ। शुरुआती दो सप्ताह के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षक के रूप में देश के जाने-माने शिक्षाविदों, प्रशासकों, वैज्ञानिकों को इसमें निमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में जहां प्रशिक्षु शिक्षाविदों को शैक्षिक संस्थानों में नेतृत्व का अर्थ समझाया गया, वहीं गुणवत्ता बढ़ाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों की सम्यक रूपरेखा भी दी गई। संस्थानों में अच्छी टीम के निर्माण से लेकर शिक्षण और शोध की गुणवत्ता सुधारने जैसे विषयों पर गहन प्रशिक्षण हुआ। विदेश प्रवास के दौरान इन्हें एक विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय की कार्य-पद्धति के गहन अध्ययन का अवसर मिला। इस योजना का प्रथम चरण पूर्ण हो गया है और सारे शिक्षाविद प्रशिक्षण के बाद अपने-अपने संस्थानों में वापस आ गए हैं। अपेक्षित परिणाम के लिए अब उपयुक्त रणनीति की आवश्यकता है जिससे यह स्पष्ट हो कि शिक्षाविदों के प्रशिक्षण के बाद उनके संस्थानों में क्या बदलाव आया। परिवर्तन और परिवर्द्धन के लिए नई सोच, सम्यक दृष्टिकोण, उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता और प्रशासनिक सहयोग की जरूरत होती है। इस अत्यंत महत्त्वपूर्ण और भविष्य को ध्यान में रख कर बनाई गई योजना के सुपरिणाम उत्तराखंड के पंतनगर में स्थित गोबिंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में देखने को मिले। क्या रही उनकी रणनीति और कैसे रहे उनके परिणाम, यह देश के दूसरे संस्थानों के लिए अध्ययन का विषय होना चाहिए।

लीप परियोजना के अंतर्गत गोबिंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय से तीन प्राध्यापकों (वैज्ञानिकों) का चयन हुआ। तीनों वैज्ञानिक हैदराबाद विश्वविद्यालय और फिर मोनास विश्वविद्यालय (आस्ट्रेलिया) गए। इन तीनों वैज्ञानिकों के अनुसार टीम में जाने का लाभ यह मिला कि तीनों सहभागियों ने प्रत्येक दिन साथ बैठ कर नए दृष्टिकोण और अपने विश्वविद्यालय के संदर्भ में संभावित परिवर्तनों को लेकर विचार-विमर्श किया। यह टीम एक सम्यक सोच और रणनीति के साथ वापस लौटी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन प्राध्यापकों के विचारों और योजनाओं का सम्मान किया। पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति ने तीनों वैज्ञानिकों का व्याख्यान आयोजित करवा कर उसमें विश्वविद्यालय के लिए महत्त्वपूर्ण कार्यों की रूपरेखा बनवाई। इससे यह स्पष्ट हुआ कि रैंकिंग सुधारने का आधार शोध गुणवत्ता के विकास पर बहुत निर्भर है। इसी में यह बात भी उठी कि स्वायत्तता मूल कुंजी है, पर इसी के साथ जवाबदेही भी जुड़ी है। अच्छे परिणामों के लिए उत्कृष्ट, जिम्मेवार, अनुशासित और स्व-प्रेरित शिक्षकों का समूह जरूरी है। देश के जिन संस्थानों में यह हो पाया वे संस्थान अपनी अलग पहचान बनाने में सफल हुए।

दुनिया के उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों के उदाहरण देखने पर यह भी पता चला कि वित्तीय आत्मनिर्भरता के लिए संस्थानों की बौद्धिक क्षमता को आधार बनाना होगा, तभी शोध परिणाम, उत्पाद, संरचना, संकल्पनाओं का पेटेंट अच्छी आय का स्रोत बन सकते हैं। विशेषज्ञता हासिल कर उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप परामर्श के माध्यम से भी अनेक संस्थानों ने अच्छी कमाई की है। इसलिए संस्थानों की प्रवृत्ति और प्रकृति के अनुसार उनकी क्षमताओं के सही आकलन और दोहन के लिए उचित रणनीति बनाने की बनाने की जरूरत है।

गोबिंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय रैंकिंग संवर्धन टीम बनाई गई है। इसमें पूरे विश्वविद्यालय के प्रत्येक महाविद्यालय के प्राध्यापक शामिल किए गए हैं। इस टीम ने संस्थान की क्षमता आकलन का अभियान शुरू किया है जिससे संस्थान की कमियों का पता लगा कर उन्हें दूर करने का काम किया जा सके। इस दल के शिक्षकों का मानना है कि अभी तो संस्थान की वर्तमान उपलब्धियों और क्षमताओं का सही मायने में संकलन ही कर लिया जाए तो रैंकिंग कुछ सुधर सकती है। इसके बाद मध्यम और लंबी अवधि की रणनीति बनाई जाए तो गुणवत्ता को काफी हद तक सुधारा जा सकता है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा कृषि विश्वविद्यालय एवं संस्थानों की रैंकिंग का प्रस्ताव जारी हुआ है। यह दायित्व स्वाभाविक रूप से इस टीम को दिया गया। अपने अनुभवों और उत्कृष्टता के पैमानों को समक्ष रख इस टीम ने विश्वविद्यालय के योगदान से संबंधित आंकड़े जुटाए। संकलित आंकड़ों को आधार मानते हुए रैंकिंग संवर्धन टीम ने विश्वविद्यालय के उस प्रत्येक बिंदु को स्पर्श किया जहां उपलब्धियों के कुछ आंकड़े संकलन में शामिल नहीं हुए थे। पूर्व छात्रों के सहयोग से छात्रों के सेवायोजन के आंकड़े अद्यतन किए गए। अनेक परियोजना अधिकारियों और विशेषज्ञों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करने का प्रयत्न हुआ। इस तरह सभी मानकों पर विश्वविद्यालय की स्थिति सुधरी। अब तक जहां अनेक मानकों की उपलब्धियों, जिन्हें पहले शून्य माना जा रहा था, को नए सिरे से सुधारा गया जिससे अपनी क्षमताओं को समझने का अवसर मिला।

कई स्तरों के आकलन और समीक्षा के बाद रैंकिंग संवर्धन टीम ने वर्ष 2018 के विश्वविद्यालय के योगदान पर आधारित अपना आइसीएआर रैंकिंग आवेदन तैयार किया। लीप योजना के क्रियान्वयन के बाद केवल कुछ महीने गुजरे थे, इसलिए अभी रैंकिंग टीम को उपलब्धियों को नए दृष्टिकोण से देखने का अवसर भर मिला। आत्म-अन्वेषण और सामग्री संयोजन के इस प्रयास ने पंतनगर विश्वविद्यालय को देश के चौंसठ कृषि विश्वविद्यालयों और तीन केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों में पहले स्थान पर ला खड़ा किया। वर्ष 2019 की आइसीएआर रैंकिंग में दो आइसीएआर संस्थानों को प्रथम एवं द्वितीय रैंक मिली और तीसरे स्थान पर पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय रहा। पिछले कई सालों से पंतनगर का यह कृषि विश्वविद्यालय सातवें-आठवें स्थान पर बना हुआ था। रैंकिंग संवर्धन टीम के मुताबिक देश के कृषि विश्वविद्यालयों में विशिष्ट कार्य संस्कृति है। इस कारण कृषि विश्वविद्यालयों में विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान के रूप में उभरने की क्षमता है। प्रतियोगी भाव से देश के कृषि विश्वविद्यालय दुनिया के अग्रणी संस्थानों में अपना स्थान बनाने में सक्षम हो सकते हैं।

लीप परियोजना से देश के अनेक विश्वविद्यालयों ने कई महत्त्वपूर्ण उपलधियां हासिल की हैं। विश्वविद्यालयों को उत्कृष्ट बनाने के लिए सबसे जरूरी है कि प्राध्यापकों की क्षमताओं का पूरा उपयोग किया जाए। इसके लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय को अपने इस अभिनव प्रयास को जारी रखना होगा ताकि इस परियोजना के लाभों को सार्थक परिणामों तक पहुंचाया जाए। तभी देश उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्व में अपना खास मुकाम बना पाएगा।

रिश्तों की डोर

अनीता यादव

दुनिया मेरे आगे

इन दिनों डिजिटल क्रांति के दूत मोबाइल को लेकर देश-दुनिया में एक खलबली-सी मची हुई है। यह खलबली मोबाइल से जुड़े नकारात्मक प्रभावों को लेकर है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, इसके बावजूद आज वह समाज से धीरे-धीरे कट रहा है। मोबाइल के जरिए वह सोशल मीडिया के फेसबुक, ट्विटर, वाट्सऐप, इंस्टाग्राम सरीखे माध्यमों पर लगभग हर वक्त सक्रिय रहता है। आधुनिक जीवन शैली ने पहले हमें पड़ोस से काट कर अलग कर दिया तो वर्तमान में मोबाइल परिवार से भी दूर करता जा रहा है, जो समाज की सबसे छोटी इकाई है।

दुनिया को तो हम मुट्ठी में कर लेने का दावा कर रहे हैं, लेकिन परिवार समेत सामाजिक संबंध और रिश्तों की डोर निरंतर कमजोर होकर टूट रही है। मित्रता और रिश्ते केवल सोशल मीडिया पर निभाए जा रहे हैं। वास्तविक जीवन में न कोई किसी के घर जाना चाहता है, न बुलाना चाहता है। समाज से दूर होता व्यक्ति तनाव, खीझ, अकारण डर की भावना सहित हीनता की भावना का भी शिकार हो रहा है। इसके बावजूद मोबाइल की गुलामी हमें प्रिय और सर्वस्वीकार्य भी लगती है। रात में नींद से उठ-उठ कर अपनी पोस्ट पर पसंदगी और टिप्पणियां गिनना मानसिक बीमारी नहीं तो क्या है? हर वक्त नोटिफिकेशन की ध्वनि न केवल कार्य-शैली को प्रभावित करती है, बल्कि मोबाइल में झांकने को भी बाध्य करती है।

आधुनिक जीवन में फैलता यह ऐसा व्यवधान है जो रोज न केवल मानसिक, बल्कि शारीरिक बीमारियों को भी न्योता दे रहा है। आधुनिक जीवन-शैली पर चल रहे शोध के अनुसार मोबाइल हमारे मन और शरीर, बल्कि उम्र को भी प्रभावित कर रहा है। पिछले दिनों आस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड स्थित सनशाइन कोस्ट यूनिवर्सिटी ने एक शोध में पाया कि ज्यादा समय मोबाइल देखते रहने से सिर की हड्डी में वृद्धि देखी गई है। देखने में यह बिल्कुल सींग के आकार की ही लगती है, जो घंटों मोबाइल पर झुके रहने के कारण बननी शुरू होती है।

इस खबर को मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक पर खूब जगह मिली। ईयर फोन लगाकर रेलवे क्रॉसिंग और सड़क पार करना तो हमारे यहां आम बात है, इससे हो रही दुर्घटनाओं में मरने वालों का आंकड़ा हर अगले साल नए रिकॉर्ड बना रहा है। इसी तरह, गाड़ी चलाते हुए मोबाइल में वीडियो देखने, फोन या गाने सुनने से भी हम बाज नहीं आते। हम समझना नहीं चाहते कि हमारे मस्तिष्क की बुनावट कुछ इस तरह से है कि एक समय पर एक ही कार्य में मस्तिष्क को केंद्रित कर सकते हैं। मस्तिष्क एक साथ कई काम करने के लिए नहीं बना। कुछ अपवाद जरूर हो सकते हैं।

किसी मित्र या रिश्तेदार मरीज को अस्पताल में मिलने जाने पर हम मरीज से कितनी बातें करते हैं? सेल्फी लेने और उसे सोशल मीडिया पर डालने में ही समय बिता कर लौट आते हैं। यह 'सेल्फी मेनिया' कई बार नैतिक सीमाओं का अतिक्रमण कर जाता है जब लोग मृतक की मुखाग्नि या दाह संस्कार की तस्वीर भी साझा करने से बाज नहीं आते। हम जीवन के किन क्षणों को सार्वजनिक करें, इसकी सीमा तय करना जरूरी है।

मोबाइल के रूप में मुट्ठी में समाई 'वर्चुअल' यानी आभासी दुनिया क्या हमारी वास्तविक दुनिया को धीरे-धीरे लील नहीं रही? आज हम तकनीक को इस्तेमाल नहीं कर रहे, बल्कि तकनीक हमें इस्तेमाल कर रही है। कुछ समय पहले तक हम बताने में असमर्थ थे कि हमारे पड़ोस में कौन रहता है, अब यह बताने में असमर्थ हैं कि घर में कौन हमारे साथ है। खाने की मेज से लेकर बिस्तर तक पर भी हम मोबाइल के साथ होते हैं। सोशल मीडिया के 'स्टेटस' को आधुनिक युवा का 'स्वैग' समझा जाता है। आधुनिक समाज का यह सच क्या विचारणीय नहीं है?

दिखावे की भावना कभी हमारी संस्कृति का हिस्सा नहीं रही। गौतम बुद्ध, महावीर, विवेकानंद सरीखे तमाम चरित्रों से हमने सहज और त्यागमय जीवन को जाना है। सोशल मीडिया का स्वरूप समय की मांग हो सकता है, लेकिन आज यह अति कर रहा है। हम घूमने या पर्यटन के लिए इसलिए नहीं जाते कि प्रकृति से जुड़ कर थोड़ा सुकून या घुमक्कड़ी के माध्यम से दिनचर्या से कट कर वृहद समाज से जुड़ने में आनंद की अनुभूति होगी, बल्कि इसलिए कि कोई खास जगह हमें सोशल मीडिया पर अधिक से अधिक 'लाइक' और टिप्पणियां दिला सकती है। 'डेयरिंग' करना आधुनिक युवा का 'स्वैग' या दंभ है, फिर चलती ट्रेन के आगे सेल्फी लेना हो या नदी, समुद्र की ऊंची लहरों के साथ। यह कैसा 'स्वैग' है जो जान के बदले भी सीख नहीं दे पा रहा!

अमेरिकी सरकार ने पिछले दिनों सड़क पर चलते हुए मोबाइल पर बात करने वालों के खिलाफ नियम बनाए हैं और कड़ाई से नियमों के पालन को सुनिश्चित करने की बात की है। क्या भारत में भी ऐसे कानून की दरकार नहीं हैं? कोई भी तकनीक जान की कीमत पर किसी भी सभ्यता में स्वीकार्य नहीं हो सकती। कुछ बंदिशें जीवन को सकारात्मकता की ओर ले जाएं तो बुरा क्या है! मानव जीवन इतना सस्ता नहीं हो सकता कि उसे तकनीक की भेंट चढ़ा दिया जाए।

साफ संदेश

अफगानिस्तान में बुरी तरह फंसा अमेरिका वहां से वापसी के लिए छटपटा रहा है और इस काम के लिए उसे पाकिस्तान की सर्वाधिक जरूरत महसूस हो रही थी। इसी कड़ी में 'शेख अपनी-अपनी देख' की नीति पर चलने वाला अमेरिका पाकिस्तान को खुश करने के लिए जम्मू-कश्मीर को लेकर कोई ऐसी नीति अपना सकता था जो भविष्य में भारत के लिए मुसीबत साबित हो सकती थी। हाल ही में इमरान खान के अमेरिका दौरे में डोनाल्ड ट्रंप ने कश्मीर को लेकर मध्यस्थता का शिगूफा छोड़ा ही था जिससे भारतीय नीति निर्माताओं के कान खड़े होना स्वाभाविक था। इससे भारत समझ गया था कि अब हाथ पर हाथ धर कर बैठने का समय नहीं है लिहाजा, उसने एक झटके में धारा 370 और 35-ए हटाते हुए जम्मू-कश्मीर राज्य का पुनर्गठन कर अमेरिका-पाक की जोड़ी को साफ संदेश दे दिया कि कश्मीर उसकी कमजोर रग नहीं कि जिसे दबा कर भारत की भूमिका को अफगानिस्तान में नगण्य कर दिया जाए।

भारत ने अफगानिस्तान में अब तक लगभग 25 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं। उसने अफगानिस्तान में बिजलीघर, बिजली की लंबी-लंबी लाइनें, कई बांध, नहरें, स्कूल, पंचायत घर आदि क्या-क्या नहीं बनाए हैं! सबसे बड़ा निर्माण कार्य हुआ है ईरान और अफगानिस्तान को सीधे सड़क से जोड़ने का। जरंज-दिलाराम सड़क 218 किलोमीटर लंबी है। इस पर भारत ने अरबों रुपए खर्च किए हैं। इस सड़क ने अफगानों की 200 साल पुरानी मजबूरी को खत्म किया। उन्हें अब अपने यातायात और आवागमन के लिए पाकिस्तान पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है। अफगानिस्तान में हमारे हजारों डॉक्टरों, इंजीनियरों, शिक्षकों, पत्रकारों, अफसरों और विशेषज्ञों ने पिछले सत्तर साल में इतना जबर्दस्त योगदान किया है कि वहां के कट्टरपंथी भी भारत की तारीफ किए बिना नहीं रहते।

अमेरिका की अनुपस्थिति में पाकिस्तान खतरनाक तालिबानियों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ कर सकता है। ऐसे में भारत कभी बर्दाश्त नहीं कर सकता कि अफगानिस्तान को लेकर बनने वाली किसी भी योजना में उसकी अनदेखी हो और वह भी जम्मू-कश्मीर को आड़ बना कर।

सीधे शब्दों में कहें तो धारा 370 के उन्मूलन के बाद नई परिस्थितियों में अमेरिका के लिए भारत की अनदेखी करना आसान नहीं होगा। अब देखना है कि वह कौन-सा लालच देकर पाकिस्तान से अफगानिस्तान पर मदद मांगेगा?

● *राकेश सैन, वीपीओ लिदड़ां, जालंधर*

मुश्किल राह

अब केवल चार राज्यों में कांग्रेस की सरकारें बची हैं। ऐसे में सोनिया गांधी हताश व निराश कांग्रेस का सहारा कैसे बन पाएंगी? तब कांग्रेस एकजुट थी, अब वह बात नहीं रही। जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35-ए हटाए जाने के बाद जिस तरह कांग्रेस दो खेमों में बंटी नजर आई, उसका मतलब साफ है कि इस बार सोनिया गांधी की राह बहुत आसान नहीं है। जनार्दन द्विवेदी, कर्ण सिंह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, मिलिंद देवड़ा आदि के विचार गुलाम नबी आजाद से अनुच्छेद 370 पर सर्वथा भिन्न नजर आए हैं। दरअसल, कांग्रेस में बदलाव तभी संभव है जब उसमें सब कुछ बदल दिया जाए। कांग्रेस को नरेंद्र मोदी से बड़ी विकास की रेखा खींचनी होगी। विपक्ष में रह कर भी वह अपने क्षेत्र के विकास के लिए सरकार पर दबाव बना सकती है। काम करने का श्रेय अगर वह नहीं ले सकती है तो कांग्रेस काम करने के लिए अपेक्षित दबाव बनाने का श्रेय तो ले ही सकती है।

● *रितेश कुमार उपाध्याय, संत कबीर नगर*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

महंगी परीक्षा

भारत में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की स्थापना 1952 में हुई थी। इसके अनेक उद्देश्यों में से एक सभी बच्चों को कम शुल्क में अच्छी और तनावरहित शिक्षा प्रदान करना है। दिल्ली के सभी सरकारी स्कूल सीबीएसई के अंतर्गत आते हैं और उनकी स्थापना इसीलिए की गई थी कि गरीब अभिभावक भी अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए उनमें भेज सकें। लेकिन आज सीबीएसई की स्थापना के ये सारे लक्ष्य धूमिल लगते हैं क्योंकि उसने हाल ही में दसवीं और बारहवीं कक्षा का परीक्षा शुल्क प्रत्येक विषय 150 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए कर दिया है।

पहले विद्यार्थियों के कुल विषयों का परीक्षा व्यय 750 रुपए था, लेकिन अब उन्हें इस मद में 1500 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। गरीब और अल्प आय वाले अभिभावकों को पहले ही शुल्क अदा करने में तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता था लेकिन उसे कम करने की बजाय अब उन पर और बोझ लाद दिया गया है। क्या सरकार को उनकी परेशानियां कम लग रही हैं या उसका उद्देश्य गरीब विद्यार्थियों को महंगी शिक्षा प्रदान करना है? सरकार को यह शुल्क वृद्धि वापस लेनी चाहिए।

● *विनीत, आंबेडकर कॉलेज, दिल्ली*

गलतियों से सीख

हर साल पंद्रह अगस्त का दिन जहां हमारे आजाद होने की खुशी लेकर आता है वहीं इसमें भारत के खंडित होने का दर्द भी छिपा होता है। वक्त के गुजरे पन्नों में भारत से ज्यादा गौरवशाली इतिहास शायद ही किसी देश का रहा हो। लेकिन भारतीय उपमहाद्वीप से ज्यादा सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामरिक और आर्थिक हमले भी इतिहास में किसी देश पर नहीं हुए। शायद हमारा वैभव और हमारी समृद्धि की कीर्ति ही हमारे पतन का कारण भी बनी। भारत के ज्ञान और संपदा के चुंबकीय आकर्षण के चलते विदेशी आक्रांता लूट के इरादे से इस ओर आकर्षित हुए। वे आते गए और हमें लूटते गए। हर आक्रमण के साथ चेहरे बदलते गए लेकिन उनके इरादे वही रहे।

जो देश अपनी गलतियों से नहीं सीख पाता वह स्वयं इतिहास बन जाता है। हमें भी शायद अपनी इसी भूल की सजा मिली। कई मायनों में इस खंडित भारत को हम आज आजाद भारत कहते हैं। जिस दिन हम भारत को उसकी खोई हुई अखंडता लौटा देंगे वह दिन हमारी ओर से हमारे वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि का दिन होगा।

● *सोनू कुमार सोनी, बेतिया, बिहार*

उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की हत्या में सेंगर और अन्य के खिलाफ आरोप तय

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

दिल्ली की एक अदालत ने उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की न्यायिक हिरासत में कथित मौत के मामले में भाजपा से निष्कासित विधायक कुलदीप सेंगर और अन्य के खिलाफ मंगलवार को आरोप तय किए। जिला न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने पीड़िता के पिता को 2018 में सशस्त्र अधिनियम के तहत आरोपी बनाने और उन पर हमला करने के मामले में सेंगर और अन्य के खिलाफ आरोप तय किए हैं। इस मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं। साथ ही अदालत ने उत्तर प्रदेश पुलिस के तीन पुलिस अधिकारियों की जमानत रद्द कर दी है। अदालत ने यह निर्देश भी दिया कि तीन आरोपी पुलिसकर्मियों को उन्नाव कांड पीड़िता के पिता को कथित रूप से फंसाने और हत्या के मामले में हिरासत में लिया जाए।

कुलदीप सिंह सेंगर के अलावा मामले में नामजद स्थानीय थाने के तत्कालीन प्रभारी अशोक सिंह भदौरिया, उपनिरीक्षक कामता प्रसाद सिंह, सिपाही आमिर खान, विधायक कुलदीप के भाई अतुल सिंह सेंगर समेत पांच अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था। सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के झूठे मामले में फंसाने के मामले में सुनवाई चलेगी और सीबीआइ के आरोपों के तहत गवाहियां होंगी। इससे पहले अदालत 2017 में उन्नाव में कथित तौर पर बलात्कार के मामले में भाजपा से निष्कासित विधायक कुलदीप सेंगर के खिलाफ अपहरण व बलात्कार सहित पांच धाराओं के तहत मामला चलाने का निर्देश पहले ही दे चुकी है। अदालत सेंगर और उनकी सहयोगी शशि सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 120 बी (आपराधिक षड्यंत्र), 363 (अपहरण), 366 (अपहरण व महिला पर विवाह के लिए दबाव डालना), 376 (बलात्कार), बाल यौन अपराध संरक्षण कानून के तहत आरोप तय कर चुकी है।

'हाउडी, मोदी' सम्मेलन के लिए 40 हजार पंजीकरण

ह्यूस्टन, 13 अगस्त (भाषा)।

भारतीय अमेरिकी समुदाय के सम्मेलन 'हाउडी, मोदी' में शिरकत करने के लिए करीब 40 हजार लोग अभी तक पंजीकरण करा चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 सितंबर को इस सम्मेलन में भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे।

मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका आ रहे हैं। हाउडी 'हाऊ डू यू डू' (आप कैसे हैं) का संक्षिप्त रूप है। दक्षिण पश्चिमी अमेरिका में आम तौर पर लोग एक-दूसरे से मिलते समय हाल-चाल जानने के लिए यही बोलते हैं। ह्यूस्टन के एक गैरसरकारी संगठन 'टेक्सास इंडिया फोरम' ने बताया कि समारोह में आने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा, लेकिन इसके लिए 'पास' होना जरूरी है।

अमेरिका के चौथे सबसे अधिक आबादी वाले शहर के एनआरजी फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में करीब 50 हजार लोगों के आने की उम्मीद है। ह्यूस्टन में पांच लाख से अधिक भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग रहते हैं।

ह्यूस्टन के मेयर सिल्वेस्टर टर्नर ने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री मोदी का ह्यूस्टन में स्वागत करने के लिए उत्साहित हूं, जहां बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग रहते हैं।' फोरम ने बताया कि पहले हफ्ते में ही 39,000 से अधिक लोगों ने पंजीकरण करा लिया था। 1000 से अधिक स्वयंसेवक और 650 'वेलकम पार्टनर' कार्यक्रम से जुड़े हैं।

अमेरिकी सीनेटर जॉन कोर्निन ने कहा, 'टेक्सास के लाखों भारतीय अमेरिकी की ओर से और सीनेट इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष तौर पर मैं प्रधानमंत्री मोदी का ह्यूस्टन में स्वागत करता हूं।' मोदी अमेरिका में भारतीय समुदाय को तीसरी बार संबोधित करेंगे। इससे पहले 2014 में न्यूयॉर्क के मैडीसन स्क्वायर गार्डन और 2016 में सिलिकॉन वैली में वह भारतीय समुदाय को संबोधित कर चुके हैं। दोनों समारोह में 20,000 से अधिक लोगों ने शिरकत की थी।

उन्नाव बलात्कार पीड़िता और परिवार के सदस्यों के खिलाफ प्रगति रिपोर्ट मंगाने से इनकार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

सुप्रीम कोर्ट ने उन्नाव बलात्कार पीड़ित और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ लंबित 20 मामलों में उत्तर प्रदेश सरकार को प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति बीआर गवई के पीठ ने कहा कि वे मामले का दायरा बढ़ाने और राज्य में उनके खिलाफ दर्ज अन्य मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहते हैं।

इस मामले में पेश वकील ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि चार मामलों में, जिन्हें दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया है, विशेष अदालत दैनिक आधार पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने कहा कि वह उन्नाव मामले में अब 19 अगस्त को सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने बलात्कार पीड़ित से संबंधित चार आपराधिक मामले उप्र की अदालत से दिल्ली स्थानांतरित कर दिए थे। इनमें 2017 का बलात्कार कांड, पीड़िता के पिता के खिलाफ शस्त्र कानून के तहत फर्जी मामला, उनकी पुलिस हिरासत में मौत और महिला से सामूहिक बलात्कार के मामले शामिल हैं। अदालत ने इन मामलों की सुनवाई रोजाना करके इसे 45 दिन में पूरा करने का निर्देश दिया है।

तीस हजारी जिला अदालत में जिला न्यायाधीश धर्मेश शर्मा की अदालत में इस मामले के मुकदमे की सुनवाई रोजाना हो रही है। इस महिला के साथ 2017 में भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर ने कथित रूप से उस समय बलात्कार किया था जब वह नाबालिग थी। इस महिला की कार को रायबरेली के निकट एक ट्रक ने टक्कर मार दी थी। इस टक्कर में वह और उसका वकील बुरी तरह जख्मी हो गए थे जबकि परिवार के दो सदस्यों की हादसे में मौत हो गई थी।

जिला अदालत ने सेंगर और अन्य के खिलाफ बलात्कार के आरोपों के साथ ही पीड़िता के पिता को सशस्त्र कानून के तहत फर्जी मामले में फंसाने और पुलिस हिरासत में उनसे मारपीट करने और हत्या करने के मामले में भी आरोप निर्धारित किए हैं। शीर्ष अदालत के आदेश के बाद बलात्कार पीड़ित को लखनऊ से दिल्ली स्थित एम्स में स्थानांतरित किया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

ARCOTECH LIMITED

CIN: L34300HR1981PLC012151
Regd. Off.:181, Sector-3, Industrial Growth Centre, Bawal, Distt. Rewari, Haryana123501
Website: www.arcotech.in, email: contact@arcotech.in, Tel: 0128-4264160
Extracts of Statement of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2019
(Rs. in lacs, except per share data)

S.N	Particulars	Quarter ended 30.06.2019 (Unaudited)	Quarter ended 30.06.2018 (Unaudited)	Year ended 31.03.2019 (Audited)
1.	Total income from operations	4064.17	15563.90	45438.90
2.	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and or Extraordinary items)	(4724.14)	548.43	(13703.26)
3.	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(4724.14)	548.43	(13703.26)
4.	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(3098.45)	309.22	(9214.73)
5.	Total Comprehensive income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period(after tax) and other comprehensive income (after tax)]	(3097.70)	308.35	(9211.78)
6.	Equity Share Capital	2100	2100	2100
7.	Earnings Per Share (of Rs. 2/- each) Basic (Rs.)	(2.95)	0.29	(8.78)
	Diluted (Rs.)	(2.95)	0.29	(8.78)

Note:
1. The above Financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on August 13th, 2019.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly and Yearly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the Quarterly and Yearly Financial Results are available on the website of the Stock Exchanges at www.bseindia.com and at www.nseindia.com and also on the Company's website at www.arcotech.in

By the order of Board of Directors
For Arcotech Limited
Sd/-
RN Pattanayak
Whole Time Director
Din: 01189370
Place: New Delhi
Date: 13.08.2019

Golkonda Aluminium Extrusions Limited

Formerly known as Alumeco India Extrusion Limited)
Regd. Office: A-2/78-B, KeshavPuram, New Delhi - 110035
Website: www.gael.co.in, E-mail: cs@gael.co.in
Statement of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30 June, 2019
(Rs. in Millions)

Sr. no	Particulars	Quarter Ended 30.06.2019 Unaudited	Quarter Ended 31.03.2019 Audited	Year ended 30.06.2018 Unaudited	Year ended 31.03.2019 Audited
1	Total Income from Operations	0.00	0.00	0.00	0.00
2	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items)	0.19	(0.44)	(0.95)	0.88
3	Net Profit/(Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary Items)	0.19	(0.44)	(0.95)	0.88
4	Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary Items)	0.19	(0.44)	(0.95)	0.88
5	Equity Share Capital (Paid up)	123.97	123.97	123.97	123.97
6	Reserves (Excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of Previous Year	-	-	-	-
7	Earnings Per Share (of Rs. 10 each, fully paid up) before and after Extraordinary Items (for continuing and discontinuing operations) a. Basic EPS (Rs.)	(0.07)	(0.12)	(0.18)	(0.26)
	b. Diluted EPS (Rs.)	(0.07)	(0.12)	(0.18)	(0.26)

The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results is available on the Company's website www.gael.co.in and Stock Exchange website www.bseindia.com.

For and on behalf of the Board of Directors,
Sd/-
Anand Bharti
Whole Time Director
Place: New Delhi
Date: 13th August, 2019

जिस ढंग से 370 हटाया गया, वह पूरी तरह असंवैधानिक : प्रियंका

सोनभद्र (उप्र), 13 अगस्त (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को कहा कि यह जिस ढंग से किया गया, वह पूरी तरह असंवैधानिक व लोकतंत्र के सिद्धांतों के विपरीत है।

उम्भा गांव के दौरे पर आईं प्रियंका ने 370 पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसे जिस ढंग से किया गया, वह पूरी तरह असंवैधानिक है और लोकतंत्र के सिद्धांतों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि जब ऐसे फैसले किए जाते हैं तो नियम-कायदों का पालन करना होता है, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करती आई है। इस मुद्दे पर पार्टी में अलग-अलग राय पर प्रियंका ने कहा कि कांग्रेस की कोई अलग-अलग राय नहीं आई। कांग्रेस पार्टी की सीडब्लूसी (कांग्रेस कार्यसमिति) जब हुई थी, उसमें स्पष्ट राय है। जो हुआ है, वह संविधान को नकारा गया है और कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान के लिए, लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ी है।

RITA FINANCE AND LEASING LIMITED

(Formerly known as Rita Holdings Limited)
Regd. Off: 324A, IIIrd Floor, Aggarwal Plaza, Sector-14, Rohini New Delhi 110085
Tel: 011-27860861, Phone: +91-9810260127, Email Id: ritaholdingsltd@gmail.com
Website: www.ritaholdings.in CIN: L67120DL1981PLC011741
Extracts of the Standalone Unaudited Financial Results For the Quarter ended 30th June, 2019
(₹ in lacs)

Sl. No.	Particulars	Quarter Ended 30.06.2019	Quarter Ended 31.03.2019	Quarter Ended 30.06.2018	Year Ended 31.03.2019
1.	Total income from operations	10.61	7.61	10.65	41.64
2.	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax Exceptional and/or Extraordinary items)	6.10	(7.10)	6.81	15.36
3.	Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	6.10	(7.10)	6.81	15.36
4.	Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	4.53	(7.19)	5.04	11.37
5.	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)]	31.35	(0.41)	5.04	17.07
6.	Equity Share Capital	280.00	280.00	280.00	280.00
7.	Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of previous year)	176.50	165.03	165.03	165.03
8.	Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) - 1. Basic :	0.16	(0.01)	0.18	0.61
	2. Diluted :	0.16	(0.01)	0.18	0.61

Note:
1. The Standalone Unaudited Financial Results for the quarter ended 30th June, 2019 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their meeting held on 13th August, 2019
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange(s) website i.e. Metropolitan Stock Exchange of India Limited (www.msei.in) and Website of the Company i.e. (www.ritaholdings.in)

For and on behalf of the Board of Directors
Rita Finance and Leasing Limited
(Formerly known as Rita Holdings Limited)
Sd/-
Pawan Kumar Mittal
(Director)
DIN: 00749265
Place: New Delhi
Date: 13.08.2019

DUROPACK LIMITED

CIN : L74899DL1986PLC025835
Regd. Office: 3123, Sector-D, Pkt -III, Vasant Kunj, New Delhi -110070
Tel: 01126191861 Email : info@duropackindia.com Website : www.duropackindia.com
Unaudited financial results for the Quarter ended 30th June, 2019 (Rs. in lakhs)

Sl No.	Particulars	For Quarter ended June 30,2019 Unaudited IND AS	For Quarter ended March 31,2019 Audited IND AS	For Year Quarter ended June 30,2018 Unaudited IND AS	For Year ended March 31,2019 Audited IND AS
1	Total Income from Operations	368.54	495.14	367.02	1740.34
2	Net Profit/(loss) for the period (before Tax, exceptional and /or extraordinary item	21.46	15.95	31.47	107.97
3	Net Profit/(loss) for the period before Tax (after exceptional and /or extraordinary item)	21.46	15.95	31.47	107.97
4	Net Profit/(loss) for the period after Tax (after exceptional and /or extraordinary item)	15.90	14.36	23.45	82.94
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)	22.81	22.24	27.91	105.17
6	Equity Share capital (Face value of Rs 10/- per share)	465.29	465.29	465.29	465.29
7	Earning per share(for continuing and discontinued operations)				
	1. Basic :	0.34	0.31	0.50	1.78
	2 Dilluted :	0.34	0.31	0.50	1.78

Notes:
1 The above is the extract of the detailed format of Unaudited Financial results for the quarter ended June 30,2019 filed with the Stock Echange under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and Disclosures Requirements) Regulations 2015 read with SEBI Circular No.CIR/CFD/FAC/62/2016 dated July 5, 2016 .
2 The above results have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards('Ind AS') notified under section 133 of the Companies Act,2013 read together with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules 2015.
3 The above results were reviewed by the audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors of the company at their respective meeting held on 13th August,2019.
4 Previous quarter figures have been rearranged and/or regrouped , wherever neccesary, to make them comparable with those of Current quarter/period

For Duro Pack Limited
Sd/-
Vivek Jain
Managing Director
DIN : 01753065
Place: New Delhi
Date: 13th August, 2019

दुर्घटनावश गोली चलने से कांस्टेबल की मौत

नागपुर, 13 अगस्त (भाषा)।

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में मंगलवार को एक पुलिस कांस्टेबल की सर्विस राइफल साफ करते समय दुर्घटनावश गोली चलने से मौत हो गई।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि सिरोंचा पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया दल के सदस्य संजीव शेट्टीवार सुबह करीब साढ़े सात बजे अपनी राइफल साफ कर रहे थे, जब गलती से ट्रिगर दब गया। उन्होंने बताया कि गोली की आवाज सुन परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे और उन्हें खून से लथपथ पाया। अधिकारी ने बताया कि शेट्टीवार को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में मामला दर्ज कर लिया गया है।

आगर सिंह बनाम नरेश आदि
सिविल अपील
अपील नं. 05 / 2019
सिविल न्यायाधीश खेतड़ी के न्यायालय की तारीख 4.5.2019 का पारित निर्णय व डिक्री की अपील
बनाम
1. लाखाराम पुत्र मुरारी लाल
2. किशोरी देवी पत्नी मुरारी लाल
3. ललता देवी पुत्री मुरारी लाल
4. सुधा देवी पुत्री मुरारी लाल
5. मंजू पुत्री मुरारी लाल
जाति महाजन निवासीगण बसई तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनू राज. हाल आवाद विजयसुदर अनाजमण्डी के पास गल्ला जिला रामपुर उत्तर प्रदेश
आपको सूचना दी जाती है कि मामले में मुकदमा नं 80/2014 बहनलाली बनाम सिंह बनाम नरेश आदि में पारित निर्णय की व डिक्री की अपील अपीलार्थी द्वारा दायिल की गई है। और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है। और इस अपील की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा तारीख 21.08.2019 नियत की गई है। यदि इस अपील में आपकी ओर से कोई व्यक्ति या आपके प्लीडर या आपके लिए पैरवी करने के लिए किसी प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और निर्णीत की जाएगी।
यह तारीख 8 माह के सन 2019 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुहर लगाकर दी गई।
मोहर
आज्ञा से
रीडर, अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, खेतड़ी (राज.)

इण्डियन ओवरसीज बैंक

असेट रिकवरी मैनेजमेंट शाखा,
रचना बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 2, राजेन्द्र प्लेस, पूसा रोड, नई दिल्ली-110008
फोन नंबर : 011-25758124, ई-मेल आईडी : iob1997@iob.in

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

बैंक में बंधक रखी गई अचल सम्पत्ति/यों की वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत बिक्री

जबकि **इंडियन ओवरसीज बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नलिखित ऋण खाते में नीचे दिए गए विवरण के अनुसार बैंक की बकाया राशि तथा ब्याज की वसूली के लिए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई सूचना के अनुसरण में बकाया राशि चुकाई नहीं जाने के फलस्वरूप निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का कब्जा, **"जैसा है जहां है"** तथा **"जैसा है जो भी है"** आधार पर बिक्री के अधिकार सहित प्राप्त कर लिया है तथा अधोहस्ताक्षरी उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए उक्त सम्पत्ति/यों की बिक्री का प्रस्ताव करता है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेब पोर्टल **https://iob.foreclosureindia.com** पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

क्र. स.	कर्जदारों का नाम / गारंटरों का नाम	इण्डियन ओवरसीज बैंक को देय राशि	अचल संपत्ति का विवरण / ज्ञात ऋणभार यदि कोई हो	कब्जा का प्रकार	सुरक्षित मूल्य / बोली वृद्धि राशि	नीलामी की तिथि	संपर्क व्यक्ति और मोबाइल नं.
1.	मैसर्स प्रोटोन एक्सपोर्ट स्वामी श्री संजीव नरुला 1. श्री एम एल नरुला 2. श्रीमति जनक दुलारी नरुला 3. श्री संजय नरुला	17.12.2018 तक रू 71,17,13,081/- उस पर आगे ब्याज और लागतों सहित	लॉट 1: ई-109 में फ्री होल्ड आवासीय मकान, जीके -II नई दिल्ली में जो श्रीमती जनक दुलारी नरुला और श्री एम एल नरुला के नाम पर लॉट 2: श्री संजय नरुला के नाम सेक्टर-27, ग्राम सुखराली में और आसपास, जिला गुरुग्राम में स्थित बिल्डिंग मिलेनियम प्लाजा की टावर बी में 7वें तल पर फ्रीहोल्ड कमर्शियल यूनिट नंबर 703, सुपर बिल्ट एरिया 164.99 वर्ग मीटर, बिल्डिंग के नीचे प्लॉट में भूमि का अविभाजित तथा अविभाजित यथानुपात हिस्से के साथ। कोई नहीं	सांकेतिक	लॉट 1 : रू 1074.46 लाख लॉट 2 : रू 213.03 लाख (सुरक्षित मूल्य 1: टीडीएस के साथ) लॉट 1 : रू 107.45 लाख लॉट 2 : रू 21.31 लाख	19.09.2019	श्री अमनदीप मोब. न. 9643330180
2.	मैसर्स आरडी इलैक्ट्रीकल्स श्री रघुपति कश्यप इसके स्वामित्व के माध्यम से श्रीमति राधिका देवी (गारंटर / बंधककर्ता)	28.05.2019 तक रू 24,59,825/- उस पर आगे ब्याज और लागतों सहित	प्लॉट नंबर-ए 54/1, खसरा नंबर -898/192, 907/216 और 910/218, गली नंबर -5, ब्लॉक-ए, गांव-चंद्रावली, नगलपुरी एक्सटेंशन के रूप में आबादी ज्ञात, (जीटीबी अस्पताल के पीछे), शाहदरा, दिल्ली -110093 ** (यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि ऊपर वर्णित संपत्ति एक और एनपीए ऋण खाते मेसर्स सिग्मा इंस्ट्रूमेंटेशन के नाम के साथ एक आम संपार्श्विक है जो हमारी शाखा के पास है) कोई नहीं	सांकेतिक	रू. 31.35 लाख रू. 3,13,500/-	16.09.2019	सुश्री शिवानी मोब. न. 9999844776
3.	मैसर्स फ्रेंडस कॉम्यूनिकेशन श्री लव भसीन इसके स्वामित्व के माध्यम से श्री लव भसीन	14.10.2018 तक रू 93,04,004.32/- उस पर आगे ब्याज और लागतों सहित	संपत्ति से संबंधित सभी अंश और खंड जो डीडीए एमआईजी फ्लैट न. 88ए, नूतन पर, पॉकेट ए -14, कालकाजी एक्सटेंशन, नई दिल्ली, नाप 850 वर्ग गज जो श्री लव भसीन के नाम पर। (फ्री होल्ड सम्पत्ति) ** (यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि ऊपर वर्णित संपत्ति एक और एनपीए हाऊसिंग ऋण खाते श्री लव भसीन के नाम के साथ एक आम संपार्श्विक है जो हमारी शाखा के पास है) कोई नहीं	सांकेतिक	रू. 114.20 लाख (सुरक्षित मूल्य 1: टीडीएस के साथ) रु 11.42 लाख	16.09.2019	एम.अमीर मोब. न. 9894598797
4.	1. श्री प्रमोद सिंह 2. श्रीमति मौसम कुमारी श्री प्रमोद सिंह (बंधककर्ता)	04.02.2019 तक रू 20,11,500/- उस पर आगे ब्याज और लागतों सहित	बैंक ऋण द्वारा खरीदा गया आवासीय फ्लैट जो पहली मंजिल, प्रा. फ्लैट नंबर 111, गली नंबर 2, सूर्या होम्स, खता नंबर 23 और खसरा नंबर 87 और 88, गांव सफाबाद, सेक्टर 73 के पास, नॉएडा, तहसील: दादरी, जिला: गौतम बुद्ध नगर (उ.प्र.), **प्रमोद सिंह** के स्वामित्व में। कोई नहीं	सांकेतिक	रू. 20,90,000/- रू. 2.09 लाख	16.09.2019	श्री शशांक प्रताप मोब. न. 817055045
5.	1. श्री सुमित कुमार 2. श्रीमति सीमा श्री सुमित कुमार एवम् श्रीमति सीमा (बंधककर्ता)	07.09.2018 तक रू 9,48,089/- उस पर आगे ब्याज और लागतों सहित	आवासीय फ्लैट जो प्रा.फ्लैट नंबर एसएफ -4, दूसरी मंजिल, प्लॉट नंबर 56, खसरा नंबर 67, गांव सादुल्लाबाद, आकाशवाणी कॉलोनी (आकाश विहार), परगना और तहसील लोनी, गाजियाबाद (उ.प्र.) में। कोई नहीं	सांकेतिक	रू. 10,45,000/- रू. 1.05 लाख	16.09.2019	श्री शशांक प्रताप मोब. न. 817055045
6.	मैसर्स ए.के .एस पोलीचेम प्रा. लि. 1. श्री विक्रम सचदेवा (निदेशक और बन्धककर्ता) 2. श्री सोनू सचदेवा (निदेशक और बन्धककर्ता) 3. श्री विक्रम सचदेवा (गारंटर और बन्धककर्ता) 4. श्रीमती उषा सचदेवा (गारंटर और बन्धककर्ता) 5. श्री अमित सचदेवा (गारंटर)	31.07.2018 तक रू 2,97,92,352.56 उस पर आगे ब्याज और लागतों सहित	आवासीय सम्पत्ति जो प्लॉट नंबर 291, (छत/छत के अधिकार) ब्लॉक -बी, ताताराम गांव, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली -110027 में (सपत्ति का क्षेत्रफल - 200 वर्ग मीटर), जो श्रीमती उषा सचदेवा, विक्रम सचदेवा और श्री सोनू सचदेवा के नाम पर कोई नहीं	सांकेतिक	रू. 579.00 लाख (सुरक्षित मूल्य 1: टीडीएस के साथ) रू. 57.90 लाख	16.09.2019	श्री रंजीत मोब. न. 7845752213

- जहां कहीं लागू है, सुरक्षित मूल्य में आईटी ऐक्ट की धारा 194(आईए) के तहत 1 प्रतिशत कर शामिल है।
- बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया इंडियन ओवरसीज बैंक की वेबसाइट नामत: www.iob.in में उपलब्ध कराया गया लिंक नामत: www.iob.in [https://www.iob.in/TenderDetails.aspx?Tendertype=E_Auction] देखें।
- यह सूचना उक्त ऋण के कर्जदार/रों तथा गारंटर/रों को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6)/नियम 9(1) के तहत उपरिवर्णित तिथि को ई-नीलामी के आयोजन के बारे में 30 दिन का नोटिस भी माना जाए।

सम्पत्ति के निरीक्षण/ई-नीलामी के संदर्भ में अन्य विवरणों को इच्छुक बोलीदातागण शाखा प्रबन्धक, इंडियन ओवरसीज बैंक, एआरएम शाखा, रचना भवन, चतुर्थ तल, 2, राजेन्द्र प्लेस, पूसा रोड, नई दिल्ली-110008 से कार्यालय समय के दौरान या बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मैसर्स 4 क्लोज़र, पता - फ्लैट नंबर 102, अमृथा अपार्टमेंटस, प्लॉट 20, सीती नगर, हैदराबाद-500018 हेल्पलाइन नंबर 040-23836405 ई-मेल : info@bankauctions.in से सम्पर्क करें।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक : 14.08.2019
प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन ओवरसीज बैंक

कश्मीर में पाबंदियों में और ढील की उम्मीद : कंसल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोहों के लिए विभिन्न जिलों में चल रहे पूर्वाभ्यास के पूरा होने के बाद पाबंदियों में आगे और ढील दिए जाने की उम्मीद है। हालांकि, कश्मीर के कई हिस्सों में पाबंदियां जारी हैं। राज्य के प्रधान सचिव रोहित कंसल के मुताबिक, कश्मीर के कई हिस्सों में निषेधाज्ञा में ढील दी गई है। दूसरी ओर, जम्मू क्षेत्र में पाबंदियां लगभग पूरी तरह से हटा ली गई हैं। उधर, जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने गृह मंत्रालय को रिपोर्ट भेजी है, जिसमें कहा गया है कि घाटी में शांति बनी हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईद-उल-अजहा पर तीन सौ से ज्यादा टेलीफोन बूथ पर लोगों को राज्य से बाहर फोन करने की सुविधा मुहैया कराई गई थी। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने गृह मंत्रालय को अवगत कराया है कि बड़ी संख्या में लोगों ने अलग-अलग मस्जिदों में जाकर नमाज पढ़ी।

प्रधान सचिव ने कहा, 'हम यह आशा करते हैं कि स्वतंत्रता दिवस समारोहों के लिए जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के विभिन्न जिलों में चल रहे फुल ड्रेस रिहर्सल के समाप्त होने के बाद और अधिक ढील (पाबंदियों में) दी जाएगी।' उन्होंने कहा कि घाटी के हिस्सों में चरणबद्ध तरीके से पाबंदियों में ढील दी जाएगी और इसका आकलन स्थानीय अधिकारी करेंगे।

लगभग हफ्ते भर पहले जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों-जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख- में बांटने के केंद्र के फैसले के बाद सुरक्षा कारणों को लेकर ये पाबंदियां लगाई गई थी।

कश्मीर में सबसे पहले नौ अगस्त को पाबंदियों में ढील दी गई, ताकि लोग स्थानीय मस्जिदों में जुमे की नमाज पढ़ सकें। सोमवार को ईद-उल-अजहा से पहले भी पाबंदियों में ढील दी गई। कंसल ने कहा कि प्रशासन राज्य के सभी हिस्सों में (पाबंदियों में) ढील देने की नीति अपना रहा है और सोमवार को ईद का त्योहार एवं नमाज शांतिपूर्ण रहे। प्रधान सचिव ने कहा कि जहां तक संचार की बात है, स्थानीय लोगों के लिए 300 पब्लिक बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां से वे अपने सगे-संबंधियों और अन्य लोगों से बात कर सकते हैं। एक दिन में 5,000 फोन कॉल किए गए। सभी तरह की मेडिकल सेवाएं सामान्य रूप से और निर्बाध जारी हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का आवागमन सामान्य रूप से हो रहा है। पिछले 24 घंटों में 100 से अधिक भारी वाहन, एलपीजी सिलेंडर ढोने वाले ट्रक, तेल टैंकर और करीब 1500 हल्के वाहन एवं बसें गुजरी हैं। उड़ानों का संचालन भी नियमित है। श्रीनगर के लाल चौक सहित राज्य के विभिन्न स्थानों पर 15 अगस्त को तिरंगा फहराने के बारे में पूछे जाने पर कंसल ने कहा कि इस अवसर को पूरे सम्मान एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा, 'स्वतंत्रता दिवस मनाने की एक खास परंपरा है। यह राष्ट्रीय त्योहार है और पूरे सम्मान एवं भव्यता से मनाया जाएगा।'

जेटली अभी भी आइसीयू में, हालत नाजुक लेकिन 'हीमोडॉयनैमिकली' स्थिर

नई दिल्ली, 13 अगस्त (भाषा)।

एम्स में पिछले शुक्रवार से भर्ती पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली अभी भी अस्पताल की सघन चिकित्सा इकाई (आइसीयू)में ही भर्ती हैं और उनकी हालत नाजुक लेकिन 'हीमोडायनैमिकली' स्थिर है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 'हीमोडायनैमिकली' स्थिर होने का अर्थ है कि मरीज का दिल ठीक तरीके से काम कर रहा है और उसके शरीर में रक्त का संचार सामान्य है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने शुक्रवार के बाद जेटली के स्वास्थ्य के संबंध में कोई बुलिटेन जारी नहीं किया है। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, जेटली के स्वास्थ्य की जानकारी लेने शनिवार को एम्स गए थे। तब उनके कार्यालय ने कहा था कि पूर्व मंत्री पर उपचार का असर हो रहा है। 66 वर्षीय जेटली को दिल की धड़कन तेज होने और बेचैनी की शिकायत के बाद शुक्रवार सुबह एम्स के आइसीयू में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने तब कहा था कि उनकी हालत 'हीमोडायनैमिकली' स्थिर बनी हुई है और विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उनके उपचार की निगरानी कर रही है। अस्पताल ने शनिवार या रविवार को जेटली के स्वास्थ्य के संबंध में कोई ताजा बुलिटेन जारी नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समेत कई नेता शुक्रवार को अस्पताल गए थे।

विपक्षी नेताओं को कश्मीर जाने की इजाजत मिले : कांग्रेस

- राहुल का राज्यपाल मलिक को जवाब, विमान नहीं लोगों से मिलने की छूट दीजिए
- कश्मीर में नजरबंद किए गए दो पूर्व मुख्यमंत्रियों को तुरंत किया जाए रिहा: आनंद शर्मा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त

कांग्रेस ने केंद्र सरकार से मांग की है कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने और इसे दो हिस्सों में बांट केंद्र शासित प्रदेश बनाने के बाद की स्थितियों का आकलन करने के लिए विपक्षी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल को वहां जाने की इजाजत दी जानी चाहिए। पार्टी ने प्रदेश में जारी पाबंदियों के मद्देनजर सूबे के दो-दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की नजरबंदी को भी तुरंत खत्म करने की मांग की है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक के राज्य की यात्रा पर आने संबंधी आमंत्रण को मंगलवार स्वीकार कर लिया लेकिन कहा कि उन्हें विमान की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि वह और विपक्ष के अन्य नेता जम्मू कश्मीर आएंगे। उन्होंने राज्यपाल से लोगों तथा सैनिकों से मुलाकात करने की छूट देने को कहा। गांधी ने ट्वीट किया, 'प्रिय राज्यपाल मलिक, विपक्षी नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल और मैं जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख की यात्रा के आपके गरिमामय न्योते को स्वीकार करते हैं। हमें विमान की जरूरत नहीं है लेकिन कृपा कर यह सुनिश्चित करें कि हमें वहां पर लोगों, मुख्यधारा के नेताओं और वहां तैनात हमारे जवानों तक जाने तथा उनसे मुलाकात करने की छूट हो।'

मलिक ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जम्मू-कश्मीर आने का न्योता देते हुए कहा था कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के लिए वह विमान भेजेंगे। राज्यपाल की टिप्पणी तब आई, जब गांधी ने कहा-राज्य में लोग मर रहे हैं और स्थिति सामान्य नहीं है जैसा कि सरकार दावा कर रही है।

इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि केंद्र के फैसले के नौ दिन बीत चुके हैं। सरकार किसी विपक्षी नेता को जम्मू- कश्मीर में घुसने की इजाजात नहीं दे रही। उन्हें हवाईअड्डे से ही वापस भेजा जा रहा है। यह स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने उपराज्यपाल मलिक द्वारा राहुल गांधी को आने के लिए विमान भेजे जाने का प्रस्ताव देने को लेकर कहा कि विपक्ष के नेताओं को सरकार के आवभगत की जरूरत कतई नहीं है लेकिन यह जरूर है कि विपक्षी नेताओं को जम्मू- कश्मीर के हालात का जायजा लेने और वहां के विभिन्न जन समूहों से बातचीत करने का मौका जरूर दिया जाना चाहिए।

शर्मा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के मामले में सरकार ने एकतरफा फैसला लिया। पाबंदी लगाने का फैसला भी मनमाने तरीके से लिया गया। लिहाजा, अब यह सरकार की ही जिम्मेदारी बनती है कि वह पहल करे और विपक्ष के नेताओं को वहां जाने की इजाजत दे। उन्होंने कहा कि विपक्ष को बिलकुल खुली छूट दी जानी चाहिए ताकि वे राज्य के लोगों से खुलकर बातचीत कर सकें। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के जमाने में नेशनल कान्फ्रेंस सरकार के साथ रही और जम्मू-कश्मीर में भाजपा ने पीडीपी के साथ मिलकर सरकार भी चलाई।

इससे जाहिर होता है कि भाजपा भी इन दलों व इनके नेताओं की अहमियत को समझती है। वह भी जानती है कि ये सभी भारतीय संविधान में आस्था रखने वाले लोग हैं। फिर इनको बीते 11 दिनों से नजरबंद रखने की भला क्या तुक है। उन्होंने कहा कि चाहे उमर अब्दुल्ला हों अथवा महबूबा मुफ्ती, उनकी नजरबंदी तुरंत खत्म की जानी चाहिए।

डॉक्टरों से मारपीट पर 10 साल तक कैद का प्रावधान

पेज 1 का बाकी

जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्द्धन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मसविदा विधेयक को स्वास्थ्य मंत्री की मंजूरी मिल गई है। हाल ही में पश्चिम बंगाल में इलाज के दौरान एक रोगी की मौत हो जाने पर उसके रिश्तेदारों द्वारा डॉक्टरों पर हमला किए जाने के बाद देश भर के रेजीडेंट डॉक्टर हड़ताल पर चले गए थे। अधिकारिक सूत्रों ने मसविदा विधेयक के प्रावधानों का जिक्र करते हुए कहा कि क्लीनिकल प्रतिष्ठानों में डॉक्टरों व अन्य चिकित्साकर्मियों को गंभीर चोट पहुंचाने वालों को तीन से 10 साल के बीच कैद की सजा का सामना करना पड़ सकता है और उन पर दो से 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मसौदा विधेयक में कहा गया है कि हिंसा करने वालों या अस्पताल की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को छह महीने से लेकर पांच साल तक की कैद और 50,000 रुपए से पांच लाख रुपए के बीच जुर्माना लगाया जा सकता है।

भाजपा नहीं उतारेगी उम्मीदवार, मनमोहन का निर्विरोध चुना जाना तकरीबन तय

जनसत्ता ब्यूरो/भाषा
जयपुर, 13 अगस्त।

राज्यसभा उपचुनाव

भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान से राज्यसभा की एक सीट के उपचुनाव में अपना प्रत्याशी नहीं उतारने का फैसला किया है। इससे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिह का राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना जाना लगभग तय हो गया है।

सिह ने मंगलवार को यहां नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट और कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी महासचिव अविनाश पांडे भी मौजूद थे। राजस्थान विधानसभा में कांग्रेस के संख्या बल के हिसाब से मनमोहन का प्रदेश से राज्यसभा सदस्य बनना तय है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार रात यहां बताया कि भाजपा राजस्थान से राज्यसभा सीट के उपचुनाव के लिए अपना प्रत्याशी नहीं उतारेगी। पार्टी के एक प्रवक्ता के अनुसार पार्टी आलाकमान ने अपने इस फैसले को प्रदेश नेतृत्व से अवगत करवा दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदनलाल सैनी के निधन से रिक्त हुई राज्यसभा की इस सीट पर कांग्रेस ने अपने दिग्गज नेता पूर्व मनमोहन सिंह को मैदान में उतारा है। उन्होंने नामांकन पत्र के चार सेट दाखिल किए। मनमोहन सिंह मंगलवार सवेरे ही जयपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री गहलोत और उपमुख्यमंत्री पायलट ने उनका हवाई अड्डे पर स्वागत किया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि जरूरी हुआ तो 26 अगस्त को मतदान होगा और उसी दिन परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। राज्यसभा की एक सीट के लिए हो रहे चुनाव में नामांकन दाखिल करने की 14 अगस्त आखिरी तारीख है और 19 अगस्त तक नाम वापस लिए जा सकते है।

जम्मू-कश्मीर में 12-14 अक्तूबर को पहला निवेशक सम्मेलन

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

जम्मू-कश्मीर में अब वहां निवेश को बढ़ावा देने की योजनाओं पर सरकार काम कर रही है। इस राज्य में पहले निवेशक सम्मेलन के आयोजन की योजना बनाई गई है। जम्मू-कश्मीर के प्रधान सचिव (वाणिज्य एवं उद्योग) एनके चौधरी के मुताबिक, निवेशक सम्मेलन का अयोजन 12 से 14 अक्तूबर के बीच होगा।

एनके चौधरी के मुताबिक, इस सम्मेलन का उद्घाटन समारोह श्रीनगर में होगा और समापन जम्मू में। राज्य के अन्य इलाकों को भी इसमें शामिल करने के लिए सेमिनार और वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, व्यापार और उद्योग जगत के दिग्गजों को इस सम्मेलन का आमंत्रण भेजा जाएगा। इस मौके पर दो हजार से ज्यादा निवेशकों को जुटाने की योजना है।

सीआइआइ को सम्मेलन का सहयोगी जोड़ीदार बनाया गया है। इस सम्मेलन की तैयारियों के मद्देनजर देश भर में कई कार्यक्रम कर अभियान चलाए जाएंगे। अमदाबाद, चेन्नई, बंगलुरु, मुंबई में रोड शो का आयोजन किया जाएगा और दिल्ली में एक मेगा रोड शो का आयोजन किया जाएगा। दिल्ली में एक सम्मेलन और मीडिया कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

एनके चौधरी के मुताबिक, इस सम्मेलन में मुख्य तौर पर पर्यटन, कृषि, स्वास्थ्य, कौशल विकास, निर्माण आदि सेक्टरों पर फोकस किया जाएगा। सम्मेलन में निवेश के बारे में जानकारी दी जाएगी, साथ ही स्थानीय कारोबार और स्टार्ट-अप को भी प्लेटफॉर्म मुहैया कराया जाएगा।

कमलनाथ से लेकर पायलट तक को छोड़ना पड़ सकता है प्रदेश अध्यक्ष पद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

सोनिया गांधी के दोबारा कांग्रेस अध्यक्ष (अंतरिम) बनने के बाद पार्टी में एक व्यक्ति-एक पद के फार्मूले को अमल में लाने की मुहिम तेज हो गई है। संगठन को चाक-चौबंद करने की तैयारी में जुटीं कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा इस फार्मूले को स्वीकार किए जाने की सूरत में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ और राजस्थान के मुख्यमंत्री सचिन पायलट को अपने-अपने प्रदेशों के अध्यक्ष पद की कुर्सी छोड़नी पड़ सकती है।

सूत्रों ने बताया कि सोनिया गांधी समेत पार्टी के करीब आधा दर्जन नेता दो-दो पदों पर काबिज हैं। सोनिया खुद पार्टी के संसदीय दल की अध्यक्ष हैं और अब पार्टी की अध्यक्ष भी हैं। लेकिन अध्यक्ष पद पर उनकी नियुक्ति अंतरिम तौर पर की गई है लिहाजा वह एक व्यक्ति-एक पद के दायरे से बाहर हैं। लेकिन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ मुख्यमंत्री होने के साथ साथ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। इसी प्रकार सचिन पायलट राजस्थान के उपमुख्यमंत्री होने के साथ साथ सूबे के कांग्रेसी मुखिया भी हैं। ऐसे में चाहे कमलनाथ हों या पायलट इन्हें एक-एक पद छोड़ना पड़ सकता है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद राज्यसभा में विपक्ष के नेता होने के साथ साथ कांग्रेस महासचिव के तौर पर हरियाणा के प्रभारी भी हैं। इसी प्रकार नाना पटोले किसान कांग्रेस के अध्यक्ष होने के साथ साथ महाराष्ट्र में चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष भी बनाए गए हैं। जाहिर तौर पर इन नेताओं को भी एक एक पद से हटने को कहा जा सकता है। इनके अलावा नितिन राउत के पास भी दोहरी जिम्मेदारी है। वे मुबंई कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं और कांग्रेस की अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भी हैं। सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के मद्देनजर अध्यक्ष पद से राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद करीब ढाई महीने से भंवर में रही कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने संगठन को मजबूत करने की है।

वाहनों की बिक्री में 19 साल की सबसे बड़ी गिरावट

पेज 1 का बाकी

जाए क्योंकि वाहनों की बिक्री बहुत हद तक वित्त की उपलब्धता पर निर्भर करती है। उसने सरकार से वाहनों के पंजीकरण शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि को भी फिलहाल टालने के लिए कहा है।

जम्मू-कश्मीर के परिसीमन की कवायद शुरू

पेज 1 का बाकी

में सरकार को सौंपी जाएगी। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन कानून की धारा 60 में कहा गया है, 'विधानसभा में सीटों की संख्या को 107 से बढ़ाकर 114 किया जा सकता है।'

सिक्किम के 10 विधायक भाजपा में

पेज 1 का बाकी

भाजपा में शामिल हुए हैं और इसके लिए उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रधानमंत्री की 'एक्ट ईस्ट नीति' काफी प्रभावी है और युवा इसे स्वीकार कर रहे हैं। हम राज्य में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे।

वीडियो में मलीहा से कहा 'आप चोर हैं'

पेज 1 का बाकी

ने रिकॉर्डिंग रोकने के लिए कहा तो उसने जवाब दिया 'मैं रिकॉर्डिंग रोकने नहीं जा रहा हूं। यह कानून के खिलाफ नहीं है। मैं उनसे सवाल पूछ रहा हूं। मैं एक पाकिस्तानी हूं।' जब संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की शीर्ष राजनयिक ने जवाब देने से मना कर दिया तो उस व्यक्ति ने कहा कि वह (मलीहा) पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करने के लायक नहीं हैं। वीडियो की प्रामाणिकता का सत्यापन नहीं किया जा सका है। मलीहा और पाकिस्तानी मिशन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

'संपत्ति बांटना ईश्वर को नष्ट करने और भंजन के समान'

पेज 1 का बाकी

वहां एक मस्जिद बन गई, उससे देवता बांटने योग्य नहीं हो जाते।'

पीठ में न्यायमूर्ति एसए बोबडे, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एसए नजीर भी शामिल हैं। अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में पांचवें दिन की सुनवाई के दौरान मंगलवार को इस मुद्दे पर बहस शुरू हुई कि क्या इस विवादित स्थल पर पहले कोई मंदिर था।

रामलला विराजमान की ओर से वरिष्ठ वकील सीएस वैद्यनाथन ने मस्जिद के निर्माण होने से पहले इस विवादित स्थल पर कोई मंदिर होने संबंधी सवाल पर बहस शुरू की। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के पीठ ने अपने फैसले में कहा है कि विवादित स्थल पर मंदिर था।

वैद्यनाथन ने कहा कि हाई कोर्ट के न्यायाधीश एसयू खान ने अपने फैसले में कहा था कि मंदिर के अवशेषों पर मस्जिद का निर्माण किया गया। इससे पहले राम लला विराजमान की ओर से ही वरिष्ठ वकील के परासरन ने पीठ से कहा कि उसे अपने समक्ष आए सभी मामलों में पूर्ण न्याय करना चाहिए।

संविधान पीठ ने पिछले शुक्रवार को परासरन से जानना चाहा था कि क्या 'रघुवंश' राजघराने से कोई अभी भी वहां (अयोध्या में) रहता है। परासरन तत्काल इस सवाल का कोई जवाब नहीं दे सके। लेकिन जयपुर राजघराने की सदस्य और भाजपा सांसद दिया कुमारी ने रविवार को दावा किया था कि उनका परिवार भगवान राम के पुत्र कुश के वंश से है। राजस्थान के राजसमंद से सांसद दिया कुमारी ने कहा- अदालत ने जानना चाहा है कि भगवान राम के वंश के लोग कहां हैं? हमारे परिवार, जो उनके पुत्र कुश के वंशज हैं, सहित पूरी दुनिया में भगवान राम के वंश के लोग हैं। भगवान राम के वंशज दुनिया भर में हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या विवाद जल्द हल होना चाहिए।

शीर्ष अदालत इस समय अयोध्या में 2.77 एकड़ विवादित भूमि इस प्रकरण के तीनों पक्षकारों - सुन्नी वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा और राम लला के बीच बराबर-बराबर बांटने का निर्देश देने संबंधी हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर अपीलों पर सुनवाई कर रही है।

एलओसी पर कोई हरकत की तो पाक को करारा जवाब : जनरल रावत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाकिस्तान द्वारा अतिरिक्त सैन्य बल तैनात किए जाने की खबरों को तवज्जो नहीं दी और कहा कि सेना क्षेत्र में किसी भी सुरक्षा चुनौती से निपटने के लिये तैयार है। उन्होंने कहा, 'यह सामान्य बात है। हर कोई एहतियातन तैनाती करता है और सैन्य गतिविधि बढ़ाता है। इस बारे में हमें अधिक चिंतित नहीं होना चाहिए। उस पास से अगर कोई हरकत हुई तो भारतीय सेना उसका करारा जवाब देगी।'

जम्मू-कश्मीर के हालात पर सेना प्रमुख बिपिन रावत ने कहा, 'कश्मीरी लोगों के साथ हमारी बातचीत पहले की तरह सामान्य है। हम उनसे बिना बंदूक के मिलते थे और उम्मीद है कि हम उनसे बिना बंदूक के मिलते रहेंगे।'

सेना प्रमुख ने कहा कि एलओसी के पास किसी भी सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए सेना तैयार है। उन्होंने कहा, 'कुछ भी गलत होने की स्थिति में हम लोग हमेशा ही तैयार रहते हैं।' क्या आगामी दिनों में एलओसी के पास युद्ध की स्थिति बनने वाली है? इस बारे में जनरल रावत ने कहा कि यह पाकिस्तान के हाथ में हैं। अगर पाकिस्तान एलओसी पर गतिविधि तेज करता है तो उसे करारा जवाब मिलेगा।'

ऐसी खबरें हैं कि पाकिस्तान सेना एलओसी पर बड़ी तोपों की तैनाती कर रहा है। पाकिस्तान की ओर से किसी भी खतरे की आशंका को देखते हुए एलओसी के पास सेना को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सेना के शीर्ष कमांडर क्षेत्र में संपूर्ण सुरक्षा हालात पर नजर रखे हुए हैं।

ट्रंप और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी पल्ला झाड़ा

पेज 1 का बाकी

नीति रही है कि वह मध्यस्थता नहीं करेगा, बल्कि द्विपक्षीय स्तर पर मामले को सुलझाने के लिए भारत और पाकिस्तान को प्रोत्साहित करेगा। श्रृंगला ने वाशिंगटन में अमेरिकी मीडिया को जारी अपने बयान में कहा कि कश्मीर में लगाई गई पाबंदियां कुछ वक्त के लिए हैं और हालात ठीक होते ही हटा ली जाएंगी।

विदेश मंत्रालय ने श्रृंगला के बयान का ब्योरा जारी किया। श्रृंगला के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रंप ने बहुत स्पष्ट कहा था कि जम्मू-कश्मीर पर मध्यस्थता का उनका प्रस्ताव इस बात पर निर्भर करता है कि भारत और पाकिस्तान इसे स्वीकार करते हैं या नहीं। भारत ने इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। यह स्पष्ट है कि अब यह प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस भी इस मामले में स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा था कि यह मुद्दा भारत और पाकिस्तान को शिमला समझौते और लाहौर घोषणा पत्र के मुताबिक द्विपक्षीय आधार पर सुलझाना चाहिए।

भारतीय राजदूत ने कहा कि कश्मीर में हालात सामान्य हैं। श्रृंगला ने कहा, कश्मीर में लागू प्रतिबंध हटाए जा रहे हैं। हजारों की संख्या में लोग ईद मनाने के लिए घरों से निकले। उन्होंने मस्जिदों में जाकर प्रार्थना की। दुकानें खुली हुई हैं। कुछ शहरों में तो ट्रैफिक जाम की स्थिति है।

इस बीच, कश्मीर मसले पर पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के मौजूदा अध्यक्ष देश पोलैंड से भी झटका मिला है। अध्यक्ष देश पोलैंड ने सोमवार को स्पष्ट कह दिया कि नई दिल्ली और इस्लामाबाद को कश्मीर मुद्दे का समाधान द्विपक्षीय स्तर पर ही सुलझाना होगा।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पोलैंड के विदेश मंत्री जेसेक जापुतोविक्ज से फोन पर बातचीत की थी। इसके बाद उन्होंने द्विपक्षीय वार्ता पर जोर दिया।

जम्मू-कश्मीर में पाबंदी पर दखल से इनकार

पेज 1 का बाकी

करना है कि जम्मू कश्मीर में कानून व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने जुलाई, 2016 में एक मुठभेड़ में आतंकी बुरहान वानी के मारे जाने की घटना के बाद हुए आंदोलन का हवाला दिया और कहा कि उस समय हालात सामान्य करने में करीब तीन महीने लग गए थे। वेणुगोपाल ने कहा कि 1990 से अब तक आतंकवादी 44,000 लोगों की हत्या कर चुके हैं और सीमा पार बैठे लोग उन्हें निर्देश और हिदायतें दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में जम्मू कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल करने में कुछ दिन लगेंगे। वेणुगोपाल ने पीठ को बताया कि जम्मू कश्मीर में पिछले सोमवार से प्रतिबंध लगाए जाने के बाद से एक भी मौत नहीं हुई है। अटार्नी जनरल इस याचिका पर सुनवाई के दौरान पीठ के सवालों का जवाब दे रहे थे। पीठ राज्य में स्थिति सामान्य करने और बुनियादी सेवाएं बहाल करने के बारे में प्राधिकारियों द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानना चाहती थी। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा-जम्मू कश्मीर में स्थिति इस तरह की है जिसमें किसी को भी यह नहीं मालूम कि वहां क्या हो रहा है। सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए कुछ समय दिया जाना चाहिए। वे दैनिक आधार पर स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। सरकार का प्रयास सामान्य स्थिति बहाल करने का है। इसीलिए वे दैनिक आधार पर स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। यदि जम्मू कश्मीर में कल कुछ हो गया तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? निश्चित ही केंद्र। पीठ ने यह भी कहा कि इस मामले में कोई भी आदेश देने से पहले उसे इसके विभिन्न पहलुओं पर गौर करना होगा। इसलिए सरकार को राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए समुचित वक्त दिया जाना चाहिए। पीठ ने याचिकाकर्ता की वकील मेनका गुरुस्वामी से कहा कि वे स्पष्ट रूप से बताएं जहां राहत की आवश्यकता है। पीठ ने कहा-आप हमें स्पष्ट दृष्टांत बताएं और हम उन्हें राहत उपलब्ध कराने का निर्देश देंगे। शीर्ष अदालत ने अटार्नी जनरल से जानना चाहा कि हालात सामान्य बनाने के लिए कितना वक्त चाहिए। इस पर वेणुगोपाल ने जवाब दिया कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि राज्य में कानून व्यवस्था बनी रहे और आम जनता को कम से कम असुविधा हो। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में सैन्य बल और अर्द्ध सैनिक बलों को जम्मू कश्मीर में तैनात किया गया है। मेनका गुरुस्वामी जब यह दलील दे रहीं थीं कि राज्य में हर तरह के संचार माध्यम ठप कर दिए गए हैं और त्योहार के अवसर पर लोग अपने परिजनों का हालचाल नहीं पूछ सके, पीठ ने कहा- रातों रात कुछ भी नहीं हो सकता। कुछ गंभीर मुद्दे हैं। हालात सामान्य होंगे और हम उम्मीद करते हैं कि ऐसा समय के साथ होगा। इस समय महत्त्वपूर्ण यह सुनिश्चित करना है कि किसी की जान नहीं जाए।

वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि वहां किसी प्रकार की हिंसा या मानव अधिकारों का हनन नहीं हो। उन्होंने कहा कि जुलाई, 2016 में 47 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी लेकिन एक भी व्यक्ति मारा नहीं गया है। पीठ ने इस मामले को दो हफ्ते बाद सूचीबद्ध करने का निर्देश देते हुए कहा-लोगों की स्वतंत्रता के अधिकार के मुद्दे पर हम आपके साथ हैं। लेकिन इसके लिए हमारे सामने सही तस्वीर होनी चाहिए। कुछ समय इंतजार करते हैं। हालात सामान्य होने दीजिए।

इससे पहले सुनवाई शुरू होते ही गुरुस्वामी ने सवाल उठाया कि संचार व्यवस्था पर पूरी तरह पाबंदी कैसे लगाई जा सकती है। राज्य में तैनात सैनिक भी अपने परिवार के सदस्यों से बात नहीं कर पा रहे हैं। इस पर पीठ ने जानना चाहा-आप जवानों की समस्याओं को क्यों उठा रही हैं यह तो आपकी प्रार्थना नहीं है। जवानों को अनुशासन बनाकर रखना है और यदि उन्हें कोई शिकायत है तो उन्हें हमारे पास आने दीजिए। आप उनका मुद्दा क्यों उठा रही हैं। गुरुस्वामी ने जब अनुच्छेद 370 का हवाला देने का प्रयास किया तो पीठ ने उन्हें आगाह किया कि इस तरह का कोई बयान मत दीजिए। उन्होंने कहा था कि वे अनुच्छेद 370 पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहीं लेकिन वे लोगों के संवैधानिक अधिकार के मुद्दे पर हैं।

उधर सुप्रीम कोर्ट ने 'कश्मीर टाइम्स' की संपादक अनुराधा भसीन को मंगलवार को कहा कि वे जम्मू कश्मीर में मीडिया पर लगे प्रतिबंध को हटाने संबंधी अपनी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपे। जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म करने के बाद राज्य में कुछ समय के लिए पाबंदियां लगाई गई हैं।

न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा की अगुआई वाले पीठ ने भसीन की ओर से पेश वकील वृंदा ग्रोवर को कहा - आप इस बारे में रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपें और वह इस पर गौर करेंगे। ग्रोवर ने पीठ को बताया कि भसीन कश्मीर में एक प्रमुख दैनिक की संपादक हैं और घाटी में पूरी तरह से बंद का माहौल है। इसके कारण पत्रकार काम नहीं कर पा रहे हैं। इस पर पीठ ने कहा- हम इस पर गौर करेंगे।

'हिंदू पाकिस्तान' वाले बयान पर शशि थरूर के खिलाफ वारंट

पेज 1 का बाकी

लिखेगी जो भारत को पाकिस्तान जैसे राष्ट्र में बदलने का रास्ता साफ करेगा। वह ऐसा राष्ट्र होगा जहां अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हनन किया जाएगा और उनका कोई सम्मान नहीं होगा। थरूर का कहना था कि भाजपा की जीत की स्थिति में देश का लोकतांत्रिक संविधान खत्म हो जाएगा। भाजपा की ओर से लिखा गया नया संविधान पूरी तरह से हिंदू राष्ट्र के सिद्धांतों पर आधारित होगा जो भारत को हिंदू पाकिस्तान बना देगा। उसके बाद एडवोकेट चौधरी ने 12 जुलाई को उनके खिलाफ यहां अदालत में मामला दायर किया था। चौधरी की

बोर्ड घाटे में, परीक्षा शुल्क बढ़ाना मजबूरी : सीबीएसई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं के लिए परीक्षा शुल्क बढ़ाने के मामले पर मंगलवार को सफाई दी। सीबीएसई ने कहा कि परीक्षा शुल्क घाटे को कम करने के लिए बढ़ाया गया है। बोर्ड ने दिल्ली के अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के विद्यार्थियों को राहत देते हुए उनसे परीक्षा शुल्क के रूप मे 50 रुपए ही लेने का निर्णय किया है। बाकी की राशि का भुगतान दिल्ली सरकार सीधे बोर्ड को करेगी।

सीबीएसई के सचिव अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि देश भर में बोर्ड से 22 हजार से अधिक स्कूल संबद्ध हैं। इनमें 16 हजार निजी स्कूल हैं। दिल्ली में करीब 2500 स्कूल हैं जिनमें 1000 के आसपास दिल्ली सरकार के स्कूल हैं। त्रिपाठी ने बताया कि बोर्ड ने पांच साल से परीक्षा शुल्क में कोई वृद्धि नहीं की थी जबकि 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं से बोर्ड को हमेशा घाटा होता रहा है। 2018-19 में यह घाटा लगभग 200 करोड़ रुपए था। सचिव के मुताबिक पिछले साल तक हमारे पास जेईई मेंस, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं थीं जिनसे घाटे को पूरा कर लिया जाता था।

अब अधिकतर प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) के पास चला गया है। पांच सालों में कागज, प्रिंटिंग, परिवहन आदि के खर्च में भी कई गुना वृद्धि हुई है। इसके अलावा बोर्ड ने परीक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया को बेहतर और नकल मुक्त बनाने के लिए पिछले साल कई कदम उठाए हैं। पांच-पांच हजार पर्यवेक्षकों और उपाधिक्षक नियुक्त किए गए। मूल्यांकनकर्ताओं की संख्या 1.25 लाख से 2.50 लाख की गई। इन सभी वजहों से बोर्ड को घाटा हो रहा था। सीबीएसई स्ववित्तपोषित संस्थान है और सरकार से किसी भी तरह की आर्थिक सहायता नहीं लेता है।

सीबीएसई ने दिल्ली सरकार से विद्यार्थियों को राहत देने को कहा

अनुराग त्रिपाठी के मुताबिक अभी तक दिल्ली के कक्षा दस के एससी-एसटी वर्ग के विद्यार्थी का परीक्षा शुल्क दिल्ली के सामान्य विद्यार्थियों के बराबर 375 रुपए था। इसमें से 50 रुपए विद्यार्थी और 325 रुपए दिल्ली सरकार देती थी। कक्षा 12 के एससी-एसटी वर्ग के विद्यार्थी का परीक्षा शुल्क दिल्ली के सामान्य विद्यार्थियों के बराबर 600 रुपए था। इसमें से 50 रुपए विद्यार्थी और 550 रुपए दिल्ली सरकार देती थी। अब दिल्ली के एससी-एसटी वर्ग के विद्यार्थियों का परीक्षा शुल्क बढ़ाकर 1,200 रुपए कर दिया गया है जबकि सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों का 1,500 रुपए किया गया है। हालांकि बोर्ड अभी भी एससी-एसटी विद्यार्थियों से परीक्षा शुल्क 50 रुपए ही लेगा। शेष धनराशि यानी 1150 रुपए का भुगतान दिल्ली सरकार करेगी।

शेष देश में 750 से 1500 रुपए किया गया शुल्क

दिल्ली के अलावा शेष देश में पहले सभी विद्यार्थियों से परीक्षा शुल्क के रूप में 750 रुपए लिए जाते थे जिसे बढ़ाकर 1500 रुपए किया गया है। बोर्ड की ओर से कभी भी एससी-एसटी विद्यार्थियों को परीक्षा शुल्क में कोई राहत नहीं दी जाती है। हमारे यहां सभी विद्यार्थी एक समान हैं।

लद्दाख और जम्मू कश्मीर के स्कूलों का स्वागत

केंद्र सरकार की ओर से लद्दाख और जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बना दिया गया है। इस पर त्रिपाठी से पूछा गया कि क्या अब लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के स्कूल सीबीएसई से जुड़ेंगे। त्रिपाठी ने कहा कि अगर वहां के स्कूल सीबीएसई से जुड़ते हैं तो हम उनका स्वागत करेंगे।

भाकपा ने शुल्क वृद्धि को सरकार का प्रतिशोधी कदम बताया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने मंगलवार को कहा कि सीबीएसई की 10वीं और 12वीं कक्षा के लिए परीक्षा शुल्क में वृद्धि सरकार के प्रतिकूल रुख को उजागर करता है। पार्टी ने आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति(एससी/एसटी) विद्यार्थियों के शुल्क में वृद्धि समाज के वंचित वर्ग को लेकर प्रतिशोधी मानसिकता को साबित करता है।

भाकपा की राष्ट्रीय परिषद के सचिव बिनॉय विस्वम ने एक बयान में कहा कि यह शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के घोषित सिद्धांतों को नजरअंदाज करता है। राज्यसभा सदस्य विस्वम ने कहा कि मौजूदा शैक्षणिक वर्ष से ही सभी सीबीएसई स्कूलों में यह शुल्क वृद्धि लागू होगी। यह कदम सीबीएसई पाठ्यक्रम में पंजीकृत होने वाले छात्रों को लेकर सरकार का प्रतिगामी रुख जाहिर करता है। भाकपा नेता ने कहा कि एससी-एसटी विद्यार्थियों के लिए शुल्क तिगुना कर सरकार ने समाज के दबे कुचले तबके के छात्रों के प्रति अपनी प्रतिशोधी मानसिकता जाहिर कर दी है।

सीए की परीक्षा में राजस्थान के अजय और मध्य प्रदेश के नयन शीर्ष पर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने मई-जून 2019 में आयोजित हुई परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिया। पुराने पाठ्यक्रम के आधार पर हुई परीक्षा में राजस्थान (कोटपुतली) के अजय अग्रवाल पहले स्थान पर रहे। वहीं, नए पाठ्यक्रम के आधार पर हुई परीक्षा में मध्य प्रदेश (भोपाल) के नयन गोयल अव्वल रहे।

फोकस इंडस्ट्रियल रिसोर्सेस लिमिटेड

CIN: L15319DL1985PLC021348
पंजीकृत कार्यालयः 104, मुकुन्द हाउस, कॉमर्सियल कॉम्प्लैक्स, आजादपुर, दिल्ली-110033
ई-मेलः info@focuslimited.in, वेबसाईटः www.focuslimited.in, फोनः 011-27676399
30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम

(रु. लाखों में)

क्रम सं.	विवरण	समाप्त तिमाही		समाप्त वर्ष
		समाप्त चालू तिमाही 30.06.2019 अनंकेक्षित	समाप्त पूर्व वर्ष की तिमाही 30.06.2018 अनंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31.3.2019 अंकेक्षित
1.	परिचालनों से कुल आय	12.15	25.9	75.53
2.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	0.05	0.28	0.06
उत्तराखंड सरकार ने पर्यावरण संवेदी क्षेत्र में संशोधन किया

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून, 13 अगस्त।

उत्तराखंड सरकार ने गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान तथा नंधौर वन्य क्षेत्र पर्यावरण संवेदी क्षेत्र (ईको सेंसटिव जोन) में संशोधन किया है। इन दोनों क्षेत्रों के पर्यावरणीय संवेदी क्षेत्र से कई गांवों को बाहर निकाला गया है। सोमवार देहरादून में त्रिवेंद्र सिंह रावत सरकार की बैठक में यह फैसला लिया गया।

इन फैसलों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि नंधौर वन्य क्षेत्र के ईको सेंसेटिव जोन से डांडा, कठोल समेत तीन गांवों को बाहर किया है। अब इस वन्य क्षेत्र में 99.5 फीसद आरक्षित वन और 0.5 फीसद राजस्व क्षेत्र रहेगा।

मंत्रिमंडल में हुए अन्य फैसलों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि राज्य की चीनी मिलों में 403 करोड़ का भुगतान लंबित है। सरकार ने फैसला लिया है कि जिन मिलों में गन्ना किसानों का भुगतान बकाया है, उन्हें 2019-20 का लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं है। जो मिलें नया लाइसेंस लेना चाहती हैं, उन्हें इसमें कुछ छूट भी दी जाएगी।

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान मोटर नियमावली में भी संशोधन किया गया है। इसकी धारा 52, 135, 179, आदि में संशोधन किया गया है। अब वाहनों के वीआइपी नंबर 001 और 786 की न्यूनतम बोली को बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दिया गया है। साथ ही अब 11, 22, 33, 44, 55, 66, 77, 88, 99 के नंबर लेने के लिए 25 हजार की बोली लगानी होगी। साथ ही मंत्रिमंडल ने तय किया है कि सेना में शामिल होने के लिए राज्य के युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन राशि पचास हजार रुपए दी जाएगी। राज्य के जो युवक एनडीए और आइएमए के अलावा वायुसेना और नौसेना में शामिल होंगे, उन्हें यह प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

'असम नागरिक पंजी से बाहर नामों की सूची ऑनलाइन प्रकाशित की जाए'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आदेश दिया कि असम के राष्ट्रीय नागरिक पंजी की अंतिम सूची से बाहर रखे गए लोगों के नामों की सूची 31 अगस्त को सिर्फ ऑनलाइन प्रकाशित की जाए। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति आरएफ नरीमन के पीठ ने कहा कि आधार के आंकड़ों के लिए की गई व्यवस्था की तरह ही असम राष्ट्रीय नागरिक पंजी के आंकड़ों की सुरक्षा की भी व्यवस्था की जाए।

शीर्ष अदालत ने कहा कि उसके यहां दायर चुनिंदा मसलों के आधार पर असम राष्ट्रीय नागरक पंजी को जवाब देने के लिए नहीं कहा जा सकता है। शीर्ष अदालत ने पहले आदेश दिया था कि असम की अंतिम राष्ट्रीय नागरिक पंजी 31 अगस्त तक प्रकाशित की जाए। अदालत ने राष्ट्रीय पंजी तैयार करने की कवायद को लेकर केंद्र से कहा था कि वह 31 अगस्त की समय सीमा का पालन करे।

ओ.बी.सी

ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

(भारत सरकार का उपक्रम)

समाधान, वसूली और विधि, क्लस्टर कार्यालय फरीदाबाद, नीलम चौक, एनआईटी, फरीदाबाद-121002 (हरियाणा) फोन: 0129-2415525, ई-मेल: rri_7622@obc.co.in

ई-नीलामी बिक्री सूचना

परिशिष्ट IV-क, (नियम 8(6) का परन्तुक देखें) अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस, आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर्स को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का सांकेतिक/वास्तविक कब्जा(नीचे वर्णित अनुसार) प्रतिभूत लेनदार ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक 31.08.2019 को बेचा जाएगा। बकाया राशि की वसूली, कर्जदार(रों) और गारंटर(रों), आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि का विवरण नीचे दी गई तालिका के अनुसार, **धरोहर राशि और दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 29.08.2019 को सांय 4.00 बजे तक है।**

अचल सम्पत्तियों का विवरण

क्र. सं.	कर्जदार का नाम	सम्पत्ति का विवरण एवं स्वामी का नाम	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली में वृद्धि हेतु राशि	ई-नीलामी की तारीख/समय	मांग सूचना की तिथि / बकाया राशि (जमानती कर्ज)	ई एम डी प्रेषण खाते का विवरण
1	मैसर्स प्लास्को इंजीनियर्स प्रोपराईटर श्री संजय मैन्दीरत्ता	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि साम्यिक बंधक ए-315 और ए-316 डबुआ नवादा रोड कॉलोनी, फरीदाबाद में स्थित, क्षेत्रफल 635.00 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्री संजय मैन्दीरत्ता पुत्र श्री अमर चंद मैन्दीरत्ता के नाम सब-रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण में – अन्य की सम्पत्ति, पूरब में – रोड, पश्चिम में – रोड	₹ 85.05 लाख ₹ 8.50 लाख ₹ 1.00 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	28-07-2017 ₹ 86,99,741.00 दिनांक 01.07.2017 तक प्लस ब्याज और अन्य प्रभार	A/c No: 09211181000111 A/c Name : E-Auction Plasko Engineers Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce, IFSC Code: ORBC0100921
2	मैसर्स कुसुम इण्डस्ट्रीज़ प्रोपराईटर श्रीमती कुसुम सक्सेना और गारंटर्स : श्री दीपक सक्सेना, श्री प्रमोद सक्सेना और श्री संजय सक्सेना	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सम्पत्ति मकान नं. 1001/678, गली नं. 39, ब्लॉक-ए, फ्रैंड्स ईस्टेट एजेंसी वाली गली के विपरीत, डबुआ पाली रोड, एन आई टी, फरीदाबाद, क्षेत्रफल 142 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्री दीपक सक्सेना, श्री प्रमोद सक्सेना, श्री संजय सक्सेना सभी पुत्र श्री श्याम मोहन सक्सेना के नाम पर जिला फरीदाबाद में पंजीकृत। चौहद्दी : उत्तर में – रोड, दक्षिण में – मकान नं. 1015/690, पूरब में – मकान न. 1002/677, पश्चिम में – मकान नं. 1000/675	₹ 23.76 लाख ₹ 2.38 लाख ₹ 0.20 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	31-08-2016 ₹ 8,72,907.00 और ₹ 24,90,777.00 दिनांक 01.07.2016 तक प्लस ब्याज और अन्य प्रभार	A/c No: 07651181000186 A/c Name : E-Auction Kusum Industries Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce, IFSC Code: ORBC0100765
3	श्री जसविन्दर सिंह पुत्र श्री जोगिन्दर सिंह और श्री जोगिन्दर सिंह पुत्र मनमोहन सिंह और श्रीमती परमजीत कौर पत्नी जोगिन्दर सिंह	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. 2ई/100 प्रथम तल, दक्षिणी हिस्सा, ब्लॉक ई, एन एच – 2, एनआईटी फरीदाबाद – 121001, क्षेत्रफल 116 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती परमजीत कौर और श्री जोगिन्दर सिंह के नाम पर पंजीकृत, जिला फरीदाबाद। चौहद्दी : उत्तर में – मकान नं. 2ई/100, दक्षिण में – मकान नं. 2ई/101, पूरब में – मकान नं. 2ई/73, पश्चिम में – रोड़	₹ 21.00 लाख ₹ 2.10 लाख ₹ 0.20 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	20-08-2016 ₹ 21,45,803.00 दिनांक 30.07.2016 तक प्लस ब्याज और अन्य प्रभार	A/c No: 07651181000056 A/c Name : E-Auction Jasvinder Singh Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce, IFSC Code: ORBC0100765
4	मैसर्स रजनी इलैक्ट्रीकल प्रोप. मंजू देवी	1. सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि साम्यिक बंधक दुकान नं. 3ए और 4 सरन स्कूल रोड जवाहर कॉलोनी एन आई टी फरीदाबाद में स्थित है, क्षेत्रफल 36 वर्ग गज,, यह सम्पत्ति श्रीमती मंजू देवी के नाम सब रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – दुकान नं. 5, दक्षिण में – दुकान नं. 2, पूरब में – 22 फीट चौडी रोड पश्चिम में – दुकान नं. 8 2. साम्यिक बंधक मकान नं. 2614/8, सरन पब्लिक स्कूल रोड, जवाहर कॉलोनी एन आई टी फरीदाबाद में स्थित है, कर्वड एरिया 103 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती मंजू देवी के नाम पर है, चौहद्दी : उत्तर में – 2614/9, दक्षिण में – 2614/7, पूरब में – दुकान (रजनी इलैक्ट्रीकल्स), पश्चिम में – गली	₹ 42.00 लाख ₹ 4.20 लाख ₹ 0.20 लाख ₹ 32.00 लाख ₹ 3.20 लाख ₹ 0.20 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	20-03-2017 ₹ 68,92,731.00 और ₹ 36,78,549.00 दिनांक 01.03.2017 तक प्लस ब्याज और अन्य प्रभार	A/c No: 07651181000254 A/c Name : E-Auction Rajni Electricals Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce, IFSC Code: ORBC0100765
5	मैसर्स पी.पी इंडस्ट्रीज़ इसके प्रोपराईटर श्रीमती सोनिया मैंदीरत्ता पत्नी संजय मैंदीरत्ता	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जो कि : साम्यिक बंधक फैक्ट्री भूमि एवं भवन, प्लॉट नं. 9 (जिसे अब 47/14ए कहते है) डबुआ कॉलोनी नवादा रोड फरीदाबाद में स्थित, क्षेत्रफल 298 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती सोनिया मैंदीरत्ता पत्नी श्री संजय मैंदीरत्ता के नाम पर सब रजिस्ट्रार फरीदाबाद जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – 20फीट रास्ता, पूरब में – 15फीट रास्ता, दक्षिण में – प्लॉट नं.10, पश्चिम में – अन्य की सम्पत्ति	₹ 40.00 लाख ₹ 4.00 लाख ₹ 0.50 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	01-02-2018 ₹ 51,43,686.00 दिनांक 31.03.2018 से भविष्य का ब्याज और अन्य प्रभार	A/c No: 09211181000142 A/c Name : E-Auction P. P. Industries Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce, IFSC Code: ORBC0100921
6	मैसर्स एस.पी. रबड़ प्रोपराईटर : श्रीमती भगवंती देवी	(1) सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. डीसी-551(एफ-6) क्षेत्रफल 105 वर्ग गज, रैक्टैन्गल नं. 47, किला नं. 10/1, मौज़ा डबुआ, डबुआ कॉलोनी, एन आई टी फरीदाबाद में स्थित, यह सम्पत्ति श्रीमती भगवंती देवी के नाम पर जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – प्लॉट नं. एफ-4, दक्षिण में – प्लॉट नं. एफ-7, पूरब में – रोड, पश्चिम में – प्लॉट नं. एफ-5 (2) सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. डीसी-551(एफ-7) क्षेत्रफल 155 वर्ग गज, रैक्टैन्गल नं. 47, किला नं. 10/1, मौज़ा डबुआ, डबुआ कॉलोनी, एन आई टी फरीदाबाद में स्थित, यह सम्पत्ति श्रीमती भगवंती देवी के नाम पर जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – प्लॉट नं. 6, दक्षिण में – रास्ता, पूरब में – प्लॉट नं. 5, पश्चिम में – आगे का रास्ता	₹ 12.90 लाख ₹ 1.29 लाख ₹ 0.20 लाख ₹ 18.20 लाख ₹ 1.82 लाख ₹ 0.20 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर 31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	15-10-2016 ₹ 40,06,199.00 और ₹ 40,81,434.00 दिनांक 30.09.2016 तक प्लस ब्याज और अन्य प्रभार	A/c No: 07651181000049 A/c Name : E-Auction S.P. Rubber Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce, IFSC Code: ORBC0100765
7	मैसर्स जी के बी इंडस्ट्रीज़	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सम्पत्ति प्लॉट नं. 68-बी, गली नं. 5ई, मौज़ा गौन्ची सरूरपुर औद्योगिक क्षेत्र, सोहना रोड, बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में स्थित, क्षेत्रफल 320 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्री चंदर मोहन पुत्र श्री दिलचंद के नाम पर सब-रजिस्ट्रार फरीदाबाद जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण में – रोड, पूरब में – रोड, पश्चिम में – अन्य की सम्पत्ति सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सम्पत्ति मकान नं. ई-781, डबुआ कॉलोनी एन आई टी फरीदाबाद में स्थित, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्री चंदर मोहन पुत्र श्री दिलचंद के नाम पर सब-रजिस्ट्रार फरीदाबाद जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – प्लॉट का शेष भाग, दक्षिण में – 15फीट रास्ता, पूरब में – अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम में – प्लॉट का शेष भाग	₹ 30.00 लाख ₹ 3.00 लाख ₹ 0.30 लाख ₹ 20.50 लाख ₹ 2.05 लाख ₹ 0.20 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	01-09-2017 ₹ 41,71,764.00 ₹ 34,05,799.00 दिनांक 01.08.2017 तक प्लस ब्याज और अन्य प्रभार	A/c No. 09211181000159 A/c Name : E-Auction M/s GEE KAY BEE INDUSTRIES Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce IFSC Code: ORBC0100921
8	मैसर्स खोखर इलेक्ट्रॉनिक्स	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. ए-1101, (पुराना प्लॉट नं. 96 और 97) डी स्टोरी, विवेक विहार के पास, डबुआ कॉलोनी एनआईटी फरीदाबाद में स्थित, क्षेत्रफल 150 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती सोनिया पत्नी संजीव कुमार के नाम सब-रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – मकान नं. 1100, पूरब में – अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण में – मकान नं. 1102, पश्चिम में – रास्ता	₹ 35.10 लाख ₹ 3.51 लाख ₹ 0.20 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	01-09-2017 ₹ 31,91,838.38 दिनांक 01.09.2017 तक प्लस ब्याज और अन्य प्रभार	A/c No. 07651181000353 A/c Name : E-Auction M/s Khokher Electronics Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce IFSC Code: ORBC0100765
9	मैसर्स जय महाकाल ट्रेडर्स	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सम्पत्ति : उत्तरी पश्चिमी हिस्सा सह पूर्वी हिस्सा/ सब डिविज़न हिस्सा नं. डी, बंगला प्लॉट नं. 3-ई/26, एनआईटी फरीदाबाद में स्थित क्षेत्रफल 150 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती राम रखी पत्नी दिलबाग राई जमा के नाम पर सब रजिस्ट्रार फरीदाबाद जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – रोड, पूरब में – बंगला नं. ई-3/26 का पूर्वी हिस्सा, दक्षिण में – बंगला प्लॉट /3-26 का अन्य भाग, पश्चिम में – बंगला प्लॉट नं. 3-ई/25	₹ 86.40 लाख ₹ 8.64 लाख ₹ 0.50 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	01-10-2018 ₹ 76,52,805.50 दिनांक 01.12.2018 से भविष्य का ब्याज और अन्य प्रभार	A/c No. 07651181000414 A/c Name : Jai Mahakal Traders Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce IFSC Code: ORBC0100765
10	श्री सतपाल यादव	साम्यिक बंधक सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि एमसीएफ ए 730, डबुआ कॉलोनी, एन आई टी फरीदाबाद में स्थित है, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्री सतपाल पुत्र श्री मेहर चंद के नाम पर है। चौहद्दी : उत्तर में – रास्ता, दक्षिण में – प्लॉट नं. 2, पूरब में – प्लॉट नं. 12, पश्चिम में – प्लॉट नं. 11 का शेष हिस्सा	₹ 20.23 लाख ₹ 2.23 लाख ₹ 0.20 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	27-04-2017 ₹ 19,52,830.00 दिनांक 01.04.2017 तक प्लस ब्याज और अन्य प्रभार	A/c No. 12681181000055 A/c Name : E-Auction Mr Satpal Yadav Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce IFSC Code: ORBC0101268
11	मैसर्स शिव दुत्ती उद्योग प्रोपरोईटर: श्री मयंक सक्सेना और गारंटर : श्रीमती सुनीता देवी	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सम्पत्ति नं. ए-849 दबुआ कॉलोनी फरीदाबाद में स्थित, क्षेत्रफल 52.50 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती सुनीता देवी के नाम पर जिला फरीदाबाद में पंजीकृत। चौहद्दी : उत्तर में – रोड, दक्षिण में – श्री विनोद सक्सेना की सम्पत्ति, पूरब में – श्री सत्य देव की सम्पत्ति, पश्चिम में – विवेक हाई स्कूल	₹ 12.00 लाख ₹ 1.20 लाख ₹ 0.20 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	27-10-2016 ₹ 15,86,214.00 दिनांक 01.10.2016 से भविष्य का ब्याज और अन्य प्रभार	A/c No: 07651181000124 A/c Name : E-Auction Shiv Dutty Udyog Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce, IFSC Code: ORBC0100765
12	श्री योगिन्दर राणा और श्रीमती संगीता	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. एम सी एफ नं. 983ए, ब्लॉक आरा मशीन वाली गली डबुआ कॉलोनी एन आई टी फरीदाबाद में स्थित, क्षेत्रफल 100.00 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती संगीता पत्नी श्री योगिन्दर के नाम सब-रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – प्लॉट नं. 112/श्री शंकर लाल का मकान, दक्षिण में – प्लॉट नं. 110/मकान नं. 984/ए, पूरब में – अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम में – 11फीट चौडा रास्ता	₹ 21.09 लाख ₹ 2.11 लाख ₹ 0.20 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	21-07-2017 ₹ 18,69,810.00 दिनांक 01.07.2017 से भविष्य का ब्याज और अन्य प्रभार	A/c No: 12681181000062 A/c Name : E-Auction Yoginder Rana S/o Bohoran Singh Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce, IFSC Code: ORBC0101268
13	मैसर्स तेजपाल मशीन टूल्स	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं 42ए, मौज़ा-ऊँचा गाँव, क्षेत्रफल 165 वर्ग गज, जिसे अब मकान नं. 1142, आर्या नगर, बल्लभगढ़, फरीदाबाद के नाम से जाना जाता है, यह सम्पत्ति श्री धीरज कुमार, श्री तेजपाल सिंह, श्री हरी चन्द और श्री चन्द सभी पुत्र श्री किरोडी मल के नाम पर उप रजिस्ट्रार बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – प्लॉट नं. 42, दक्षिण में – प्लॉट नं. 43, पूरब में – प्लॉट नं. 44, पश्चिम में – रोड सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फैक्ट्री भूमि एवं भवन प्लॉट नं 78, मौज़ा-झरसान्तली, क्षेत्रफल 242 वर्ग गज, जिसे अब एम सी एफ 1628, न्यू राजीव कॉलोनी, सैक्टर-58 के पास, बल्लभगढ़, फरीदाबाद में स्थित, यह सम्पत्ति मैसर्स तेजपाल टूल्स के नाम पर है। चौहद्दी : उत्तर में – प्लॉट नं. 77, दक्षिण में – अन्य की सम्पत्ति, पूरब में – रास्ता, पश्चिम में – अन्य की सम्पत्ति	₹ 30.00 लाख ₹ 3.00 लाख ₹ 0.20 लाख ₹ 20.50 लाख ₹ 2.05 लाख ₹ 0.20 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	₹ 43,02,110.50 + ₹ 44,42,573.00 + दिनांक 01.07.2016 से ब्याज, लागत एवं अन्य प्रभार	A/c No. 06391181000014 A/c Name : E auction M/s Tejpal Machine Tools Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce IFSC Code: ORBC0100639
14	मैसर्स एस आर सी इंडस्ट्रीज़	साम्यिक बंधक सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि एमसीएफ नं. 125, संजय कॉलोनी (शिव कॉलोनी) सैक्टर-22 एनआईटी फरीदाबाद में स्थित है, (रैक्ट नं. 53 किला नं. 11/1/1(0-10) किला नं. 10/2(1-17) रैक्ट नं. 54 किला नं. 15/2/1(-7) क्षेत्रफल 180 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती सैनी और श्री महेन्द्र सिंह सैनी के नाम पर सब रजिस्ट्रार फरीदाबाद जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – रोड, दक्षिण में – पुराना प्लॉट नं. 11, पूरब में – रोड, पश्चिम में – पुराना प्लॉट नं. 9	₹ 51.30 लाख ₹ 5.13 लाख ₹ 0.50 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	02-07-2018 ₹ 54,59,164.00 दिनांक 01.08.2018 तक प्लस ब्याज और अन्य प्रभार	A/c No. 09211181000180 A/c Name : E-Auction M/s SRC INDUSTRIES Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce IFSC Code: ORBC0100921
15	मैसर्स मैक्स इंटरप्राईजेज़ प्रोप. श्री बिजेन्दर सिंह	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. 1379, एम सी एफ नं. 2015, मोबाईल टॉवर के पास, डबुआ कॉलोनी, एन आई टी फरीदाबाद में स्थित है, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती सुखबीरी देवी पत्नी स्व. श्री ब्रह्म सिंह के नाम पर है। चौहद्दी : उत्तर में – मकान नं. 1321, दक्षिण में – 15फीट रोड, पूरब में – प्लॉट नं. 1 / मकान नं. 1378, पश्चिम में – प्लॉट नं. 4 / मकान नं. 1380	₹ 27.50 लाख ₹ 2.75 लाख ₹ 0.20 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	01-04-2017 ₹ 10,49,332.00 और ₹ 13,27,246.00 दिनांक 01.03.2017 तक प्लस ब्याज और अन्य प्रभार	A/c No: 07651181000230 A/C Name : E-Auction Max Enterprises Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce, IFSC Code: ORBC0100765
16	श्रीमती मुकेश देवी और कुलदीप सिंह	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. 1171-पी, हुडा अरबन ईस्टेट, सैक्टर-84, फरीदाबाद में स्थित, क्षेत्रफल 148.50 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती मुकेश देवी पत्नी श्री कुलदीप सिंह के नाम पर सब रजिस्ट्रार फरीदाबाद जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – मकान नं. 1172, दक्षिण में – मकान नं. 1170, पूरब में – मकान नं. 1230, पश्चिम में – रोड	₹ 49.95 लाख ₹ 5.00 लाख ₹ 0.50 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	28-11-2017 ₹ 37,47,456.35 और दिनांक 01.11.2017 से होने वाला ब्याज और अन्य प्रभार इत्यादि सहित	A/c No. 07651181000360 A/c Name : E-Auction Mukesh Devi Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce IFSC Code: ORBC0100765
17	श्री गगन वाधवा और श्रीमती दीपा वाधवा	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. 82, मकान नं. डी-1588 जिसे अब मकान नं. 962 से जाना जाता है, ब्लॉक ए, मौज़ा डबुआ (डबुआ कॉलोनी) एनआईटी फरीदाबाद, दक्षिणी भाग, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती दीपा वाधवा पत्नी श्री गगन वाधवा के नाम पर पंजीकृत, जिला फरीदाबाद। चौहद्दी : उत्तर में – 15 फीट चौडी रोड, दक्षिण मे – सुश्री शान्ति की सम्पत्ति, पूरब में – प्लॉट नं. 81, पश्चिम में – प्लॉट नं. 83	₹ 21.60 लाख ₹ 2.16 लाख ₹ 0.20 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	31-08-2016 ₹ 41,10,705.00 दिनांक 31.03.2018 से भविष्य का ब्याज और अन्य प्रभार	A/c No: 07651181000070 A/c Name : E-Auction Gagan Wadhwa Name of the Beneficiary: Oriental Bank of Commerce, IFSC Code: ORBC0100765
18	मैसर्स एस के इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि : पश्चिमी हिस्सा नं. डी, बंगला प्लॉट नं. 3-ई/26 बीपी एनआईटी फरीदाबाद -121001 में स्थित, क्षेत्रफल 150 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्री सुनिल शर्मा पुत्र दिलबाग राई शर्मा के नाम पर सब रजिस्ट्रार फरीदाबाद जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – रोड, दक्षिण में – बंगला प्लॉट नं. 3-ई/26ए का अन्य भाग, पूरब में – श्रीमती राम रखी का मकान, पश्चिम में – बंगला प्लॉट नं. 3-ई/25	₹ 86.40 लाख ₹ 8.64 लाख ₹ 0.50 लाख	31-08-2019 दोपहर 12.00 बजे से अपरांह 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर	01-09-2017 ₹ 62,67,156.50 & Rs 36,81,556 दिनांक 01.09.2017 से भविष्य का ब्याज और अन्य प्रभार	A/c No. 07651181000407 A/c Name : E-Auction S K INDUSTRIAL Name of

उत्तराखंड : सबसे लंबा चलने वाला हरिद्वार कुंभ मेला

हरिद्वार में कुंभ मेला लगभग चार महीने चलता है। 14 जनवरी मकर संक्रांति को कुंभ का पहला स्नान और आखिरी स्नान अप्रैल में वैशाख पूर्णिमा में होता है। हरिद्वार कुंभ में चार महीनों में कुल 11 स्नान होते हैं। जिनमें तीन शाही स्नान होते हैं। पहला शाही स्नान महाशिवरात्रि, दूसरा शाही स्नान सोमवती अमावस्या और तीसरा व अंतिम शाही स्नान कुंभ का मुख्य स्नान पर्व अप्रैल में वैशाख मास की मेष संक्रांति के दिन होता है।

भारतीय राजनीति में नेतृत्व की जो कल्पना थी, उसके पर्याय थे अटलजी

प्रभात झा

देश

भारतीय राजनीति में जो नेतृत्व की कल्पना की गई है, अटलजी उसके पर्याय थे। उन्हें देखकर राजनीति और राजनीतिकों के प्रति श्रद्धा पैदा होती थी। अटलजी जैसे लोगों ने राजनीति, जिसे लोग निकृष्ट स्थान कहते हैं, को उत्कृष्ट कार्य करने का स्थान बना दिया।

प्रथम पुण्यतिथि
16 अगस्त

अटलजी विषम परिस्थितियों में और निखर कर आते थे। वे भारत के पहले प्रतिपक्ष के नेता थे, जिन्हें भारत सरकार ने शिष्टमंडल लेकर संयुक्त राष्ट्र भेजा था। अटलजी दल के माध्यम से देश की राजनीति करते थे। उन्होंने संगठन को गढ़ने का, कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मथने और जनता के बीच सदैव जीवित रहने का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना साल 1951 में की। भारतीय राजनीति में बहुत कम लोग ऐसे बचे थे जो अपने दल के जन्म से ही उसके विस्तार में लगे हों। जनसंघ की स्थापना के प्रारंभ से जो जुड़े थे, उनमें अग्रणी थे अटल बिहारी वाजपेयी। जनसंघ के संस्थापक डॉ मुखर्जी 23 जून 1953 को शहीद हो गए। उन्होंने परमिट तोड़कर जम्मू-कश्मीर में प्रवेश किया था। उनके साथ बतौर पत्रकार अटल बिहारी वाजपेयी गए थे। जब परमिट तोड़कर डॉ मुखर्जी जम्मू-कश्मीर पहुंचे तो उन्होंने अटलजी से कहा- 'वाजपेयी गो बैक एंड टेल द पीपल ऑफ इंडिया डॉ मुखर्जी इन्टर्ड जम्मू-कश्मीर विदाउट परमिट।' अटलजी यहीं से प्रारंभ हुए और कभी पलटकर नहीं देखा। इसी बीच 23 जून 1953 को डॉ मुखर्जी की, जो कश्मीर में नजरबंद थे, अचानक रहस्यमयी मौत हो गई। अटलजी पर उसका गहरा प्रभाव पड़ा। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में प्रारंभ में ही आ गए थे। वे उत्तर प्रदेश के संडीला में कुछ महीनों के लिए संघ के विस्तारक होकर भी गए थे। पर भारतीय जनसंघ की यात्रा जो उन्होंने उस समय शुरू की, वह कभी नहीं रुकी।

अटलजी मां सरस्वती के वरद पुत्र थे। उनकी वाणी में भारत का दर्शन होता था। उनकी वाणी उनकी पहचान बन गई।

भारतीय राजनीति में वे पहले ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने अपनी वाणी से जन-जन के मन मंदिर में अपना स्थान बनाया था। कठोर से कठोर बातों को वे शीतल वाणी से कहकर लोगों का मन जीत लेते थे। अपने प्रखर वक्तव्य और प्रभावी भाषण से अपने विचारों का कश्मीर से कन्याकुमारी तक प्रचार-प्रसार कर उन्होंने जनसंघ को स्थापित किया। भारत का अखंड प्रवास कर वे जनसंघ के दीये के प्रकाश को देश के कोने-कोने में ले गए। हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हमें उनके साथ काम करने का अवसर मिला। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू से अपनी छोटी उम्र में संसद में बहस कर उन्होंने संसद में भी अपना विशिष्ट स्थान बनाया था। यही कारण था कि साल 1963 में पंडित नेहरू ने सदन में अटलजी का ओजस्वी भाषण सुनकर कहा था 'मै इस युवा में भारत का भविष्य देखता हूं'।

अटलजी कवि थे। लेखक थे। नेता थे और दार्शनिक थे। वे अति संवेदनशील थे। वे विचारों के प्रति प्रतिबद्ध रहे। पर विचारों को प्रकट करने में निडर भी रहे। उनकी आंखों के सामने पहले देश रहता था और दल बाद में आता था। अटलजी भारतीय राजनीति में विपक्ष की शान थे। सदैव विपक्ष में रहे पर देश का हर नागरिक यह कहता था कि अटलजी को एक न एक दिन प्रधानमंत्री बनना चाहिए। वे अपने दल में जितने लोकप्रिय थे, उससे भी अधिक अन्य खासकर विरोधी दलों में लोकप्रिय थे। विरोधी दलों के नेता यह कहते हुए सुने जाते थे कि काश हमारी पार्टी में कोई अटलजी होते। उनके समय में हार-जीत से ज्यादा महत्त्व राजनीति की मर्यादा और मानवता का था ।

अटलजी के जीवन का हर राजनीतिक प्रसंग हम भारतीयों का प्रेरणा देता है। वे जब स्वयं चुनाव हार गए और केवल दो सीटें भाजपा की आईं तब भी घबराए नहीं। उन्होंने कहा था कि हम चुनाव हारे हैं, मन नहीं हारे। अटलजी विपक्ष की राजनीति करते हुए तनाव में नहीं दिखे। अटलजी 'मैं' से दूर और 'हम' के करीब रहते थे। अजातशत्रु शब्द को उन्होंने प्यार से जिया। उनका कोई दुश्मन नहीं था। उन्होंने अपने जीवन से कभी झूठ नहीं बोला।

भारतीय राजनीति में आज तक वर्षों विपक्ष में रहते हुए अटलजी चिंतन, श्रद्धा के केंद्र देशवासियों के बीच बने, वैसा अब तक कोई दूसरा नहीं हुआ। विपक्ष की सत्ता में भूमिका, विपक्ष की सदन के भीतर भूमिका और विपक्ष की सड़कों पर कैसी भूमिका हो, को परिभाषित करने वाले भारत के अनूठे नेता थे अटलजी। भारतीय राजनीति में वर्षों विपक्ष में रहते हुए देश के प्रधानमंत्री बनने का सौभाग्य उन्हें मिला। वे भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बने जो गैर-कांग्रेसी थे। अटलजी भारतीय संसद के गौरव थे। वे भारतीय राजनीति के अद्वितीय आदर्श थे ।

अटलजी की वैचारिक प्रतिबद्धता प्रणाम करने लायक थी। ढांचा टूटा, वे दुखी हो गए। पत्रकार उनसे मिलने गए। पत्रकारों ने पूछा कि अब आप क्या करेंगे। अटलजी ने कहा कि ढांचा गिरना दुखद है। पर मैं सदन में नरसिंह राव जी से यह अवश्य जानना चाहूंगा कि आखिर यह परिस्थिति क्यों बनी? क्या सरकार इसके लिए जिम्मेदार नहीं है? अटलजी जनता पार्टी में थे। उन्होंने भारतीय जनसंघ का विलय लोकतंत्र के हित में आपातकाल के दौरान कर दिया। यहां तक कि अपना चुनाव निशान भी छोड़ दिया। लेकिन कुछ वर्षों बाद जनता पार्टी के कुछ नेताओं ने दोहरी सदस्यता की बात उठा दी। यहां तक कह दिया कि जो जनसंघ के घटक के लोग जनता पार्टी में हैं, उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सदस्यता छोड़नी होगी। अटलजी ने आरंभ में इसे हलके से ले लिया और कहा की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में भाई कोई सदस्यता नहीं होती है। पर जनता पार्टी के नेता नहीं माने। अटलजी और आडवाणीजी ने उस समय की जनता पार्टी के नेताओं को जो कहा वह उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता का अनमोल उदाहरण है। अटलजी ने कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमारी मातृ संस्था है। हम वहां से संस्कारित हुए हैं। हम राजनीति छोड़ सकते हैं, जनता पार्टी छोड़ सकते हैं, पर कभी भी संघ छोड़ने की बात नहीं कर सकते।

इसके बाद ही 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का जन्म हुआ। अटलजी पहले अध्यक्ष बने। उन्होंने भाजपा के मुंबई में हुए प्रथम सम्मेलन में कहा था-'अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा'। आज नरेंद्र मोदी और अमित शाह सच में भारत में ही नहीं, विश्व में भारत का परचम फहरा रहे हैं और अटलजी के भाजपा के प्रथम सम्मेलन में कही बात को पूरी तरह साकार कर रहे हैं। अटलजी काया से हमें छोड़कर गए, पर उनकी वैचारिक छाया के आंचल में हम सदैव पल्लवित होते रहेंगे।

(लेखक राज्यसभा के सांसद हैं)

देश में पहली बार नदी के नीचे मेट्रो

प्रभाकर मणि तिवारी
कोलकाता।

लगभग चार दशक पहले पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में देश का पहला मेट्रो रेलवे नेटवर्क बना था। मेट्रो के संचालन में पहले स्थान पर रहने वाला यह महानगर अब दो साल बाद एक और मामले में पहले स्थान पर रहने वाला है। वर्ष 2021 से हावड़ा और कोलकाता के बीच हुगली नदी के नीचे से मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा। इंग्लिश चैनल में बनी सुरंग की तर्ज पर भारत में यह अपने किस्म की पहली सेवा होगी। रेलवे ने नदी के नीचे 520 मीटर लंबी सुरंग का काम लगभग पूरा कर लिया है।

रेल मंत्री ने जताई प्रसन्नता

इस मेट्रो परियोजना की आधारशिला वर्ष 2009 में रखी गई थी। बीते दिनों महानगर के दौरे पर आए रेल मंत्री पीयूष गोयल ने भी इस सुरंग के तैयार होने पर खुशी जताते हुए कहा था कि इंजीनियरिंग का यह उत्कृष्ट नमूना कोलकाता ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। गोयल ने कहा कि यह परियोजना देश में रेलवे की प्रगति का प्रतीक है।

रोजाना 10 लाख यात्री सफर करेंगे

मेट्रो रेलवे के सूत्रों ने बताया कि सुरंग का निर्माण नदी के तल से 30 मीटर नीचे किया गया है। इस रूट पर सफर करने वाले यात्री नदी को एक मिनट में पार

बंगाल

कर लेंगे। यह सुरंग महानगर की ईस्ट-वेस्ट मेट्रो परियोजना का हिस्सा है। इस परियोजना का मास्टर प्लान वैसे तो वर्ष 1971 में ही तैयार कर लिया गया था। लेकिन दिल्ली मेट्रो नेटवर्क की कामयाबी के बाद वर्ष 2008 में इसे हरी झंडी मिली। अधिकारियों का कहना है कि 16.6 किलोमीटर लंबे इस नेटवर्क पर वर्ष 2035 तक रोजाना 10 लाख यात्री सफर करेंगे।

हावड़ा ब्रिज के जाम से मिलेगी निजात

इस परियोजना का 5.8 किलोमीटर हिस्सा जमीन के ऊपर होगा और बाकी जमीन के नीचे। इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों की गति 80 किलोमीटर प्रति घंटे होगी। मेट्रो के एक अधिकारी बताते हैं कि हुगली के नीचे बनी सुरंग से होकर सफर करना यात्रियों के लिए एक रोमांचक अनुभव होगा। वे सतह से दस-मंजिली इमारत की गहराई में लगभग आधा किलोमीटर का सफर करेंगे। इस लाइन के शुरू हो जाने पर हावड़ा और कोलकाता के बीच रोजाना सफर करने वाले लाखों यात्रियों को आवाजाही में काफी सहूलियत हो जाएगी। फिलहाल उनको हावड़ा ब्रिज के ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ता है या फिर हुगली में चलने वाली लांच सेवा पर निर्भर रहना पड़ता है। हुगली के एक सिरे पर हावड़ा स्टेशन होगा और दूसरे पर राइटर्स बिल्डिंग।

जर्मनी से लाई गई दो टनेल बोरिंग मशीनें

मेट्रो रेलवे सूत्रों ने बताया कि हुगली के नीचे सुरंग के निर्माण का काम अप्रैल, 2017 में शुरू हुआ था। इसके लिए जर्मनी से रचना और प्रेरणा नामक दो टनेल बोरिंग मशीनों को कई हिस्सों में यहां लाकर जोड़ा गया था। इन आधुनिकतम मशीनों की वजह से सुरंगों के निर्माण के दौरान जमीन की सतह पर ट्रैफिक की आवाजाही पर कोई असर नहीं पड़ा।

सुरंगों का निर्माण रेकॉर्ड 66 दिनों में पूरा

अप और डाउन लाइन की दोनों सुरंगों के निर्माण का काम रिकार्ड 66 दिनों में पूरा हो गया। इस परियोजना के चीफ इंजीनियर परशुराम सिंह ने दो साल पहले निर्माण का काम शुरू होने के समय कहा था कि कोलकाता को देश की पहली मेट्रो सेवा शुरू करने का गौरव हासिल है। अब उसे नदी के नीचे देश की पहली मेट्रो सेवा शुरू होने का भी गौरव हासिल हो जाएगा।

पर्यटकों के लिए सुविधाएं नहीं बढ़ीं

राजीव जैन
जयपुर।

राजस्थान में पर्यटन सीजन की शुरुआत होने वाली है, पर पर्यटकों की सुविधाओं की तरफ सरकार का कोई ध्यान ही नहीं है। प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं के लिए बना पर्यटन विकास निगम तो बदहाली की तरफ बढ़ गया है। साथ में सरकार का पर्यटन विभाग भी अपने नियम और कानूनों की धज्जियां उड़ाने में लगा है। पर्यटन विकास निगम की बदइंतजामी के कारण उसके होटल अब बंद होने के कगार पर हैं तो निगम का भी घाटा बढ़ कर अब 180 करोड़ रुपए से ज्यादा का हो गया है।

पर्यटन के क्षेत्र में नई छलांग लगाने वाले राजस्थान में अब पर्यटकों को सुविधाओं के लिए तरसना पड़ता है। प्रदेश में अक्तूबर से पर्यटन सीजन परवान चढ़ता है जो मार्च तक रहता है। इस दौरान लाखों की तादाद में पर्यटक राजस्थान में सैर सपाटे के लिए आते हैं और यहां के ऐतिहासिक महल, किले और अन्य स्थलों का भ्रमण करते हैं। मुनासिब दामों पर पर्यटकों को सुविधा मुहैया करवाने के लिए पर्यटन विकास निगम शुरू किया गया था। लेकिन घाटे के चलते पर्यटन विकास निगम बंद होने की कगार पर पहुंच गया है। सरकार इसके कई होटलों के साथ दूसरे प्रदेशों में स्थित पर्यटक केंद्रों को भी बंद करती जा रही है। निगम के पास प्रदेश के कई शहरों में बेशकीमती इलाकों में अपनी जमीन पर होटल है और अब इन्हें निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर ली गई है।

राजस्थान

निगम ने बीते साल अपनी 15 यूनिटें बंद कर दी हैं। इससे पहले उसकी 27 यूनिटें सिर्फ घाटे के नाम पर बंद कर दी गई थीं। निगम ने घाटा कम करने के लिए अब तक 500 कर्मचारियों को दूसरे महकमों में समायोजित कर दिया है। इन कर्मचारियों को 2014 से ही दूसरे विभागों में भेजना शुरू कर दिया गया था। इससे घाटा तो कम नहीं हुआ। उलटे और बढ़ता चला गया। राजस्थान पर्यटन विकास निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष तेज सिंह राठौड़ का कहना है कि घाटे के नाम पर निगम की यूनिटें साजिश के तहत बंद की जा रही हैं। इन्हें निजी हाथों में सौंपने के लिए ही निगम को बंद करवाया जा रहा है। इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और निगम के आय के सारे स्त्रोत बंद किए जा रहे हैं। इसे घाटे को षड्यंत्र के तहत पहुंचाया गया है।

पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह का कहना है कि सरकार प्रदेश में पर्यटन विकास के लिए कई कदम उठा रही है। इसके चलते ही प्रदेश में पर्यटकों की आवक को पहले की तुलना में ज्यादा करने की योजनाएं लागू की जा रही हैं। पर्यटन विकास निगम और पर्यटन विभाग के तालमेल के साथ आकर्षण वाली योजना बनाई जा रही है। पर्यटकों की सुविधाओं की तरफ पूरा ध्यान दिया जा रहा है। विदेशी पर्यटकों के लिए राजस्थान खास आकर्षण का केंद्र है। प्रदेश से बाहर के पर्यटक सहायता केंद्रों को बंद नहीं कर उन्हें मजबूती देने के प्रयास किए जा रहे है। पर्यटकों की मदद करने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

2021 कुंभ की तैयारी में अभी से जुटा प्रशासन

सुनील दत्त पांडेय
देहरादून।

2021 में हरिद्वार में लगने वाले कुंभ मेला का आगाज अभी से हो गया है। राज्य सरकार ने डेढ़ साल पहले ही कुंभ मेले की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मेले की प्रशासनिक व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों की तैनाती भी कर दी गई है। राज्य सरकार की योजना हरिद्वार कुंभ को भव्य व दिव्य बनाने की है। प्रयागराज के कुंभ से भी बड़े आयोजन के रूप में राज्य सरकार कुंभ की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। कुंभ के मार्फत राज्य को पर्यटन प्रदेश के रूप में पूरे विश्व के पर्यटन मानचित्र में राज्य सरकार स्थापित करना चाहती है।

हरिद्वार कुंभ की व्यवस्थाओं के लिए राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से पांच हजार करोड़ रुपए की मांग की है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने केंद्र को कुंभ क्षेत्र हरिद्वार के विस्तार का प्रस्ताव भेजा है। इसके अलावा कुंभ क्षेत्र में अन्य विकास योजनाओं के भी प्रस्ताव केंद्र को भेजे गए हैं। ताकि कुंभ नगरी को आलीशान रूप दिया जा सके।

2010 के हरिद्वार कुंभ मेले में केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को सात सौ करोड़ रुपए का बजट जारी किया था। इस बार राज्य सरकार ने कुंभ क्षेत्र में स्थायी कार्य अधिक से अधिक कराने की योजना बनाई है। इस समय कुंभ क्षेत्र 132 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फेला हुआ है। इसमें हरिद्वार, ऋषिकेश, पौड़ी गढ़वाल का नीलकंठ क्षेत्र शामिल है। कुंभ क्षेत्र हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, पौड़ी समेत चार जिलों में फैला हुआ है। इन चारों जिलों के आंशिक क्षेत्रों को मिलाकर कुंभ मेला क्षेत्र बनाया गया है। हरिद्वार जिले की विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं ने कुंभ क्षेत्र हरिद्वार में पूरा हरिद्वार जिला शामिल करने की मांग की है। ताकि कुंभ के बहाने हरिद्वार जिले का विकास हो सके। हरिद्वार कुंभ मेले में सबसे ज्यादा कुंभ स्नानपर्व होते हैं। जनवरी की कड़ाके की सर्दी से हरिद्वार के कुंभ मेले का आगाज होता है और वैशाख की तपती गर्मी में कुंभ का समापन होता है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक हरिद्वार कुंभ मेला 2010 में चार महीने में 11 स्नानों में करीब आठ करोड़ श्रद्धालुओं ने शिरकत की थी। जिनमें सबसे ज्यादा करीबन सवा करोड़ श्रद्धालुओं ने कुंभ के मुख्य स्नानपर्व 14 अप्रैल को मेष संक्रांति के दिन गंगा में डुबकी लगाई थी। इस बार मेला प्रशासन ने कुंभ महापर्व में 10 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया है। इसी को देखते हुए मेला क्षेत्र के विस्तार करने की योजना मेला प्रशासन ने बनाई है। कुंभ मेला क्षेत्र का विस्तार हरिद्वार के पूर्व दिशा की ओर गंगा तट के बिजनौर क्षेत्र की ओर से लगने वाली जगह पर किया जाएगा। इनमें गौरी शंकर द्वीप, कांगड़ी, श्यामपुर, मिस्सरपुर और अजीतपुर के गंगा तट का क्षेत्र शामिल है।

कुंभ मेले के नोडल मंत्री मदन कौशिक ने बताया कि कुंभ के लिए केंद्र सरकार से पांच सौ हाईटेक बसें मांगी गई हैं। कुंभनगरी में गंगा तट पर हरकी पैड़ी समेत चार नए आस्था पथ बनाए जाएंगे। कुंभ मेले में आने वाली संभावित भीड़ को देखते हुए बहादराबाद से धनौरी, भगवानपुर सड़कमार्ग व हरिद्वार जिला मुख्यालय रोशनाबाद से बुग्गावाला, बिहारीगढ़ सड़कमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में निर्माण किया जाएगा। हरिद्वार में रिंग रोड के पहले चरण को केंद्र सरकार की स्वीकृति मिल गई है और जल्दी ही जगजीतपुर-श्यामपुर क्षेत्र को जोड़ने वाले ढाई किलोमीटर लंबे पुल का निर्माण किया जाएगा।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि का कहना है कि हरिद्वार में 2010 में कुंभ मेले में आई भीड़ को देखते हुए मौजूदा कुंभनगरी हरिद्वार बहुत छोटी पड़ गई थी और 2021 के कुंभ मेले में ज्यादा तादाद में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसको देखते हुए कुंभ मेला क्षेत्र का विस्तार किया जाए और पूरे हरिद्वार जिले को कुंभ मेला क्षेत्र में शामिल किया जाए। साथ ही कुंभ मेला भूमि से अवैध कब्जे हटाने के लिए प्रशासन तत्काल कार्रवाई करे।

हरिद्वार के कुंभ मेलाधिकारी दीपक रावत का कहना है कि कुंभ मेला क्षेत्र की जितनी भी भूमि पर अवैध कब्जे हैं, उन सबको हटाया जाएगा। इस संबंध में मेला प्रशासन की ओर से सिंचाई विभाग समेत अन्य सभी विभागों से अवैध कब्जों की सूची मांगी गई है। सूची मिलने के बाद अवैध कब्जे हटाने की कार्यवाही व्यापक स्तर पर की जाएगी। इस बार कुंभ मेला क्षेत्र का विस्तार किया जाएगा। साथ ही कुंभ मेले में अधिक से अधिक स्थायी कार्य कराए जाएंगे। गंगा नदी के विभिन्न क्षेत्रों में बने कई अस्थायी पुल स्थायी किए जाएंगे।

कुंभ मेला पुलिस महानिरीक्षक संजय गुंज्याल का कहना है कि 2021 का कुंभ महापर्व कई मायनों में बेहद चुनौतीपूर्ण है। खासकर आंतरिक सुरक्षा, यातायात, भीड़ प्रबंधन जैसे प्रमुख मुद्दों को लेकर अत्यंत व्यवस्थित रणनीति बनाना हमारी पहली प्राथमिकता है। ताकि कुंभ मेला सकुशल संपन्न करवाया जा सके। रेलवे को लेकर भी एक नई रणनीति बनाई जाएगी। एक अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त मेला कंट्रोल रूम का निर्माण किया जाएगा।

उत्तराखंड

रतुल पुरी की अग्रिम जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई

नई दिल्ली, 13 अगस्त (भाषा)।

दिल्ली हाई कोर्ट धनशोधन के मामले में रतुल पुरी की अग्रिम जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई करेगा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे और कारोबारी रतुल पुरी रद्द हो चुके 3,600 करोड़ रुपए के अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाले से जुड़े एक धनशोधन के मामले में आरोपी हैं।

न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता को पुरी के वकील ने सूचित किया कि हाई कोर्ट की एक पीठ ने उनके मुवक्किल की एक अन्य याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा है। अग्रिम जमानत याचिका उन्हीं न्यायाधीश को स्थानांतरित की जाएगी। न्यायमूर्ति गुप्ता ने अग्रिम जमानत याचिका को न्यायमूर्ति सुनील गौड़ को भेज दिया जिसपर बुधवार को सुनवाई की जाएगी। पुरी ने अधिवक्ता विजय अग्रवाल के जरिए हाई कोर्ट से संपर्क किया और अग्रिम जमानत देने से इनकार किए जाने के निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी।

सात राज्यों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाया एक लाख तक का जुर्माना

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अगस्त।

- मानवाधिकार अदालतों की स्थापना के बारे में जवाब दाखिल नहीं करने वाले राज्यों पर लगा जुर्माना।

मानवाधिकार अदालतों की स्थापना के बारे में जवाब दाखिल नहीं करने वाले सात राज्यों पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया है। सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2018 को इस बाबत निर्देश जारी किए थे। अदालत ने राजस्थान और उत्तराखंड पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए कहा कि इन राज्यों ने न तो जवाब दाखिल किया और न ही सुनवाई के दौरान उनके वकील मौजूद रहे।

न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ को बताया गया कि तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, ओड़ीशा, मेघालय और मिजोरम ने अभी तक जवाब दाखिल नहीं किया है। इसके बाद इन राज्यों पर पचास-पचास हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। पीठ ने कहा कि जुर्माने की रकम का भुगतान करने के साथ ही ये सात राज्य चार हफ्ते के भीतर अपना जवाब दाखिल कर सकते हैं। जुर्माने की राशि का इस्तेमाल किशोरों से संबंधित मामलों में किया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अपील पर चार जनवरी 2018 को मानवाधिकार संरक्षण कानून, 1993 के प्रावधानों के तहत मानवाधिकार अदालतें गठित करने और विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति के बारे में राज्यों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में अनाथ बच्चों के अधिकारों का गंभीर रूप से हनन होने से संबंधित एक मामले की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।

शीर्ष अदालत को मंगलवार को बताया गया कि मामले में सभी राज्यों में मानवाधिकार अदालतों की स्थापना और विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति का मसला है। पीठ ने कहा कि एक अन्य मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने 25 जुलाई को निर्देश दिया था कि बाल यौन उत्पीड़न से संबंधित एक सौ से अधिक प्राथमिकी वाले प्रत्येक जिले में केंद्र से वित्त पोषित अदालत गठित की जाए। जो सिर्फ इन्हीं मुकदमों की सुनवाई करेगी। पीठ ने कहा, 'हम नहीं समझते कि विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति के बारे में किसी और आदेश की आवश्यकता है। अदालत इस मामले में अब छह हफ्ते बाद आगे की सुनवाई करेगी।

SBI
एंटरप्राइज व टेक्नोलॉजी आर्किटेक्चर (E&TA) विभाग,
स्टेट बैंक ग्लोबल आईटी सेन्टर, सेक्टर 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई – 400 614.

शुद्धिपत्र-3

कृपया "एंटरप्राइज आर्किटेक्चर (ईए) टूल के प्राप्ति, संस्थापन, सेटअप और रखरखाव" के लिए आरएफपी नं. एसबीआई/जीआईटीसी/एंटरप्राइज एंड टेक्नोलॉजी आर्किटेक्चर/2019/2020/617 दिनांकित 23/07/2019 का संदर्भ लें. **शुद्धिपत्र-3** बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi** पर 'प्रोक्योरमेंट न्यूज' के अंतर्गत उपलब्ध है.

स्थान: नवी मुंबई
दिनांक: 14.08.2019
हस्ता/-
प्रमुख (E & TA)

हॉवर्ड होटल्स लिमिटेड
पंजी. कार्या.: 20, मौर्य कॉम्प्लेक्स, बी-28 सुभाष चौक, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092
कारपोरेट कार्यालय: होटल हॉवर्ड प्लाजा, फतेहाबाद रोड, आगरा-282001
CIN: L64120DL1991PLC045172, **फोन:** 0562-404-8600, **फैक्स:** 0562-404-8666
ईमेल: info@howardhotelsltd.com, **वेबसाइट:** www.howardhotelsltd.com

30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों का उद्धरण

(रू. लाखों में प्रति शेयर डेटा के अतिरिक्त)

क्र सं	विवरण	समाप्त तिमाही		
		अनंकेक्षित		(समीक्षित)
		जून-19		जून-18
1.	प्रचालन से कुल आय	175.44		186.44
2.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर और अपवादात्मक मदों से पूर्व)	(69.01)		(65.30)
3.	कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादात्मक मदों के बाद)	(69.01)		(65.30)
4.	कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)	(69.01)		(65.30)
5.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल]	(69.01)		(65.30)
6.	इक्विटी शेयर पूंजी (भुगतान किया हुआ)	911.32		911.32
7.	रिजर्व्स (पिछले वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट के रूप में दिखाया गया पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर)	NA		NA
8.	प्रति शेयर आय (प्रत्येक रू 10/- में) (जारी व बंद प्रचालनों के लिए)			
	1. बेसिक:	(0.76)		(0.72)
	2. डायल्यूटिड:	(0.76)		(0.72)

नोट: (ए) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन अनिवार्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के अनुसार, स्टॉक एक्सचेंज के साथ दर्ज की गई त्रैमासिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत उद्धरण हैं। त्रैमासिक वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.howardhotelsltd.com तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com पर उपलब्ध है। **(बी)** 13 अगस्त, 2019 को आयोजित बैठक में उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है। परिणामों की समीक्षा कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है।

कृते और निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता./-
निरविकार नाथ मित्तल
(पूर्णकालिक निदेशक)
DIN- 00536470

स्थान: आगरा
तिथि: 13 अगस्त, 2019

CAMAC COMMERCIAL COMPANY LIMITED
(CIN: L70109DL1980PLC169318)
Regd Office: 1st Floor, Express Building, 9-10, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi - 110 002 | Email: camaccommercial@gmail.com, Phone No.: 7303495374, Website: www.camaccommercial.com

REVISED NOTICE

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulation, 2015, the notice is hereby given that a Meeting of the Board of Directors of the Company is re- scheduled to be held on Tuesday, August 27, 2019 to consider and approve, *inter-alia*, the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended June 30, 2019.

This revised notice supersedes the notice published on August 08, 2019. Inconvenience caused be regretted.

The above information is also available on the website of the Company www.camaccommercial.com and sent to the Calcutta Stock Exchange Ltd.

Place: New Delhi
Date: 13/08/2019

By **Order of the Board**
For **Camac Commercial Company Limited**
Sd/-
Monisha Saraf
(Director)
DIN-07503642

JINDAL CAPITAL LTD.
Regd. Office: 79-a, Kamla Nagar, Delhi - 110007 CIN: L 74899 DL 1994 PLC 059720
Website: www.jindalcapital.in E-mail: info@jindalcapital.in

Extract of the Standalone Audited Results for the Quarter ended June 30, 2019

(Rs. In Lakhs)

S. No.	Particulars	Qtr ended 30.06.19 (unaudited)	Year ended 31.03.2019 (audited)	Qtr ended 30.06.18 (unaudited)
1	Total Income from Operations (net)	329.87	1120.65	458.84
2	Net Profit/(Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary item)	-1.37	10.45	-12.66
3	Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary item)	-1.37	10.45	-12.66
4	Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary item)	-1.39	4.23	-12.66
5	Total Comprehensive Income for the period (Compnsing profit/(loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)	-1.39	4.23	-12.66
6	Equity Share Capital	720.81	720.81	720.81
7	Reserves (excluding Revaluation Reserves as shown in the Balance Sheet of previous year)	28.60	29.99	12.04
8	Earning Per Share (of Rs 10/- each)			
	(a) Basic	0.00	0.06	-0.20
	(b) Diluted	0.00	0.06	-0.20

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the website of Bombay Stock Exchange (www.bseindia.com) and website of the Company (www.jindalcapital.in)

For and on Behalf of the Board
Sd/-
Pawan Kumar Jindal
Chairman
DIN: 00524690

Place: Delhi
Date: August 13, 2019

राइट्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
सीआईएन न. : L74899DL1974GOI007227

RITES
THE INFRASTRUCTURE PEOPLE

30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिये अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	स्टैंडलोन				समेकित			
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष
		30.06.2019 (अनंकेक्षित)	31.03.2019 (अंकेक्षित)	30.06.2018 (अनंकेक्षित)	31.03.2019 (अंकेक्षित)	30.06.2019 (अनंकेक्षित)	31.03.2019 (अंकेक्षित)	30.06.2018 (अनंकेक्षित)	31.03.2019 (अंकेक्षित)
1	प्रचालनों से राजस्व	519.22	713.59	310.60	1,968.97	537.65	737.26	332.32	2,047.45
2	अन्य आय	34.30	51.47	57.58	195.20	34.98	51.93	57.84	192.18
3	कुल राजस्व	553.52	765.06	368.18	2,164.17	572.63	789.19	390.16	2,239.63
4	कर पूर्व निवल लाभ/(हानि)*	141.04	206.02	121.40	676.72	154.00	228.22	136.51	730.05
5	कर पश्चात निवल लाभ/(हानि)*	92.62	132.76	80.90	444.65	102.08	150.38	91.71	489.77
6	कुल समग्र आय [लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य समग्र आय (कर पश्चात)]	89.52	133.36	82.78	442.95	99.03	150.98	93.52	487.93
7	इक्विटी शेयर पूंजी	200.00	200.00	200.00	200.00	200.00	200.00	200.00	200.00
8	अन्य इक्विटी				2,183.83				2,222.70
9	प्रति शेयर आय (ईपीएस)**								
	बेसिक (₹)	4.63	6.64	4.05	22.23	4.90	7.26	4.35	23.48
	डाइल्यूटेड (₹)	4.63	6.64	4.05	22.23	4.90	7.26	4.35	23.48

*अवधि के दौरान किसी प्रकार की असाधारण मद नहीं थी।

**30 जून, 2019, 31 मार्च 2019 तथा 30 जून 2018 को समाप्त तिमाही के लिए ईपीएस को एन्युअलाइज नहीं किया गया है।

टिप्पणियां:

1. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति ने समीक्षा की है और निदेशक मंडल ने 13 अगस्त, 2019 को हुई बैठक में इनका अनुमोदन कर दिया गया है। वैधानिक लेखा परीक्षकों ने वित्तीय विवरण की सीमित समीक्षा की है।
